RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 11 अंक 354
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 2 नवंबर, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



दिल से संवाद करें मेइती और कुकी समुदाय

राष्ट्रीय-11

# गाजा में दूसरे दिन शरणार्थी शिविरों पर हवाई हमले

- जॉर्डन ने गाजा में जारी युद्ध के विरोध में इजराइल से अपने राजदूत को वापस बुलाया, बोलीविया ने राजनयिक संबंध खत्म किए
- विदेशी पासपोर्ट धारको ने राफा क्रॉसिंग के जरिए गाजा से मिस्र में किया प्रवेश

**एजेंसी।** राफा

**गाजा** में हमास द्वारा संचालित सरकार ने दावा किया है कि इजराइल ने लगातार दूसरे दिन गाजा शहर के पास एक शरणार्थी शिविर में रिहाइशी इमारतों को हवाई हमलों में निशाना बनाया, जिससे कई लोग हताहत हुए हैं। बुधवार को किए गए हमले में हताहतों की संख्या का तत्काल पता नहीं चल पाया। उत्तरी गाजा से रिपोर्टिंग कर रहे अल-जज़ीरा टेलीविजन चैनल ने तबाही और बच्चों सहित घायलों को अस्पताल लाए जाने की फुटेज प्रसारित की। इस बीच, अमेरिका के प्रमुख सहयोगी जॉर्डन ने गाजा में मानवीय आपदा का विरोध करते हुए इजराइल से अपने राजदूत को वापस बुला लिया है और इजराइली राजदूत को उनके देश लौटने के लिए कहा है।

जॉर्डन के उप प्रधानमंत्री तथा विदेश मंत्री अयमन अल-सफदी ने कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि इजराइल गाजा में युद्ध और उसकी वजह से हो रहे नुकसान को रोके। जॉर्डन ने 1994 में इजराइल के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए थे और मिस्र के बाद ऐसा करने वाला वह दूसरा अरब देश बन गया था। वहीं बोलीविया सरकार ने गाजा पट्टी में हमास उग्रवादियों के खिलाफ इजराइली सैन्य हमले को समाप्त करने का आह्वान करते हुए इजराइल के साथ राजनयिक संबंध खत्म कर दिए। बोलीविया के उप विदेश मंत्री फ्रेडी ममानी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, 'बोलीविया ने गाजा पट्टी में जारी भीषण इजराइली सैन्य हमले की निंदा करते हुए इजराइल के साथ राजनयिक संबंध तोड़ने का फैसला किया है।' देश के वामपंथी राष्ट्रपति लुइस अर्से लंबे समय से इज़राइल के आलोचक रहे हैं और इससे पहले 2009 में गाजा से जुड़ी लड़ाई को लेकर उन्होंने इज़राइल के साथ राजनयिक संबंध तोड़ दिए थे। साल 2020 में राजनयिक संबंध फिर से बहाल हुए थे। इससे पहले इजराइली सेना द्वारा मंगलवार को किए गए हवाई हमलों ने गाजा शहर के समीप एक शरणार्थी शिविर में अपार्टमेंट इमारतों को ध्वस्त कर दिया। इस दौरान सामने आई फुटेज में बचावकर्मी पुरुषों, महिलाओं और बच्चों को मलबे से बाहर निकालते हुए दिखे। इजराइल ने कहा कि हमले में घरों में स्थापित हमास के कमांड सेंटर और नीचे फैले सुरंगों के नेटवर्क को नष्ट कर दिया गया। जबालिया शिविर पर हुए हमले में मृतकों की तत्काल जानकारी साझा नहीं की गई है। वहीं, इजराइली सेना ने कहा कि उत्तरी गाजा में हमास के अभियानों की देखरेख करने वाले कमांडर सहित बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे गए। हमले में घायल लोगों को करीब के अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ अतेफ एल-कहलोत ने कहा कि सैंकड़ों की संख्या में लोग मारे गए या घायल हुए हैं लेकिन आंकड़ों की स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा सकती। इस हमले ने दोनों पक्षों यानी इजराइली सेना और हमास में हताहतों की संख्या में बढ़ोतरी को रेखांकित किया है। आतंकवादियों के खिलाफ सेना गाजा पट्टी के उत्तर में घने आवासीय इलाकों की ओर आगे बढ़ रही है। इजराइल ने सात अक्टूबर को किए गए हमले के बाद हमास को मिटाने का संकल्प लिया है। इजराइल ने कहा कि उत्तरी गाजा में चल रहे युद्ध में उसके दो सैनिक मारे गए।

यह पहली सैन्य मौत है जो पिछले सप्ताह के अंत में छोटे भूमध्यसागरीय क्षेत्र में जमीनी हमले में तेजी आने के बाद हुई। इस बीच, दर्जनों विदेशी पासपोर्ट धारक बुधवार को राफा क्रॉसिंग के जरिए गाजा से मिस्र में प्रवेश करते नजर आए। ऐसा प्रतीत होता है कि तीन सप्ताह से अधिक समय पहले इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से विदेशी पासपोर्ट धारकों को इस क्षेत्र से बाहर जाने की अनुमति पहली बार दी गई है। हाल के सप्ताहों में अलग-अलग समय पर सैकड़ों लोग इस क्रॉसिंग पर एकत्र हुए हैं, लेकिन मिस्र, इजराइल और हमास के बीच असहमति के कारण उन्हें निकलने की अनुमति नहीं दी गई है। हमास द्वारा रिहा किए गए चार बंधकों को छोड़कर किसी को भी गाजा छोड़ने की अनुमति नहीं दी गई है। इस सप्ताह की शुरुआत में इजराइली बलों ने एक और बंदी को बचाया था। मिस्र के सरकारी मीडिया ने बताया कि 80 से अधिक घायल फलस्तीनियों को चिकित्सा उपचार के लिए बुधवार को गाजा से मिस्र लाया जाएगा। एम्बुलेंस को मिस्र की ओर से राफा क्रॉसिंग में प्रवेश करते देखा गया, और पास के शहर शेखजुवेद में एक फील्ड अस्पताल स्थापित किया गया है। मिस्र ने कहा है कि वह फलस्तीनी शरणार्थियों की आमद को स्वीकार नहीं करेगा क्योंकि डर है कि इजराइल उन्हें युद्ध के बाद गाजा लौटने की अनुमति नहीं देगा। बुधवार तड़के सेवा प्रदाता पाल्टेल और जव्वाल ने गाजा में संचार और इंटरनेट सेवाओं के पूर्णतः बाधित होने की सूचना दी। यह पांच दिन के अंदर दूसरी बार संचार सेवाओं में आई व्यापक बाधा है। मानवीय सहायता एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि गाजा में पहले से ही गंभीर स्थिति में इस तरह के ब्लैकआउट उनके काम को गंभीर रूप से बाधित करते हैं। गाजा में हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल-हमास युद्ध में मरने वाले फलस्तीनियों की संख्या 8,525 तक पहुंच गई है। कब्जे वाले वेस्ट बैंक में हिंसा और इजराइल की छापेमारी में 122 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं।



गाजा में इजराइली युद्धक विमानों की बमबारी के बाद तबाह इमारतों को देखते फलस्तीनी

# नई ऊंचाइयां छू रहे भारत और बांग्लादेश संबंध: मोदी

- कहा-पिछले नौ वर्षों में दोनों ने मिलकर जितना काम किया है, उतना काम कई दशकों में भी नहीं हुआ, अपनी समकक्ष शेख हसीना के साथ डिजिटल माध्यम से तीन विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

**एजेंसी।** अगरतला




नई दिल्ली में बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बांग्लादेश की उनकी समकक्ष शेख हसीना ने वीडियो कांफ्रेंस के जरिये तीन संयुक्त विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को बांग्लादेश की अपनी समकक्ष शेख हसीना के साथ डिजिटल माध्यम से तीन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया और कहा कि दोनों देशों के संबंध निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं तथा पिछले नौ वर्षों में दोनों ने मिलकर जितना काम किया है, उतना काम कई दशकों में भी नहीं हुआ।

मोदी और हसीना ने जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया उनमें त्रिपुरा के निश्चिंतपुर और बांग्लादेश के गंगासागर के बीच एक महत्वपूर्ण रेल संपर्क, 65 किलोमीटर लंबी खुलना-मोंगला बंदरगाह रेल लाइन और बांग्लादेश के रामपाल में मैत्री सुपर थर्मल पावर प्लांट की दूसरी इकाई शामिल हैं। करीब 15 किलोमीटर लंबे अगरतला-अखौरा क्रॉस बॉर्डर रेल संपर्क से सीमा पार व्यापार को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है और ढाका के रास्ते अगरतला तथा कोलकाता के बीच यात्रा के समय में काफी कमी आएगी। मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हसीना के साथ बातचीत में कहा, यह खुशी की बात है कि हम भारत-बांग्लादेश सहयोग की सफलता का जश्न मनाने के लिए एक बार फिर जुड़े हैं। उन्होंने कहा, हमारे संबंध निरंतर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में हमने मिलकर जितना काम किया है, उतना काम कई दशकों में भी नहीं हुआ था। हसीना ने कहा कि तीनों परियोजनाएं दोनों देशों के बीच बुनियादी ढांचे के विकास में सहयोग को और मजबूत करेंगी।

उन्होंने कहा, इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं का संयुक्त उद्घाटन दिखाता है कि हमारे बीच दोस्ती और सहयोग का मजबूत बंधन है... मैं सितंबर में जी20 शिखर सम्मेलन के लिए मेरी यात्रा के दौरान गर्मजोशी भरे आतिथ्य के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद भी देती हूं। मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता की बहाली के लिए दोनों देशों के बीच दशकों से लंबित, जमीन सीमा समझौता किया गया और समुद्री सीमा संबंधी मामलों को भी सुलझाया गया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के लोगों की साझा अपेक्षाओं और आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए भारत-बांग्लादेश ने अवसंरचना और संपर्क के विकास पर विशेष बल दिया। पिछले नौ वर्षों में तीन नई बस सेवाएं और तीन नई रेल सेवाएं शुरू किए जाने का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि साल 2020 से तो भारत-बांग्लादेश के बीच कंटेनर और पार्सल ट्रेन भी चल रही हैं। उन्होंने कहा, पिछले नौ वर्षों में समुद्री मार्ग को सवारी और माल के यातायात के लिए विकसित किया गया। इसी रास्ते से बांग्लादेश से त्रिपुरा के लिए निर्यात का रास्ता खुल गया है। मोदी ने कहा कि भारत ( शेष पेज 9 )

# मुश्किल भरी राह है इंडिया गठबंधन की

**दीपक कुमार झा।** नई दिल्ली

- पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिए एक राय न हो पाना, साथ ही आप और टीएमसी जैसी पार्टियों का मुश्किल में फंसना समेत कई दिक्कतें

**विपक्षी** दलों के पांच महीने पुराने गठबंधन इंडिया की परेशानी कम नहीं हो रही है। इसके प्रमुख घटक दलों के शीर्ष नेता शरद पवार, सीताराम येचुरी, उमर अब्दुल्ला और अखिलेश यादव सभी 'गठबंधन में समस्या' के बारे में चिंता व्यक्त कर रहे हैं। इस महीने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस सतर्क कदम से आगे बढ़ रही हैं।

आप और तृणमूल कांग्रेस जैसी दूसरी बड़ी पार्टियां खुद मुसीबत में फंस गई हैं क्योंकि आबकारी नीति मामले में अरविंद केजरीवाल और उनके करीबी विश्वासपात्रों को जांच की आंच का सामना करना पड़ रहा है। जबकि ममता बनर्जी की पार्टी अपनी लोकसभा सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ संसद में पैसे के बदले सवाल पूछने के आरोपों पर घिरी हुई है। केजरीवाल को बृहस्पतिवार को ईडी की जांच का सामना करना पड़ेगा, जबकि मोइत्रा को उसी दिन लोकसभा आचार समिति के सामने पेश होना है। आप और टीएमसी दोनों ने इस कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया है और पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कैश फॉर क्वेरी प्रकरण में चुप्पी साध रखी है। बनर्जी ने भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले सभी विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार करने और 'खाली देश' में अपने लिए वोट डालने की साजिश रच रही है। इंडिया की कोई अगली बैठक निर्धारित नहीं होने के कारण कुछ गठबंधन सहयोगियों के सूत्रों ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में गठबंधन भागीदारों के बीच समझ अच्छी होगी, लेकिन कांग्रेस और अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी (सपा) के बीच मतभेद सार्वजनिक रूप से सामने आ रहे हैं। इसके अलावा हाल ही में महुआ मोइत्रा प्रकरण, इसके बाद केजरीवाल को ईडी द्वारा समन भेजा जाना, गठबंधन के आत्मविश्वास को थोड़ा हिला दिया है, जैसा कि पहले पटना, उसके बाद बेंगलुरु और फिर अगस्त में मुंबई में हुई बैठक के बाद से बढ़ रहा था।

राकांपा प्रमुख शरद पवार ने पिछले शनिवार को कहा था कि हालांकि भारत गठबंधन के सदस्यों के बीच राज्य स्तर पर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन एक भावना यह भी है कि सभी को लोकसभा चुनाव मिलकर लड़ना चाहिए। अगली बैठक में आम चुनावों के लिए सीटों के बंटवारे पर चर्चा होनी थी। उन्होंने कहा कि राज्य चुनावों में यह उतना आसान नहीं है जितना लोकसभा चुनावों में है। हमारे सहयोगियों के बीच निश्चित रूप से यह भावना है कि हमें लोकसभा चुनावों के लिए एक साथ आना होगा। कुछ राज्यों के चुनाव में दिक्कत आ रही है, लेकिन लोकसभा के लिए यह भावना है कि हमें साथ मिलकर काम करना चाहिए।' पवार ने पश्चिम ( शेष पेज 9 )



विश्व कप क्रिकेट

- **परिणाम:** दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 190 रन से हराया
- **आज:** भारत और श्रीलंका

## क्विक न्यूज

### नौसेना ने बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने बुधवार को कहा कि उसने बंगाल की खाड़ी में अपने युद्धपोत से ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया। नौसेना ने कहा कि मिसाइल मिशन के सभी उद्देश्यों पर पूरी तरह से खरी उतरी है। नौसेना ने एक्स पर एक पोस्ट में मिसाइल परीक्षण की एक तस्वीर भी साझा की। नौसेना ने यहां पर कहा, भारतीय नौसेना की पूर्वी टुकड़ी ने बंगाल की खाड़ी में ब्रह्मोस मिसाइल की सफल परीक्षण किया। मिसाइल मिशन के सभी पैमानों पर खरी उतरी है।

# जेट संस्थापक नरेश गोयल की 538 करोड़ की संपत्तियां जब्त

- प्रवर्तन निदेशालय ने बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन जांच के तहत की कार्रवाई


**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय ने बुधवार को कहा कि कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़ी धन शोधन जांच के तहत जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल, उनके परिजनों और कंपनियों की लंदन, दुबई और भारत में करीब 538 करोड़ रुपये की संपत्तियां कुर्क की गई हैं। कुर्क की गई संपत्तियों में 17 फ्लैट, बंगले और वाणिज्यिक परिसर शामिल हैं। संघीय एजेंसी ने एक बयान में कहा कि लंदन, दुबई और भारत के विभिन्न शहरों में स्थित ये संपत्तियां जेट एयर प्राइवेट लिमिटेड और जेट एंटरप्राइजेज प्राइवेट लिमिटेड जैसी विभिन्न कंपनियों, गोयल, उनकी पत्नी अनीता और बेटे निवान के नाम पर हैं। ईडी ने कहा कि कुर्क की कई संपत्तियों की कुल कीमत 538.05 करोड़ रुपये है। ईडी ने गोयल (74) को एक सितंबर को गिरफ्तार किया था और एजेंसी ने मंगलवार को मुंबई में विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष उनके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। वह मुंबई की आर्थर रोड जेल में बंद हैं। जेट एयरवेज ने नकदी संकट के बाद अप्रैल 2019 में अपना परिचालन बंद कर दिया था। बाद में, गोयल ने एयरलाइन के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। गोयल के खिलाफ धन शोधन का मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी से संबंधित है, जो मुंबई के एक बैंक की शिकायत के आधार पर दर्ज किया गया था। ईडी के मुताबिक, बैंक ने जेट एयरवेज लिमिटेड, इसके प्रवर्तकों और निदेशकों पर बैंकों से लिए गए 538.62 करोड़ रुपये के ऋण मामले में धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है।

# ग्वालियर और कोझिकोड को यूसीसीएन में मिली जगह

- पहले को संगीत और दूसरे को साहित्य के लिए यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क में स्थान दिया गया
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सराहा

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली



**संगीत** के लिए मध्य प्रदेश के ग्वालियर और साहित्य के लिए केरल के कोझिकोड-भारत के दोनों नामांकनों को यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क (यूसीसीएन) में जगह मिली है।

ऐतिहासिक शहर उन 55 नए शहरों में से हैं जो यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क में शामिल हुए हैं। यूनेस्को ने मंगलवार को अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी घोषणा की। यूनेस्को टैग न केवल इन चिन्हित शहरों को वैश्विक पहचान दिलाएगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय वित्त पोषण, संबंधित संस्थानों के साथ गठजोड़ और संबंधित रचनात्मक क्षेत्रों को एक उत्पाद के रूप में पेश करने में भी मदद करेगा। साथ ही नवीनतम जुड़ाव के साथ भारत अब बहुप्रतिष्ठित यूसीएनएन सूची में कुल सात शहरों का दावा कर सकता है। वे भारतीय शहर जो पहले से ही यूसीसीएन पर हैं उनमें श्रीनगर - शिल्प और लोक कला (2021); मुंबई-फिल्म(2019); हैदराबाद - गैस्ट्रोनॉमी (2019); चेन्नई- संगीत का रचनात्मक शहर (2017), जयपुर- शिल्प और लोक कला (2015) और वाराणसी- संगीत का रचनात्मक शहर (2015)। यूनेस्को द्वारा घोषणा के तुरंत बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शामिल किए जाने की सराहना करते हुए कहा कि भारत की सांस्कृतिक जीवंतता 'वैश्विक मंच पर अधिक चमकती है।'

विश्व निकाय ने एक बयान में कहा, इन शहरों को 'अपनी विकास रणनीतियों के हिस्से के रूप में संस्कृति और रचनात्मकता का उपयोग करने और मानव-केंद्रित शहरी नियोजन में नवीन प्रथाओं को प्रदर्शित करने की उनकी मजबूत प्रतिबद्धता' के लिए स्वीकार किया गया है। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने प्रधानमंत्री के साथ विकास की सराहना करते हुए कहा कि वैश्विक मान्यता से भारत की सांस्कृतिक पहचान मजबूत होगी। एक्स पर एक पोस्ट में शाह ने कहा, 'यह हमारे देश के लिए खुशी का एक और क्षण है क्योंकि ग्वालियर और कोझिकोड को यूनेस्को के क्रिएटिव सिटीज नेटवर्क में शामिल किया गया है। संगीत की ग्वालियर की गौरवशाली विरासत को ध्यान में रखते हुए, शहर को 'संगीत के शहर' के रूप में नामित किया गया है। यूनेस्को द्वारा केरल के कोझिकोड को 'साहित्य का शहर' और घोषित किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी रचनात्मक भावना की वैश्विक मान्यता हमारी सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करते हुए हमारे कवियों, लेखकों और संगीतकारों की रचनात्मक गतिविधियों को नए उत्साह से भर देगी। इसी तरह की भावनाओं को व्यक्त करते ( शेष पेज 9 )

# युवा भारत को 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था पर लाएंगे: योगी

## गाजियाबाद में मुख्यमंत्री ने काइट ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के स्थापना दिवस पर छात्रों को बांटी डिग्रियां

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गाजियाबाद में कहा, जिन लोगों ने इंजीनियरिंग संस्थान पांचवें-छठे दशक में स्थापित कर दिए थे, उन लोगों ने एक लंबी दूरी तय कर ली। उन्होंने कहा कि युवा भारत को 1 ट्रिलियन अर्थव्यवस्था पर लाएंगे।

इस दूरी को तय करने में हम लगभग 40-50 वर्ष पीछे रह गए। उसका प्रभाव प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ा। प्रदेश पिछड़ता गया। जब विकास एजेंडे का हिस्सा नहीं होता है तो परिवारवाद और जातिवाद उस पर हावी होता है। गुंडागर्दी हावी होती है। फिर इसकी चपेट में पूरी व्यवस्था को आना पड़ता है। जब हम समय से दो कदम आगे चलकर सोचते हैं तो उसके सुखद परिणाम सामने आते हैं। मुख्यमंत्री योगी मुरादनगर क्षेत्र के काइट ग्रुप ऑफ इन्सटीट्यूशन की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर सिल्वर जुबली समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा, कुछ सालों पहले तक स्पेस सांइस के कोर्सेज दक्षिण भारत में संचालित होते थे। मुझे खुशी है कि संभवत काइट कॉलेज यूपी का पहला शिक्षण संस्थान है, जहां स्पेस साइंस की पढ़ाई हो रही है। मैं बहुत पहले से एकेटीयू से टेक्नोलॉजी वाले कोर्स शुरू करने के लिए कहता रहा हूं। हमें नए कोर्स लेकर चलना ही होगा। अगर न्यू कोर्स नहीं आएंगे तो हम टेक्नोलॉजी में पिछड़ जाएंगे। आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हर क्षेत्र में बड़ी भूमिका साबित कर सकता है। इसी तरह ड्रोन एग्रीकल्चर के क्षेत्र में नई क्रांति लाया है। जिस उर्वरक को छिड़कने में किसान का पूरा दिन निकल जाता था, वही काम ड्रोन 10 मिनट में कर देता है। लेकिन ये ध्यान रखना होगा कि हम टेक्नोलॉजी को संचालित करें, न कि टैक्नोलॉजी हमें।




### 20 दिन में चौथा दौरा

*मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 20 दिन के अंदर ये चौथी बार दौरा है। दो बार वे रैपिड रेल स्टेशनों का निरीक्षण करने के लिए आए थे। तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ रैपिड रेल उद्घाटन समारोह में शामिल हुए थे। अब चौथी बार वे काइट कॉलेज के प्रोग्राम में गाजियाबाद आए हैं।*

अधिकांश समय मुख्यमंत्री युवाओं की ही बात करते रहे। लेकिन उन्होंने 2014 के माहौल की बात करते हुए कहा कि उस समय देश में आंदोलन हो रहे थे, अराजकता थी, अव्यवस्था थी, अविश्वास था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश अब तरक्की कर रहा है। पूरी दुनिया हमारे नेतृत्व में विश्वास कर रही है। राष्ट्र सबसे पहले है। फि र समाज। उसके बाद परिवार और सबसे आखिर में स्वयं। इसी अवधारणा पर चलते हुए युवा इस देश को नंबर वन बनाने के लिए काम करें। उन्होंने जोर देकर कहा कि जब अर्थव्यवस्था बिगड़ती है तो प्रदेश में अव्यवस्था का माहौल होता है। परिवारवाद पनपता है। लेकिन पिछले साढ़े 6 साल में हमने चीजों को बदला है। पहले उत्तर प्रदेश का युवा पहचान के संकट से गुजर रहा था। आज कोई पहचान का संकट नहीं है। बल्कि आज तो हालात यह है कि दूसरे भी अपने आप को यूपी का बताने लगे हैं। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री एवं गाजियाबाद के सांसद जनरल वीके सिंहए यूपी सरकार में राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यपए राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, महापौर सुनीता दयाल, जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी, स्थानीय विधायक अजीतपाल त्यागी आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार



पचास हजार रुपए का इनामी बदमाश पुलिस गिरफ्त में।

### पचास हजार रुपए का इनामी बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** विजयनगर थाना पुलिस ने एक 50 हजार के इनामी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। यह जानकारी देते हुए एसीपी कोतवाली आईपीएस निमिष दशरथ पाटिल ने बताया कि यह अपराधी पिछले काफी समय से वांछित चल रहा था। विजयनगर पुलिस ने इसे मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर लिया। श्री पाटिल ने बताया कि जिस 50 हजार के इनामी को गिरफ्तार किया है उसका नाम राजू निवासी प्रताप विहार है। इसके ऊपर गैंगस्टर जैसे कई मामले दर्ज हैं।

### राष्ट्रीय लोकदल के कई नेता नजरबंद

**गाजियाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुरादनगर कार्यक्रम में व्यवधान उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस ने राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष अमित त्यागी सरना समेत कई नेताओं को घर पर ही नजरबंद कर दिया। दरअसल राष्ट्रीय लोकदल के नेताओं ने किसानों से संबंधित कुछ समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को काले झंडे दिखाने की घोषणा की थी इसीलिए पुलिस ने एतियात के तौर पर ये कदम उठाया।

### लोनी में मिला शव, हत्या की आशंका

**गाजियाबाद।** लोनी थाना क्षेत्र में हुई एक वारदात के दौरान एक कामगार की हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक युवक के शव के पास मोबाइल, शराब व गिलास आदि पड़े हुए थे। एसीपी लोनी रजनीश उपाध्याय ने बताया कि मृतक की शिनाख्त अनिल पुत्र दिनेश के रूप में हुई है। वह मोहननगर के पास स्थित किसी कंपनी में काम करता था और नशे का आदि था। प्राथमिक जांच के दौरान यह भी बात सामने आई है कि अनिल जहां पत्नी को तलाक दे चुका था वहीं उसके अनैतिक संबंध भी बन गये थे। यह भी कहा जा रहा है कि एक किन्नर को तो अनिल अपने साथ ही रखता था। सूत्रों का कहना है कि अनिल की हत्या के पीछे अवैध संबंध अथवा उसकी आवागर्दी की वजह से होने वाली रंजिश हो सकती है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि इस मर्डर के पीछे मृतक का कोई खास भी हो सकता है।

### डेंगू से साहिबाबाद थाने के हेड कांस्टेबल की मौत

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में डेंगू का डंक कहर बरपा रहा है। साहिबाबाद थाने के हेड कांस्टेबल की डेंगू से मौत हो गई। बुलंदशहर जनपद में खुर्जा क्षेत्र के गांव झमका निवासी अजीत सोलंकीयूपी पुलिस में बतौर कांस्टेबल भर्ती हुए थे। फि लहाल वे गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद में हेड कांस्टेबल के पद पर कार्यरत थे। अजीत सोलंकी को पांच दिन पहले तेज बुखार आया। उन्हें यशोदा हॉस्पिटल कौशांबी में भर्ती कराया गया। यहां उनकी हालत बिगड़ती चली गई। सोमवार को उनकी प्लेटलेट्स घटकर पांच हजार तक रह गईं। मंगलवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### फैक्ट्री कर्मचारी का लहूलुहान शव मिला

**गाजियाबाद।** लोनी इलाके में एक युवक की हत्या कर दी गई। बुधवार सुबह उसका लहूलुहान शव पड़ा मिला। चेहरे पर चोटों के निशान हैं। मरने वाला शख्स नोएडा में बिसरख क्षेत्र का रहने वाला था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने बताया, अनिल नामक शख्स गाजियाबाद में मोहननगर क्षेत्र स्थित एक फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार को वो ड्यूटी के बाद अपने घर चला गया। बुधवार सुबह उसकी लाश लोनी थाना क्षेत्र के बंथला इलाके में झाड़ियों में पड़ी मिली। पूरा मुंह खून से लाल था। ऐसा लग रहा था, जैसे किसी भारी वस्तु से चेहरे पर प्रहार किए गए हों। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# एनसीआर के शहरों की वायु गुणवत्ता खराब

**● हवा में मोटे कणों की मात्रा बढ़ी**

**गाजियाबाद।** दिवाली नजदीक आते ही वायु प्रदूषण एकाएक तेजी से बढ़ने लगा है। दिल्ली-एनसीआर के शहरों की एयर क्वालिटी बुधवार को भी खराब श्रेणी में दर्ज की गई है।

एनसीआर से सटे हरियाणा के कई शहरों की हवा खतरनाक श्रेणी में पहुंच गई है, इसका असर यूपी के शहरों में भी जल्द देखने को मिल सकता है। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई सबसे खराब श्रेणी में 361 रहा। नोएडा का 323, गाजियाबाद का 267, खुर्जा का 217 और मेरठ का एक्यूआई 213 दर्ज किया गया। ये रिपोर्ट बुधवार दोपहर एक बजे की है। सेंट्रल प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की एप समीर के अनुसार, हवा में अब पीएम 2.5 और पीएम 10 के कण सामान्य से कई गुना ज्यादा हो गए हैं। इससे स्पष्ट है कि हवा में धूल के मोटे कणों की मात्रा ज्यादा है, जो स्वास्थ्य के लिहाज से बिल्कुल भी ठीक नहीं है। सुबह 10 बजे तक भी मौसम में धुंध छाई रहती है। गाजियाबाद नोएडा जैसे शहरों में दोपहर तीन बजे के बाद फिर से यही स्थिति हो जाती है। मौसम विभाग के अनुसार, पांच नवंबर तक बारिश की कोई उम्मीद नहीं है।

# फ्लैट में घुसकर एलएलबी छात्रा से मारपीट

**● आरोपी युवक गिरफ्तार, पीड़ित बोली-गार्ड न होते बड़ा हादसा हो सकता था**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



छात्रा से मारपीट करने वाले आरोपी।

नोएडा के सेक्टर-137 पारस टियारा सोसाइटी में गार्डस ने छात्रों को पीटा। इसका वीडियो वायरल हो गया। दरअसल, पूरा मामला इस सोसाइटी में रहने वाली एलएलबी की छात्रा से जुड़ा है। आरोप है कि जो जिन छात्रों को गार्ड ने पीटा वो सोसाइटी में छात्रा के घर में घुस गए। उसके साथ मारपीट और जबरदस्ती करने की कोशिश की थी। पुलिस ने आरोपी छात्र को गिरफ्तार कर लिया है।

दरअसल, पीड़ित ने बताया कि 29 अक्टूबर की शाम को करीब साढ़े आठ बजे उसके साथ पढ़ने वाला छात्र तनवीर अहमद उसके फ्लैट पर गया। आरोप है उसने फ्लैट पर पीड़ित स्टूडेंट के साथ उसी के फ्लैट में जबरदस्ती करने की कोशिश की और प्रताड़ित किया। विरोध करने पर तनवीर वहां से चला गया। इसके बाद अगले दिन यानी 30 अक्टूबर को वो दोबारा अपने आठ से 10 साथियों के साथ सोसाइटी आया। पीड़िता ने बताया कि तनवीर लड़कों के साथ मेरे फ्लैट पर आया और मेरे परिवार पर हमला कर दिया। जान से मारने की धमकी दी।

इस बीच शोर मचाने पर सोसाइटी के गार्ड आए और मेरी फैमिली को बचाया। पीड़ित ने कहा कि यदि गार्ड नहीं होते तो कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तनवीर अहमद के खिलाफ नामजद और 10 अज्ञात लड़कों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। एडीसीपी हृदयेश कठेरिया ने बताया कि इस मामले में घर में घुसकर मारपीट, गाली गलौज एवं छेड़छाड़ करने वाले मुख्य आरोपी तनवीर अहमद को गिरफ्तार किया गया। वहीं पांच अन्य को भी गिरफ्तार कर लिया गया है।

# मीट एक्सपोर्ट कंपनी पर आयकर विभाग का छापा

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के कस्बा डासना मसूरी में मीट एक्सपोर्ट करने वाली कंपनी पर इनकम टैक्स की रेड चल रही है। ये कार्रवाई मंगलवार दोपहर 12 बजे से अब तक जारी है। इनकम टैक्स के 20 अधिकारी और करीब 40 पुलिस जवानों के साथ कार्रवाई चल रही है।

फैक्ट्री का गेट बंद करके अंदर दस्तावेजों की छानबीन की जा रही है। जानकारी के अनुसार, भोजपुर थाना क्षेत्र में गांव त्यौड़ी निवासी हाजी यासीन कुरैशी की कस्बा डासना मसूरी में इंटरनेशनल एग्रो फूड कंपनी है। यहां भैंसों का कटान होता है और वो मीट विदेशों में एक्सपोर्ट किया जाता है। यासीन कुरैशी फिलहाल मुंबई में परिवार सहित रहते हैं। इस फैक्ट्री को उनका बेटा हाजी जावेद संभालता है।

इनकम टैक्स के 20 अधिकारियों और 40 जवानों ने मंगलवार दोपहर 12 बजे इस फैक्ट्री पर छापामार कार्रवाई की। तभी से यहां पर जांच और तलाशी अभियान चल रहा है। सूत्रों ने बताया कि ऐसी ही कार्रवाई मुंबई में हाजी यासीन कुरैशी के ऑफिस पर भी चल रही है। फैक्ट्री के चारों गेटों पर पुलिस फोर्स तैनता है और अंदर इनकम टैक्स अधिकारी मौजूद हैं। बुधवार


## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | देवेन्द्र प्रताप सिंह/ दीपमाला सिंह/ LBSUL00002091257 | मकान नंबर 116 ए, अभय खंड-III, इंद्रपुरम गाज़ियाबाद/ अक्टूबर 30, 2023 | जुलाई 26, 2016 रु.32,48,054/- | सुल्तानपुर/ गाज़ियाबाद |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : नवंबर 02, 2023**
**स्थान : गाज़ियाबाद**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

## सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005.

**जबकि**

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राजेश चौधरी/ राधा चौधरी/ LBDEL00001981243 | फ्लैट नंबर- ए 1802,18वीं मंजिल, एवीजे हाइट्स, प्लॉट नंबर जीएच-12/2 सेक्टर ज़ेटा-1, ग्रेटर नोएडा उत्तर प्रदेश नोएडा-201307/ अक्टूबर 26, 2023 | मई 17, 2023 रु. 70,91,044/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 2. | राहुल गुप्ता/ दिनेश कुमार गुप्ता/ LBGHZ00004308675/ LBGHZ00005389938 | यूनिट नंबर 30 (दुकान), ग्राउंड फ्लोर, कावेरी सिटी सेंटर, प्लॉट नंबर सी 06 सेक्टर डेल्टा- 1 यूपी ग्रेटर नोएडा- 201307/ अक्टूबर 26, 2023 | मई 23, 2023 रु. 42,35,562/- | दिल्ली/ एनसीआर |
| 3. | देवेशप्रताप सिंह/ अमृता सिंह/ LBDEL00002474247 | फ्लैट नंबर-1031, 10वीं मंजिल, टावर सरस्वती महागुन, मंत्रा 2, प्लॉट नंबर जीएच 01 ए, सेक्टर 10, ग्रेटर नोएडा, (पश्चिम)।/ अक्टूबर 26, 2023 | जनवरी 19, 2021 रु. 1,24,840/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

**दिनांक : नवंबर 02, 2023**
**स्थान : दिल्ली/ एनसीआर**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लि.**

ICICI Bank | **शाखा कार्यालय :** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005

**सार्वजनिक सूचना - प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा-सह-ई-नीलामी**

[नियम 8(6) का परंतुक देखें]

**अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु सूचना**

अचल संपत्तियों के विक्रय के लिए ई-नीलामी विक्रय सूचना वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुन: निर्माण तथा प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत सहपठित प्रतिभूति ब्याज प्रवर्तन नियमावली, 2002 की धारा 8(6) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जारी की गई है।

सर्वजन तथा व्यक्तिगत रूप से कर्ज़दार एवं ज़मानतदार को इस सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाई गई अचल संपत्ति के संरक्षित ऋणदाता के पास बंधक/ अधिभारित है। उनका भौतिक अधिग्रहण आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (संरक्षित ऋणदाता) द्वारा प्राधिकृत अधिकारी के रूप में कर लिया गया है एवं दर्शाए विवरण अनुसार उनके द्वारा "जहाँ है जैसी है", "जैसी है वैसी है" एवं "जिस भी स्थिति में है" के आधार पर अचल संपत्ति के विक्रय के लिए प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं :-

| क्र. सं. | कर्ज़दार (रों)/ सह-कर्ज़दारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रु. में) | सुरक्षित मूल्य (रु. में) / धरोहर राशि जमा (रु. में) | संपत्तियों निरीक्षण की तिथि एवं समय | ई-नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (ए) | (बी) | (सी) | (डी) | (ई) | (एफ) | (जी) |
| 1. | राजीव कुमार (कर्ज़दार), ऋण खाता संख्या LBDEL00003000725 | अपार्टमेंट नंबर 1106, 11वीं मंजिल, टॉवर के, गोदरेज समिट, सेक्टर 104 गुड़गाँव क्षेत्रफल : 171.31 वर्ग मीटर। | रु. 1,57,55,309/- (अक्टूबर 17, 2023 तक) | रु. 94,40, 000/- / रु. 9,44, 000/- | नवंबर 13, 2023 को सु. 11:00 बजे से दोप. 01:00 बजे तक | नवंबर 29, 2023 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी ई-नीलामी संस्था **मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड** की वेबसाइट **(URL Link- https://disposalhub.com)** पर संचालित होगी। बंधकदाताओं/ सूचना प्रेषितकर्ताओं को **नवंबर 28, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक कुल बकाया राशि उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर इस/ इन संरक्षित संपत्ति/यों की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।

संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) को बयाना राशि (ईएमडी) डिमाण्ड ड्राफ्ट (डीडी) (सारणी **ई** संदर्भ) जो **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005** में **नवंबर 28, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करना अनिवार्य है एवं इसके पश्चात् वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वर्णित वेबसाइट के माध्यम से ईएमडी के भुगतान साक्ष्य अर्थात बैंक डीडी पावती की स्कैन इमेज, **नवंबर 28, 2023** तक **शाम 05:00** बजे से पूर्व जमा करें। कृपया नोट करें कि संभावित बोलीकर्ता (बोलीकर्ताओं) वेबसाइट के माध्यम से उनके प्रस्ताव को जमा कराने में विफल रहने पर वे **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, शाल टॉवर, प्लॉट नंबर 23, तीसरी मंज़िल, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग दिल्ली -110005** में निविदा प्रलेखों की हस्ताक्षरित प्रति को **नवंबर 28, 2023** को **शाम 05:00** बजे से पूर्व तक जमा करवा सकते हैं। बयाना राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/ पे ऑर्डर किसी भी राष्ट्रीयकृत/ शैड्यूल्ड बैंक द्वारा **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** की **दिल्ली** शाखा के पक्ष में भुगतान हेतु होना चाहिए।

संपत्ति अवलोकन, ई-नीलामी के नियम एवं शर्तों तथा निविदा प्रक्रिया के संदर्भ में स्पष्टीकरण हेतु कृपया **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** को फोन नंबर **8928935040, 8584874809** पर संपर्क करें।

कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेंसियाँ **1. मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, 2. ओजीओ असेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड व 3. हेक्टा प्रॉपटेक प्राइवेट लिमिटेड** इस संपत्ति की बिक्री में सुगमता हेतु सलंग्न हैं।

प्राधिकृत अधिकारी बिना किसी कारण दर्शाए किसी एक अथवा अधिक निविदा व बोली को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों हेतु कृपया वेबसाइट **www.icicibank.com/n4p4s** पर संपर्क करें।

**तिथि : नवंबर 02, 2023**
**स्थान : गाजियाबाद (गुड़गांव)**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड**

## PUBLIC NOTICE

To be known to all, **Ravinder Kumar Shukla S/o Sh.Dwarka Prasad Shukla R/o House No.4, Noor Nagar,Baghiche Ke Quarter,Okhla,Jamia Nagar,Delhi-110025 Allottee/owner of DDA Janta Flat No.218, First Floor, Pocket-1, Sector -A-5,Narela,Delhi,**have applied for certified copies & conversion from leasehold to freehold in DDA. The original documents i.e. Demand-cum-allotment Letter,Possession Letter,NOC for Water & Electricity Connection, Site Possession Slip & Other Documents of the above said flat has been lost. An F.I.R./NCR/LR NO.10743 39/2023 dated 27/10/2023 to this effect has been lodged in P.S.Crime Branch,Delhi.Any person(s)claiming any right,interest,having any objection or found in possession of original documents,may write/contact with above named person at above Address/Phone 99905 05582 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right,interest,objection with respect to this property, can personally inform or write to **Deputy Director(LAB-Housing)Janta or Director (LAB-Housing)-Janta,Delhi Development Authority, Vikas Sadan, New Delhi-110023.**

## PUBLIC NOTICE

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) TATAMOTORS T_INTRAV10 REG.NO.UP12CT0996-YOM-2023
2) TATAMOTORS TATLPT2818 REG.NO.HR38AD9085-YOM-2022
3) TATAMOTORS TLPT4225CW REG.NO.HR58C4164-YOM-2023
4) MARUTIS EECO REG.NO.HR55AK3356-YOM-2021
5) TATAMOTORS T_INTRAV20 REG.NO.DL1LAL0692-YOM-2022
6) EICHR_VECV 1112_GOODS REG.NO.HR46D8623-YOM-2014
7) TATAMOTORS TATAACE REG.NO.DL1LAL0896-YOM-2023
8) TATAMOTORS TACEGOLD REG.NO.DL1LAJ4471-YOM-2022
9) TATAMOTORS T3118FBGD REG.NO.UP37T5085-YOM-2016
10) TATAMOTORS TATAACE REG.NO.UP15ET8859-YOM-2020
11) EICHR_VECV EVPRO2049 REG.NO.DL1LAE9395-YOM-2021
12) TATAMOTORS TACEGOLD REG.NO.DL1LAE8415-YOM-2021

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS WITH IN 7 DAYS AT BRANCH ADDRESS: KOTAK MAHINDRA BANK 3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR CONTACT : RAMAN AHUJA KOTAK MAHINDRA BANK LTD. CONTACT NO. 8377988238 EMAIL-raman.ahuja@kotak.com


# ग्रेनो वेस्ट स्थित ऑफिस में बैठेंगी एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों के लिए खुशखबरी है। अब ग्रेटर नोएडा वेस्ट के टेकजोन फोर स्थित प्राधिकरण कार्यालय में एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग खुद बैठेंगी।

उन्होंने मंगलवार 31 अक्तूबर से ही इसकी शुरुआत कर दी है। एसीईओ ग्रेनो वेस्ट के निवासियों से मिलीं और उनकी समस्याओं का निस्तारण किया। प्राधिकरण की एसीईओ अन्नपूर्णा गर्ग 07 नवंबर तक नियमित तौर पर इस दफ्तर में बैठेंगी। उसके बाद हर मंगलवार व गुरुवार को सुबह 10.30 बजे से इस दफ्तर में जन शिकायतों को सुनेंगी। उनका निस्तारण करेंगी। बता दें कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासी प्राधिकरण के सीनियर स्तर के अधिकारी को टेकजोन फोर स्थित कार्यालय में बैठाने के लिए सीईओ एनजी रवि कुमार से मांग कर रहे थे। इसे देखते हुए सीईओ के निर्देश पर एसीईओ ने ग्रेनो वेस्ट के दफ्तर में बैठना शुरू कर दिया है। प्राधिकरण का मानना है कि इस पहल से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। निवासियों को अब नॉलेज पार्क फ ोर स्थित प्राधिकरण के दफ्तर नहीं आना पड़ेगा। साथ ही ग्रेटर नोएडा वेस्ट से जुड़ी शिकायतों के त्वरित निस्तारण में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट में करीब 200 बिल्डर सोसाइटी बन रही हैं।

# मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

सेंट्रल नोएडा की बिसरख थाना पुलिस की स्कूटी सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया, जबकि एक बदमाश मौके से फ रार हो गया। यह बदमाश स्कूटी पर सवार होकर महिलाओं से चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया करते थे।

बिसरख थाना पुलिस के द्वारा ट्राइडेन्ट गोल चक्कर के पास चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस को एक स्कूटी पर दो संदिग्ध आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन पुलिस को देखने के बाद इन लोगों ने अपनी स्कूटी को वापस दौड़ा दिया। पुलिस ने जब इनका पीछा किया तो इन लोगों ने पुलिस पर फायरिंग करनी शुरू कर दी। सेक्टर-3 भट्ठे की तरफ जाते समय पुलिस ने भी जवाबी फ ायरिंग करनी शुरू कर दी। इस दौरान एक बदमाश के पैर में गोली लग गई और वह गिर गया जबकि दूसरा बदमाश मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को दौड़कर पकड़ लिया। घायल बदमाश की पहचान आनंद के रूप में हुई है, जो कि दिल्ली का रहने वाला है। पैर में गोली लगने के कारण व घायल हो गया। घायल अवस्था में उसको उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से लूटी हुई चेन, तमंचा कारतूस और एक स्कूटी बरामद की है।

इन बदमाशों के द्वारा अगस्त में समृद्धि ग्रांड एवेन्यू से एक महिला से सोने की चेन लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। उसके बाद 29 अक्टूबर को भी इन लोगों ने राह चलती एक महिला से लूट की वारदात को अंजाम दिया था। चेन लूटने के बाद बदमाश फ रार हो गए थे। सेंट्रल नोएडा के एडिशनल डीसीपी हिरदेश कटारिया ने बताया कि शातिर चेन लुटेरों के साथ बिसरख पुलिस की मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में एक बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हुआ है, जबकि एक फरार हो गया है।

# 'बच्चों के जरिए बड़ों को सिखाएंगे यातायात नियम'

**● पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता को लेकर रैली को दिखाई झंडी**

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता को लेकर रैली का शुभारंभ करती पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह।

नवंबर माह यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसमें यातायात पुलिस स्कूली छात्रों, एनसीसी कैडेट की मदद से स्कूल, कालेज व विभिन्न स्थानों पर आमजन को यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 108 में यातायात जागरूकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया गया। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। साथ ही जागरूकता वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि हर नागरिक का दायित्व है कि वह यातायात नियमों का पालन करें, यातायात नियमों का सभी के द्वारा अगर गंभीरता से पालन किया जाए तो शायद दुर्घटनाओं में काफी कमी आएगी। इस माह के दौरान यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ ही बच्चों के माध्यम से भी लोगों को यातायात के नियमों के संबंध में जानकारी देने का काम किया जाएगा। यह सिर्फ एक यातायात माह नहीं बल्कि एक मिशन है जो आगे भी जारी रहेगा।

यातायात जागरूकता कार्यक्रम में विद्यालयों के छात्र तथा एनसीसी, स्काउट कैडेट, नन्हें परिंदे टीम ने प्रतिभागी किया। जिसमें छात्रों द्वारा यातायात के सम्बन्ध में कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर ट्रैफिक स्टॉल लगाए गए जिनमें यातायात सम्बन्धी उपकरण जैसे स्पीड रडार, बॉडी वार्न कैमरे, डेसिबल आदि उपकरणों के संबंधों में छात्रों को अवगत कराया गया। छात्रों द्वारा सभी उपकरणों को ध्यान पूर्वक देखा व यातायात पुलिस कर्मियों से उपकरणों के सम्बन्ध में जानकारी ली गई।

# कई हिस्सों में दो दिन रहेगी पानी की किल्लत

## बृहस्पतिवार की शाम और शुक्रवार की सुबह नहीं आएगा पानी, चंद्रावल संयंत्र में फ्लोमीटर लगाने के चलते रहेगी परेशानी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



चंद्रावल जल शोधन संयंत्र(डब्ल्यूटीपी) के दो दिन तक बंद रहने से दिल्लीवासियों को पानी की कमी का सामना करना पड़ सकता है। दिल्ली जल बोर्ड ने बताया कि संयंत्र में फ्लोमीटर लगाया जाएगा जिसके चलते यह बृहस्पतिवार से दो दिन के लिए बंद रहेगा।

विभाग ने बुधवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, चंद्रावल डब्ल्यूटीपी दो नवंबर को सुबह 10 बजे से बंद रहेगा जिसके चलते दो नवंबर की शाम और तीन नवंबर की सुबह को कुछ इलाकों में पानी की आपूर्ति नहीं होगी। संयंत्र के बंद रहने से दिल्ली के सिविल लाइन्स, हिंदू राव अस्पताल, कमला नगर, शक्ति नगर, करोल बाग, पहाड़गंज और नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) इलाकों में पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी।

जल बोर्ड ने कहा, पुराने और नए राजेन्द्र नगर, पटेल नगर (पूर्व और पश्चिम), बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी के आसपास के इलाकों एवं छावनी क्षेत्र समेत दक्षिणी दिल्ली के कुछ हिस्सों में भी पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी। वहीं जलबोर्ड के अधिकारियों ने आम जनता से परेशानी से बचने के लिए पानी स्टोर करने की अपील की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की दिक्कत होने पर वो पास के केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं और विभाग के संबंधित नंबर पर कॉल कर टैंकर मंगा सकते हैं।

### ये इलाके होंगे प्रभावित

सिविल लाइन्स, हिंदू राव अस्पताल, कमला नगर, शक्ति नगर, करोल बाग, पहाड़गंज, पुराने और नए राजेन्द्र नगर, पटेल नगर (पूर्व और पश्चिम), बलजीत नगर, प्रेम नगर, इंद्रपुरी के आसपास के इलाकों एवं छावनी क्षेत्र समेत दक्षिणी दिल्ली के कुछ हिस्सों में भी पानी की आपूर्ति प्रभावित होगी। लोगों को सलाह दी गई है कि इस दौरान पानी का इस्तेमाल देखभाल कर करें।

### पानी की दिक्कत के लिए इन नंबरों पर करें कॉल

पानी से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए आप दिल्ली जल बोर्ड के अलग-अलग नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। अगर आप ईदगाह इलाके में रहते हैं तो 011- 23537397 या 23677129 पर कॉल कर सकते हैं. वहीं, राजेंद्र नगर में रहने वाले 011-28742340 पर फोन कर सकते हैं। गुलाबी बाग और शास्त्री नगर में रहने वाले 011-23650040 पर और चंद्रावल डब्ल्यू डब्ल्यू 2 में रहने वाले 011- 23819045 या फिर 23818525 पर कॉल कर सकते हैं। इसके साथ ही दिल्ली जल बोर्ड ने कंट्रोल रूम का नंबर भी जारी किया है। जिन इलाकों में पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी उन इलाकों के लोग इस नंबर पर फोन कर पानी के टैंकर मंगवा सकते हैं या फिर इससे संबंधित अन्य समस्याओं के बारे में बात कर सकतेहैं। यह नंबर - 1916/23527679/23634469 है।

## लगातार पांचवें दिन वायु गुणवत्ता बेहद खराब

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बुधवार को लगातार पांचवें दिन वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया और अधिकतम तापमान 32.3 डिग्री सेल्सियस रहा।

न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, शाम साढ़े पांच बजे सापेक्षिक आर्द्रता 48 फीसदी दर्ज की गई। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शाम सात बजे दिल्ली का एक्यूआई 357 दर्ज किया गया। राजधानी में एक्यूआई लगातार पांचवे दिन बेहद खराब श्रेणी में रहा जबकि आनंद विहार, बवाना और रोहिणी जैसे कुछ इलाकों में यह गंभीर श्रेणी में प्रवेश कर गया।



दिल्ली दिवस के मौके पर राज निवास में सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपस्थित कलाकार, उपराज्यपाल वीके सक्सेना व पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा।

# आप जहां भी सत्ता में आएगी वहां कर्मियों को करेंगे नियमित : सीएम

● निगम कर्मियों को दिवाली पर दिया तोहफा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि आम आदमी पार्टी (आप) जहां भी सत्ता में आएगी वहां अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करेगी।

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के सदन में मंगलवार को 5,000 स्वच्छता कर्मचारियों को नियमित करने और 3,100 घरेलू मच्छर प्रजनन जांचकर्ताओं को मल्टी-टास्किंग कर्मचारी के रूप में पदोन्नत करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

केजरीवाल ने एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एमसीडी पर शासन किया तब सफाई कर्मचारियों का शोषण किया गया। उन्होंने कहा, हमने नियमितीकरण प्रक्रिया को आगे बढ़ाया है। पंजाब में भी हमने लगभग 30,000 तदर्थ कर्मचारियों को नियमित किया है। जहां भी हमें सत्ता में आने का मौका मिलेगा, हम अस्थाई कर्मचारियों को नियमित करेंगे। एमसीडी सदन ने 54 प्रस्तावों को अपनी मंजूरी दी है, जिसमें एमसीडी स्कूलों में छात्रों को प्रति छात्र 1,100 रुपये उपलब्ध कराने, विदेशी संस्थाओं में प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण और मांस की दुकानों के लिए लाइसेंस प्रदान करने की नीति शामिल है।

केजरीवाल ने कहा कि अब तक हमने 6484 कच्चे सफाई कर्मचारियों को पक्का किया है। 15 साल एमसीडी की सत्ता में रही भाजपा ने सफाईकर्मियों का सिर्फ शोषण किया था, लेकिन हमारी सरकार ने उनको उनका हक दे दिया है।



प्रेस वार्ता में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

## केजरीवाल समेत विपक्षी नेताओं को निशाना बना रही भाजपा: आप



● राघव ने कहा, इंडिया गठबंधन के पहले नेता के रूप में होगी मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने बुधवार को आरोप लगाया कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन इंडिया के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाने की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की योजना के हिस्से के रूप में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तार होने वाले पहले नेता होंगे।

आप नेता राघव चड्ढा ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए दावा किया कि 2014 से जांच एजेंसियों ने 95 प्रतिशत मामले विपक्षी नेताओं के खिलाफ दर्ज किए हैं। उन्होंने कहा, इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस इंडिया गठबंधन बनने के बाद से भाजपा परेशान हो चुकी है। हमें सूत्रों से पता चला है कि उन्होंने (भाजपा ने) इंडिया गठबंधन के शीर्ष नेताओं को निशाना बनाने की योजना बनाई है। इस योजना के तहत पहली गिरफ्तारी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की होगी। चड्ढा ने कहा, भाजपा जानती है कि वह दिल्ली में सभी सातों लोकसभा सीटें हार रही है। इसलिए वह केजरीवाल को गिरफ्तार करने की योजना बना रही है ताकि आप चुनाव न लड़ सके। आप नेता ने एक सूची साझा की है, जिसमें जांच एजेंसियों द्वारा निशाना बनाए जाने वाले लोगों के नाम शामिल हैं। उन्होंने आरोप लगाया, केजरीवाल के बाद झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया जाएगा और उसके बाद बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का नंबर है।

# राजधानी में एक्यूआई 400 पार हुआ तो निर्माण कार्य पर रोक: गोपाल



● पर्यावरण मंत्री ने कहा लगातार चार दिन प्रदूषण अधिक रहने पर करेंगे कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के जिन इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 400 से ऊपर दर्ज किया जाएगा, वहां निर्माण कार्य पर रोक लगा दी जाएगी।

उन्होंने यहां आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली में गत कुछ दिनों से एक्यूआई 350 के आसपास दर्ज किया जा रहा है और मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि यह स्थिति तापमान में गिरावट और हवा की मंद गति की वजह से है।

राय ने कहा, यह परिस्थिति आने वाले कुछ दिन तक बनी रहेगी, इसलिए आने वाले कुछ दिन दिल्ली के लिए अहम हैं। केंद्र सरकार की वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना के दूसरे स्तर के तहत एहतियाती उपाय लागू किए हैं, इसके बावजूद प्रदूषण का स्तर बढ़ रहा है।

राय ने कहा कि इसलिए दिल्ली सरकार उन इलाकों के एक किलोमीटर के दायरे में निर्माण कार्य रोक देगी, जहां लगातार पांच दिनों तक पर्यावरण मंत्री राय ने कहा कि उन्होंने नोडल अधिकारियों को ऐसे क्षेत्रों में वायु प्रदूषण नियंत्रण उपायों को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने सभी विभागों और निवासी कल्याण संघों (आरडब्ल्यूए) को निर्देश दिया है कि वे सुरक्षा गार्ड को हीटर दें ताकि उन्हें सर्दी से बचने के लिए अलाव जलाने से रोका जा सके। राय ने यह भी कहा कि सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने और वाहन प्रदूषण को कम करने के लिए 1,000 निजी सीएनजी बसों को अनुबंधित कर उनका परिचालन किया जाएगा।

## वायु गुणवत्ता प्रबंधन को प्रति जोन 20 लाख रुपये आवंटित

***नई दिल्ली।*** *दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने की दिशा में और वायु गुणवत्ता प्रबंधन को बेहतर करने के लिए अब प्रति जोन 20 लाख रुपए की धनराशि आवंटित किया है। एमसीडी के सभी 12 जोनों को यह धनराशि प्रदान की जाएगी ताकि धूल शमन उपाय करके अगले तीन दिनों में वायु गुणवत्ता में सुधार किया जा सके। इस राशि का उपयोग धूल प्रदूषण को कम करने के लिए मशीनरी और मानव संसाधन को मजबूत करने के लिए किया जाएगा। फंड का उपयोग जोन स्तर पर मानव संसाधन बढ़ाने और वाटर स्प्रिंकलरों का अधिकतम उपयोग करने के लिए किया जाएगा। साथ ही पानी का छिड़काव करने वाले वाहनों के ड्राइवरों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। इस फंड का उपयोग करके सभी जोन अपने-अपने क्षेत्र में पूरी दक्षता के साथ एंटी-स्मॉग गन का संचालन सुनिश्चित किया जाएगा।प्रदूषण पर अंकुश लगाने के प्रयासों के तहत, एमसीडी रेलवे ट्रैक के किनारे कचरा उठाने के लिए मशीनरी और स्टाफ की तैनाती पर भी ध्यान केंद्रित करेगी। एमसीडी एंटी-स्मॉग गन, वॉटर स्प्रिंकलर में इस्तेमाल के लिए डस्ट सप्रेसेंट्स खरीदेगी और इसके समुचित प्रयोग को सुनिश्चित किया जाएगा। एमसीडी ने निर्माण और विध्वंस कचरा यानी मलबा स्थलों को विनियमित करने के लिए सख्त कदम उठाने का फैसला किया है।*

# गैस सिलेंडर फटने से पांच लोग घायल

● चार मंजिला भवन में मंगलवार रात हुई थी पार्टी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दक्षिण द्वारका इलाके में चार मंजिला एक मकान में एलपीजी सिलेंडरों में विस्फोट होने से आग लग गई, जिससे एक ही परिवार के पांच लोग झुलस गए।

पुलिस के मुताबिक, मकान की दो अलग-अलग मंजिलों पर रखे दो गैस सिलेंडरों में विस्फोट के बाद आग लग गई। पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार रात पालम विहार इलाके में उस समय हुई जब परिवार ने अपने चार मंजिला मकान के भूतल पर एक पार्टी रखी थी। पुलिस के मुताबिक, मकान की एक मंजिल में चार भाइयों के परिवार रहते थे।

वहीं पहली मंजिल पर रहने वाला परिवार घटना के समय शहर से बाहर था। अधिकारियों के मुताबिक, घटना की सूचना मिलने पर चार दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया और दो घंटों में आग पर काबू पा लिया गया। पुलिस ने बताया कि दो विस्फोट हुए। पहला, तीसरी मंजिल पर और उसके बाद चौथी मंजिल पर। विस्फोट की वजह से मकान की तीसरी मंजिल का एक हिस्सा ढह गया और छत पर बने पानी के टैंक में दरारें पड़ गईं।

पुलिस के मुताबिक, घटना में राम भरोसे (72), सत्यनारायण (62), राधेश्याम (48) और उनकी पत्नी चंद्रा (47) और अनिल (43) झुलस गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि सत्य नारायण और राधे श्याम का दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल में इलाज किया जा रहा है जबकि गंभीर रूप से झुलसे राम भरोसे, अनिल और चंद्रा को सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को संदेह है कि गैस रिसाव के कारण विस्फोट हुआ।

# उपराज्यपाल ने राजस्व अधिकारी के खिलाफ जांच को दी मंजूरी

● रिश्वतखोरी मामले में होगी कार्रवाई

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राजस्व विभाग के एक उप-रजिस्ट्रार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत जांच को हरी झंडी दे दी है। अधिकारी ने कथित तौर पर आवेदकों से रिश्वत की मांग की थी। राज निवास के अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। जनकपुरी के उप-रजिस्ट्रार के खिलाफ शिकायतें 2019 और 2020 में दर्ज की गई थीं।


एक अधिकारी ने बताया, उपराज्यपाल ने कहा कि न्याय के हित में, अधिकारी के खिलाफ आरोपों की जांच करने की जरूरत है और सतर्कता निदेशालय को भ्रष्टाचार-रोधी शाखा (एसीबी) से प्राप्त अनुरोध पर उचित जांच-पड़ताल के बाद कार्रवाई करने का निर्देश दिया जाना चाहिए। सक्सेना ने कहा कि संबंधित अधिकारी के इस कृत्य के ठोस साक्ष्य हैं।

अधिकारी ने बताया कि सतर्कता निदेशालय ने पाया कि राजस्व विभाग ने शिकायतकर्ता द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में स्पष्टीकरण नहीं दिया। इसके बाद भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17ए के तहत जांच की सिफारिश की गई।

# दिवाली से पहले पुलिस के कड़े सुरक्षा इंतजाम

● केरल में हुए विस्फोट के मद्देनजर की बढ़ाई गई व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



केरल के एक कन्वेंशन सेंटर में हाल ही में हुए विस्फोट के मद्देनजर दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के उत्तर-पूर्व जिले में दिवाली से पहले सुरक्षा इंतजाम कड़े कर दिए हैं।

पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उत्तर-पूर्व दिल्ली के पुलिस उपायुक्त ज्वॉय टिर्की ने बताया, उत्तर-पूर्व जिला एक संवेदनशील इलाका माना जाता है, क्योंकि यहां घनी आबादी रहती है। हमने रामलीला की शुरुआत से ही सुरक्षा इंतजाम कड़े किए हुए हैं। उपायुक्त ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उन्होंने अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाले विभिन्न इलाकों के थानाध्यक्षों, बीट प्रभारियों और संबंधित अधिकारियों के साथ विशेष बैठकें की हैं। उपायुक्त टिर्की ने बताया, दशहरा के दौरान भारी भीड़ के कारण हमने रात की गश्त बढ़ा दी है और बाजारों में रोशनी बढ़ाने के साथ-साथ पुलिसकर्मियों को तैनात करने को कहा है। इसके अलावा केरल में हालिया घटना के बाद सुरक्षा हमारे लिए चिंता का विषय बन गई है।

पुलिस ने अतिथि घरों की तलाशी ली और बाजार संघ के सदस्यों के साथ बैठकें कीं, ताकि यह मालूम किया जा सके कि कहां-कहां मेटल डिटेक्टर लगाए जा सकते हैं। उपायुक्त टिर्की ने कहा, मैंने पुलिसकर्मियों को सतर्क रहने को कहा है और किसी भी जरूरी सूचना को नजरअंदाज नहीं करने का निर्देश दिया है। हमने अपने सूत्रों से किसी भी तरह की अवैध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा है।

# डीएमआरसी: मोमेंट 2.0 ऐप से मेट्रो यात्रा को मिलेगा नया आयाम

## यात्रियों को एकीकृत क्यूआर टिकटिंग, ई-शॉपिंग विकल्पों, तत्काल सुरक्षित डिलीवरी की मिलेगी सुविधा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



मोमेंटम 2.0 प्लेटफॉर्म को लॉन्च करते प्रबंध निदेशक डॉ. विकास व अन्य।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने यात्रियों के लिए यात्रा के नए आयाम का शुभारंभ किया है। मेट्रो ने जनता की सुवधिा के लिए मोमेंटम 2.0 ऐप की शुरुआत की। जो राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लाखों यात्रियों के लिए एक नया प्लेटफॉर्म उपलब्ध हो जाएगा।

यह ऐप एकीकृत क्यूआर टिकटिंग (मेनलाइन और एयरपोर्ट लाइन), ई-शॉपिंग विकल्पों कीएक विस्तृत श्रृंखला, तत्काल सुरक्षित डिलीवरी के लिए डिजिटल लॉकर, स्मार्ट यूटिलिटी भुगतान और लास्ट-माइल कनेक्टि विटी विकल्प जैसी सेवाओं के लिए त्वरित और सीधी पहुंच देगा। डीएमआरसी के प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार नेशिवाजी स्टेडियम मेट्रो स्टेशन पर औपचारिक रूप से मोमेंटम 2.0 प्लेटफॉर्म को लॉन्च किया। यात्रियों के लिए ऐसी सुविधा शुरू करनेवाला पहला जन परिवहन प्रदाता है। मोमेंटम 2.0 का उद्देश्य निर्बाध और सुगम यात्रा के लिए सेवाओं को संवर्धित कर यात्रियों के आवागमन समय को गुणवत्तापूर्ण, प्रोडक्टि व ब्लॉक्स में परिवर्तित करना है। इस एप्लिकेशन के साथ मेट्रो लेना अब सिर्फ एक यात्रा नहीं होगी, बल्कि एक ऐसा सुखद अनुभव होगा।

जो आपके स्टेशन पहुंचने से पहले शुरू होगा और उतरनेके बाद भी जारी रहेगा। तीन प्रमुख महत्वपूर्णसेवाएं देगा मोमेंटम 2.0 ऑटो-पेपेमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा संचालित नया ऐप यात्रा के समय को ध्यान में रखतेहुए मेट्रो में सवार होने तक निर्बाध पहुंच देगा.(मौजूदा ऐप के उपयोगकर्ताओं को सुझाव दिया जाएगा कि वे इस नई संस्करण, अर्थात मोमेंटम 2.0 को अपाएं। यह कई समाधानों के बीच दिल्ली मेट्रो में यात्रा अनुभव के साथ ही ऐप और तीन प्रमुख महत्वपूर्ण सेवाएं देता है। मोमेंटम 2.0 से क्यूआर टिकटिंग आपके मेट्रो मेंप्रवेश को सुगम बनाता है और एक सहज अनुभव देता है।

यह एयरपोर्ट लाइन सहित सभी मेट्रो लाइनों के लिए एकीकृत क्यूआर टिकट सुविधा उपलब्ध कराता है, जिससे कई ऐप रखनेकी आवश्यकता समाप्त हो जाती है। इसके अलावा डीएमआरसी कार्ड रिचार्जके साथसाथ कार्ड के लेनदेन विवरण भी ऐप पर उपलब्ध हैं। साथ ही यात्रियों को अपनी यात्रा और रिचार्ज हिस्ट्री के बारेमेंजाननेमें मदद मिलती है।

### वर्चुअल स्टोर पर खरीदारी

ऐप में सामान की एक विस्तृत श्रृंखला में से सामान चुनने के साथ ही ई-शॉपिंग विकल्प हैं। यह अनोखा ब्रिक एंड एं क्लिक स्टोर ग्राहकों को मेट्रो स्टेशनों पर किराने का सामान और अन्य आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की सुविधा देता है। ब्रांड रियलिटी टूल्स का विस्तार कर प्रदर्शित कर सकते हैं और यात्री केवल मात्र क्यूआर कोड मेकनिज्म का उपयोग कर अपनी पसंदीदा सामान खरीद सकते हैं। यदि कार्ड का बैलेंस न्यूनतम निर्धारित मूल्य से कम हो जाता है तो यात्रियों के लिए ऐप में ऑटो टॉप अप के लिए स्थायी निर्देश का विकल्प भी है। वर्चुअल स्टोर्स वर्तमान में 20 स्थानों पर दिए गए हैं और 2024 में जून के अंत तक अधिकांश स्थानों पर दिए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### वसुधैव कुटुंबकम् ही है भारत की पहचान: अजय सूरी



**नई दिल्ली।** पीजीडीएवी कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अजय सूरी ने कहा कि भारत संपूर्ण विश्व को परिवार मानता है। वसुधैव कुटुंबकम् ही भारत की मूल पहचान है। उन्होंने यह बात पीजीडीएवी कॉलेज (सांध्य) द्वारा जी-20 के अवसर पर भारत और जर्मनी के संबंधों को केंद्र में रखते हुए आयोजित 'भारत-जर्मनी सम्बन्ध वर्तमान परिदृश्य और भावी दिशा' विषयक कार्यक्रम में अध्यक्षीय सम्बोधन में कही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीयू के सांस्कृतिक परिषद के अधिष्ठाता प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार, जर्मनी में भारत के पूर्व राजदूत गुरजीत सिंह, जेएनयू प्रो. उम्मू सलमा बावा आदि मौजूद थे।

### 76वां निरंकारी संत समागम सफलतापूर्वक संपन्न

**नई दिल्ली।** निरंकारी सत्गुरु माता सुदीक्षा महाराज ने कहा कि सभी में इस परमात्मा का रूप देखते हुए सबके साथ प्रेम का भाव अपनाने से ही संसार में सुकून स्थापित हो सकता है। उनके इस संबोधन के साथ 76वें वार्षिक निरंकारी समागम समापन सफलतापूर्वक हो गया। इस अवसर पर मौजूद हरियाणा के महामहीम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने सभी निरंकारी भक्तों को समागम की शुभकामनाएं दी। साथ ही मिशन द्वारा समय समय पर किए जा रहे जनकल्याण के कार्यों की प्रशंसा की। निरंकारी आध्यात्मिक स्थल, समालखा (हरियाणा) में पिछले तीन दिनों से हर्षोल्लास एवं आनंदमयी वातावरण में आयोजित हुए इस दिव्य संत समागम का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ।

### दिल्ली विश्वविद्यालय में मनाया गया हरियाणा दिवस



**नई दिल्ली।** देश का गौरव बढ़ाने में हरियाणावासियों का अहम योगदान रहा है। चाहे बात खेती, वीर जवानों, खिलाड़ियों, पौराणिक एवं सांस्कृतिक धरोहर की हो। यह बात भाजपा के राष्ट्रीय सचिव सचिव चौधरी ओमप्रकाश धनखड़ ने दिल्ली विश्वविद्यालय में हरियाणा दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कही। एबीवीपी द्वारा समारोह का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर एबीवीपी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री प्रफुल्ल आकांत, प्रशांत धनखड़, सिद्धार्थ राव और सुरेंद्र सोलंकी प्रधान पालम 360 भी मौजूद थे।

# नूंहः खेत में अश्लील वीडियो बनाकर करते थे सेक्सटॉर्शन, 6 गिरफ्तार

## आरोपियों के पास से 9 मोबाइल भी पुलिस ने किए बरामद

### फर्जी अफसर बनकर धमकी भी देते थे

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम/नूंह।

**नूंह** जिला में सीआईए ने एक ऐसे गैंग का भंडाफोड़ किया है, जो खेतों में अश्लील वीडियो बनाकर लोगों का सेक्सटॉर्शन का शिकार बनाते थे। वे लोगों को वीडियो कॉल करते और अश्लील वीडियो तैयार करते थे। इसके बाद फिर फर्जी यूट्यूब अधिकारी बनकर अपने जाल में फंसाते थे। सीआईए ने मौके से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 9 मोबाइल व 11 सिम बरामद किए गए हैं।

जानकारी के अनुसार पुन्हाना सीआईए स्टाफ के इंचार्ज निरीक्षक संदीप मोर के मुताबिक उप-निरीक्षक मनोज कुमार व उनकी टीम पुन्हाना के घीड़ा मोड़ पर गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने गुप्त सूत्रों से पता चला कि नूंह जिला के बिछोर थाना क्षेत्र के गांव लफूरी के रहने वाले इबराम उर्फ इमरान, शमशुद्दीन पुत्र जमील, मस्तान, साहिद पुत्र खुर्शीद व इरफान पुत्र शेरू खेतों में फर्जी मोबाइल नंबरों से वाट्सअप अकाउंट चलाकर लोगों के साथ चैटिंग करते हुए उनकी अश्लील वीडियो बनाते हैं। वीडियो वायरल करने की धमकी देकर सेक्सटॉर्शन के माध्यम से ठगी करते हैं। पता यह भी चला है कि आरोपी फर्जी फोन-पे, गूगल-पे खातों में रुपये मंगवाकर ऑनलाइन ठगी करते थे। पुलिस ने सूझबूझ से इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों के पास पहुंची। खेत में पुलिस को देखते हुए आरोपी वहां से भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस ने तत्परता से उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। इस दौरान 6 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा। मौके पर उनकी तलाशी ली गई। उनके पास से 9 मोबाइल और 11 सिम कार्ड बरामद हुए।


नूंह सीआईए पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए सेक्सटॉर्शन के आरोपी।

आरोपियों से पूछताछ में खुलासा हुआ कि वे मोबाइल फोन में नकली प्रोफाइल की आईडी, नकली यूट्यूब अधिकारी बनकर लोगों से सेक्सटॉर्शन के नाम पर ठगी करते थे। उन्हें अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देते थे। पुलिस ने जांच की तो लोगों से की गई चैट, रिकॉर्ड की गई वीडियो, रुपयों की ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के स्क्रीन शॉट, कई अश्लील वीडियो, ऑडियो क्लिप भी मिली। उनके खिलाफ केस दर्ज करके जांच भी शुरू की गई है। साथ ही पुलिस पूछताछ कर रही है कि अब तक कितने लोगों को उन्होंने ठगा है।

## हरियाणा का अपना हाईकोर्ट होगा तो त्वरित न्याय मिलेगा: संतोख

**गुरुग्राम।** जिला बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान एवं वरिष्ठ अधिवक्ता संतोख सिंह ने हरियाणा स्थापना दिवस पर सरकार से मांग की कि हरियाणा का अलग हाईकोर्ट बनाया जाए। उन्होंने सरकार से प्रश्न किया कि हरियाणा के स्थापना के 57 वर्ष पूरे होने के बाद भी हरियाणा राज्य का अलग हाईकोर्ट क्यों नहीं बना है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1966 में पंजाब से अलग होने के बाद से हरियाणा और पंजाब का साझा हाईकोर्ट चंडीगढ़ में है।


संतोख सिंह एडवोकेट।

उन्होंने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 214 के अनुसार प्रत्येक राज्य का अलग हाईकोर्ट होना चाहिए। अलग हाईकोर्ट हरियाणा का अधिकार है। उन राज्यों में भी अलग हाईकोर्ट हैं, जो पिछले कुछ दशक में बने हैं। देश का सबसे कम जनसंख्या वाला राज्य सिक्किम है जिसकी जनसंख्या लगभग 61 लाख है और उसका अपना अलग हाईकोर्ट है। जबकि हरियाणा की जनसंख्या लगभग 2 करोड़ 74 लाख है और हरियाणा राज्य के स्थापना के 57 वर्ष पूरे होने के बाद भी उसका अपना अलग हाईकोर्ट नहीं बना है।

# भारत में तिब्बती शरणार्थियों को मिलता है पूरा मान-सम्मान : सुधीर सिंगला

## देश में कहीं भी बेरोक-टोक घूम सकते हैं तिब्बती

### विधायक सिंगला ने गुरुग्राम में तिब्बत मार्केट का शुभारंभ

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम।

गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने बुधवार को तिब्बत रिफ्यूजी हैंडलूम एसोसिएशन द्वारा आयोजित शीतकालीन कपड़ों के मेले का शुभारंभ किया। यहां राजपूत वाटिका में लगाई गई तिब्बत मार्केट में सर्दियों के वस्त्रों की उपलब्धता रहेगी।

इस अवसर पर तिब्बती लोगों का स्वागत करते हुए विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि तिब्बत के लोगों के लिए भारत देश बड़ा बाजार है। यहां वे खुली हवा में सांस ले सकते हैं। बिना किसी रोक-टोक के देश में कहीं भी आ-जा सकते हैं। उनका देश में हर शहर में उचित मान-सम्मान होता है। शासन, प्रशासन उन्हें उनका बाजार चलाने में पूर्ण सहयोग भी देते हैं। पिछले 18 साल से यहां


गुरुग्राम में तिब्बत मार्केट का उद्घाटन करते विधायक सुधीर सिंगला।

तिब्बत मार्केट लगाते आ रहे इन लोगों को आज तक कोई दिक्कत नहीं आई है। उन्होंने कहा कि भारत में शांति के मार्ग पर चलने वाले हर किसी का स्वागत होता है। यहां की शांति भंग करने वालों के साथ सख्ती होती है।

विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि तिब्बत का चीन के कब्जे से आजाद कराने के लिए भारत सरकार सकारात्मक सोच के साथ काम कर रही है। भारत-तिब्बत सहयोग मंच भी अपने स्तर पर जागरुकता फैलाने में लगा है। तिब्बत की आजादी और मानसरोवर की मुक्ति का मिशन लेकर यह मंच लगातार काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि तिब्बत के लोगों को चीन से अधिक भारत पर भरोसा है। यहां उन पर व्यापार, दुकानदारी को लेकर कोई प्रतिबंध नहीं है। खुले मन से उनका सब शहरों में स्वागत होता है। उनकी मार्केट और प्रोडक्ट को लोग पसंद भी करते हैं। खूब खरीदारी यहां की जाती है। इस अवसर पर महिंद्र सिंह, संतोष ठाकुर, अशोक सिंह, महेश राघव, आरपी सिंह के अलावा तिब्बती मार्केट टीम से डोलमा स्ट्रिंग, टेंजिन धवला, टेंजिन पलजोम, पेमा, टेंजिन चोसंग व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# 1984 के दंगों पर बन रही फिल्म का टीजर लॉन्च

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**वर्ष** 1984 के दंगों पर निर्माता निर्देशक विक्रम संधू की फिल्म कत्ल-ए-आम 1984 का रेफरेंस टीजर यहां लॉन्च किया गया है। यह हिंदी फीचर फिल्म वीएस फिल्म वर्ल्ड वाइड के बैनर तले बनाई जा रही है।

विक्रम संधू ने कहा कि 1984 की वे घटना आज भी लोग याद कर सहम जाते हैं, जो सिखों पर जुल्म व अत्याचार किए गए थे। लाखों सिखों ने वह दर्द झेला है, जो कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने समुदाय के इस दर्द को बड़ी स्क्रीन पर प्रस्तुत करने की हिम्मत जुटाई है। उन्होंने बताया कि फिल्म का टीजर उसी जगह पर लांच किया गया, जहां पर



उन सिखों की याद में मैमोरियल बनाया गया है। कार्यक्रम में 84 के दंगों में शहीद हुए लोगों की विधवाओं को सम्मानित भी किया गया। समुदाय की ओर से सरदार मजिंदर सिंह, सरदार हरप्रीत सिंह, सरदार जगदीप सिंह, सरदार हरविंदर सिंह फुल्का, सरदार जगजीत सिंह दर्दी, सरदार भूपेंद्र सिंह भुलर, सरदार डॉ. रवेल सिंह आदि भी मौजूद रहे। इस अवसर पर फिल्म से जुड़े आरजे अनुराग पाण्डेय, अभिनेता अली असगर, दीपक कुमार, दीपराज राणा, संजय, जान्हवी वोरा मौजदू रहे।

# हनुमान चालीसा पाठ का आंकड़ा 4 लाख 20 हजार के पार

### 225 साधकों ने एक साथ किया हनुमान जी का गुणगान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम।

समाजसेवी बोधराज सीकरी द्वारा चलाए गए अभियान के तहत वहोवा पंचायत ने श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन डेरावाल भवन प्रताप नगर के प्रांगण में किया। जहां पर 225 साधकों ने एक साथ बैठकर हनुमानजी का गुणगान किया।

इस गुणगान का शुभारंभ पंडित भीमदत्त द्वारा मन्त्रोच्चारण के साथ और उसके बाद संगीत, लय सुर और स्वर के संगम से गजेंद्र गोसाई ने वहां पर समां बांधा। 21 बार पाठ किया। पूरा वातावरण हनुमान मय हो गया। वहोवा पंचायत के प्रधान सीबी



मनचंदा और वरिष्ठ उपप्रधान सुभाष ग्रोवर एडवोकेट व अन्य पदाधिकारियों ने सभी अतिथियों का अभिनंदन और सम्मान किया। इस दौरान समाजसेवी बोधराज सीकरी ने कहा कि भक्ति इतनी आसान नहीं है। लोग सोचते हैं कि हम कितने 8-9 महीने से हनुमान चालीसा पाठ में सम्मिलित हो रहे हैं या निरंतर कई महीनों से, कई वर्षों से ईश्वर भक्ति कर रहे हैं तो हमें ईश्वर प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि अब तक 138 स्थानों पर 415,173 श्री हनुमान चालीसा के पाठ 29,553 साधक पाठ कर चुके हैं। मंगलवार को जामपुर शिव मंदिर में 30 साधकों ने 5-5 बार पाठ किया। रेलवे स्टेशन के समीप 40 युवाओं ने जनता रिहैबिलिटेशन ट्रेनिंग सेंटर में बोधराज सीकरी की अगुवाई में 21-21 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया।

इस मुहिम के तहत अब 141 स्थानों पर 29,848 साधकों द्वारा 420,888 पाठ हो चुके हैं। इस अवसर पर धर्मेन्द्र बजाज, रमेश कामरा, अनिल कुमार, राम लाल ग्रोवर, रमेश चुटानी, सुभाष गांधी, बाल किशन खत्री, रवि मनोचा, उमेश ग्रोवर, सुरेंद्र बरेजा, रजिंदर बजाज अश्विनी वर्मा, रणधीर टंडन, ओमप्रकाश कालरा, द्वारका नाथ कक्कड़, अशोक सीकरी, सतपाल नासा, के अलावा महिलाओं में ज्योत्सना बजाज, पुष्पा नासा, रचना बजाज, रीटा रानी, सीमा कपूर, शशि, सिमरन, सुषमा अरोड़ा, संतोष पाहुजा शामिल रहे।

# सेक्टर-7 में मकान में लगी फायर बिग्रेड ने पाया काबू

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

यहां सेक्टर-7 स्थित एक मकान में बुधवार दोपहर को 1 बजे आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुणनी शुरू की। आग विकराल रूप ले चुकी थी, इसलिए दो और गाड़ियों को बुलाया गया। तब जाकर आग बुझ पाई। आग लगने के साथ ही परिवार के सदस्य बाहर निकल गए थे, इसलिए सामान जलने के अलावा कोई हताहत नहीं हुई।

दमकल विभाग भीम नगर के अधिकारी रमेश कुमार के अनुसार मकान नंबर-520/21 में आग की सूचना मिली थी। दमकल विभाग की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। आग अधिक भीषण थी, इसलिए दमकल


गुरुग्राम के सेक्टर-7 स्थित मकान में लगी आग।

विभाग की दो अन्य गाड़ियां भी मौके पर भेजी गई। मकान की पहली मंजिल पर आग लगी थी। दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि दूसरी मंजिलों पर भी काफी धुआं फैल चुका था। घर के सभी सदस्य आग लगने के साथ ही बाहर निकल गए थे।

## 19वां समप संगीत सम्मेलन 3 से 5 नवंबर तक

# अभय सोपोरी, दीपक महाराज, मुराद अली खान एवं अन्य कलाकार देंगे प्रस्तुति

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**सोपोरी** अकादमी ऑफ म्यूजिक एंड परफॉर्मिंग आर्ट्स (समप) द्वारा दिल्ली का लोकप्रिय वार्षिक सामापा संगीत सम्मेलन 3 से 5 नवंबर तक कमानी सभागार में आयोजित किया जाएगा। तीन दिवसीय 19वें वार्षिक समप संगीत सम्मेलन में इस बार भी युवा एवं दिग्गज कलाकारों का प्रस्तुतिकरण शामिल रहेगा। स्थापित कलाकारों के साथ-साथ सम्मेलन बहुत सारे प्रतिभाशाली युवा कलाकारों को भी मंच प्रदान करता है।

इंडियन ऑयल और इफको के सहयोग से प्रस्तुत किए जा रहे इस 3 दिवसीय संगीत समारोह में जम्मू और कश्मीर से संबंधित विशिष्ट राष्ट्रीय स्तर के सम्मान प्रतिष्ठित समप पुरस्कार भी दिए जाएंगे। यह उत्सव दिल्ली का एक कैलेंडर कार्यक्रम है और देश और विदेश के विभिन्न हिस्सों से संगीत के पारखी लोगों को आकर्षित करता है। यह उत्सव महान संगीत दिग्गज स्व. भजन सोपोरी जी को श्रद्धांजलि है।

इस वर्ष समप संगीत सम्मेलन 2023 में उस्ताद मुराद अली खान (सारंगी), विदुषी शाश्वती मंडल (गायन),



अंकुश नायक (सितार), अजय पी. झा (मोहन वीणा), विदुषी सुभ्रा गुहा (गायन), पंडित दीपक महाराज और रागिनी महाराज (कथक नृत्य), विराज जोशी (गायन) (भजरात रत्न पं. भीमसेन जोशी के पौत्र), पं. अभय रुस्तम सोपोरी (संतूर) और डॉ. प्रभाकर और डॉ. दिवाकर कश्यप (कश्यप बंधु) - (स्वर) सहित भारतीय शास्त्रीय संगीत के कुछ प्रतिष्ठित संगीतकार शामिल हो रहे हैं। महोत्सव में पं. विजय शंकर मिश्रा (समन्वयक) के नेतृत्व में श्याम रस्तोगी (सुरबहार और सितार) और जॉयदीप मुखर्जी (सुरसिंगार और सरोद) के साथ स्वर-लय-संवाद (भारतीय के दुर्लभ वाद्य - सुरबहार और सुरसिंगार) भी शामिल हैं।

# KISNA डायमंड एंड गोल्ड ज्वैलरी ने एक ही दिन में प्रीत विहार में भारत के 11वें और गाजियाबाद में 12वें एक्सक्लूसिव शोरूम का उद्घाटन किया



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हरि** कृष्णा ग्रुप को पिछले 31 वर्षो का विश्वस्तरीय ज्वेलरी डिजाइनिंग, मेन्युफैचरिंग एवं बिक्री का अनुभव है जिसकी ब्रांड KISNA भारत में अपनी छाप छोड़ने के लिये तैयार है जो पिछले 18 वर्षो से भारतीय बाजार में उपलब्ध है, हरि कृष्णा ग्रुप ने नई दिल्ली शहर के प्रीत विहार में दूसरा और ग़ाज़ियाबाद में उत्तरप्रदेश का अपना तीसरा फ्रेंचाइजी स्टोर लॉन्च किया है। इस नये स्टोर के लॉन्च के साथ KISNA ने अपनी रिटेल रणनीति की दिशा में प्रगतिशील कदम बढ़ाना जारी रखा है, क्योंकि कंपनी डायमंड ज्वैलरी को भारत की सारी आधुनिक महिलाओं के लिए सुलभ बनाने के अपने वादे और विजन को पूरा करना चाहती है।

हरि कृष्णा ग्रुप के खदानों से लेकर बाजार तक के तंत्र में KISNA सभी अवसरों और बजट के लिये लगातार बदलने वाली उपभोक्ता की पसंद के अनुरूप है। प्रीत विहार एवं ग़ाज़ियाबाद में KISNA के नए शोरूम हर आयु वर्ग के लिये सबसे बढ़िया और पसंदीदा कलेक्शंस और डिजाइनों की पेशकश करेंगे। कलेक्शन की डिजाइनों को स्थानीय पसंद के आधार पर तैयार किया गया है। नए शोरूम उच्च-गुणवत्ता और चलन वाले डिजाइनों की एक बड़ी श्रृंखला की पेशकश करते है, जो कि रोजाना पहनने और त्योहारों के लिए सबसे बढ़िया है। दोनों शोरूम के भव्य शुभारंभ में हरि कृष्णा ग्रुप के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक श्री घनश्याम ढोलकिया और KISNA डायमण्ड एंड गोल्ड ज्वेलरी के निदेशक पराग शाह मौजूद थे। 2005 में स्थापित KISNA ने वितरण से चलने वाले मॉडल की पहल की है और आज देश में इसके 3500 से ज्यादा स्टोर्स हैं, जो उसे भारत का सबसे बड़ा वितरित डायमंड ज्वेलरी ब्रांड बनाते हैं। 2022 में, KISNA ने सिलीगुड़ी में अपना पहला स्टोर लॉन्च करके अपना विस्तार शुरू किया, इसके बाद हैदराबाद, हिसार, अयोध्या, बरेली, रायपुर, द्वारका दिल्ली, मुंबई, जम्मू, बैंगलोर और प्रीत विहार और ग़ाज़ियाबाद में स्टोर लॉन्च किए।

इस अवसर पर घनश्याम ढोलकिया ने कहा, ''हम दिल्ली के प्रीत विहार एवं NCR ग़ाज़ियाबाद में KISNA के शोरूम स्थापित करने और शहर में अपने नवीनतम डिजाइन पेश करने के लिए उत्साहित हैं। हम डायमंड्स को देश की सभी महिलाओं के लिये सुलभ बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं और अपनी विस्तार योजनाओं के साथ हमारा लक्ष्य देश की हर महिला की डायमंड ज्वेलरी को पहनने की आकांक्षा पूरी करना है। नए शोरूम में हम उपभोक्ताओं को हरि कृष्णा ग्रुप की विशेषज्ञता का अनुभव देना चाहते हैं और उन्हें डायमण्ड तथा गोल्ड ज्वैलरी की एक वैरायटी देना चाहते हैं, जिसे वे किसी भी मौके पर पहन सकें।

पराग शाह ने कहा, ''भारत की राजधानी खूबसूरत शहर दिल्ली एवं NCR ग़ाज़ियाबाद में अपने स्टोर लॉन्च करना, विकास और विस्तार की दिशा में हमारे अगले कदम है। एक राज्य के तौर पर यह शहर आभूषणों में अपने अनूठे डिजाइनों के लिए जाना जाता है इसलिए हमारा लक्ष्य आभूषणों को क्यूरेट करना है। KISNA दिल्ली के निवासियों को ऐसे आभूषण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है जो उनकी विशिष्ट शैली और प्राथमिकताओं से मेल खाते हों।

# लुई व्हीतों ने भारत में जियो वर्ल्ड प्लाजा, मुंबई में अपने फ्लेगशिप स्टोर का अनावरण किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**लुई** व्हीतों ने भारत और दक्षिण एशिया रिज़न में मैसन की उपस्थिति का विस्तार करते हुए, मुंबई में जियो वर्ल्ड प्लाजा में भारत में अपना सबसे बड़ा स्टोर खोला है। बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स के प्रतिष्ठित परिसर में स्थित है, यह देश का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय लक्जरी स्टोर भी है। मैसन के साथ 20 साल पुराना रिश्ता है जब इसने भारत में अपना पहला स्टोर खोला था।

पेरिस में प्लेस वेंडोमस्टोर में पहली बार इम्पलीमेंट की गई टाइमलेस आर्कीटेक्चर अवधारणा को बताते हुए, मुंबई फ्लैगशिप स्टोर एक डिजाइन स्पेक्ट्रम को जीवंत करता है जो लोकल क्राफ्ट में नशीप को हाईलाइट करता है। स्टोर में नेचर की भावना को बढ़ाने वाले परिष्कृत और हेमरड मोका क्रीम स्टोन से बना एक



फेसकेड है और इसे मेटल से बने एक इंट्रीकेट लुई व्हीतों फ्लावर मेश के साथ मिलाया गया है।

क्लांइट लेदर के सामान, शूज़, एक्सेसरी और फ्रेगनेस के साथ महिलाओं और पुरुषों के लिए केयरफूली तैयार किए गए सिलेक्शन को खोज सकते हैं। मुंबई में पहली बार रेडी टू वियर और फाइन ज्वेलरी भी उपलब्ध हैं।

सेलिब्रेट भारतीय आर्किटेक्ट और डिजाइनर रुशाद श्रॉफ को इम्ब्राइडरी वाले वूडन पैनल में एक नया फिनिश विकसित करने के लिए नियुक्त किया गया था, जो डिजाइनर का एक सिग्नेचर है। निजी क्लांइट सैलून में प्रदर्शित, इस पैनल में फ्रेंच नॉट जो ट्रेडिशनल लोकल तकनीकों को फ्रेंच एस्थेटीक्स के साथ जोड़ती हैं।


पुरुषों के सेक्शन के कुछ मुख्य हाईलाइट में रिसायकल्ड बर्मा टीक वूड से बनी एक विशेष टेबल शामिल है, जिसे उत्कृष्ट रंगों की एक श्रृंखला लाने के लिए पॉलिश करने से पहले हाथ से पेंट किया जाता है। एक और मुख्य आकर्षण एनटींक हैंड ब्लॉक प्रिंटेट वॉलपेपर है - जो जयपुर में हैंडक्राफ्टेड है - जिसे फ्रेंच-बोर्न टेक्सटाइल और एम्ब्राइडरी उद्यमी, मैक्सिमिलियानो मोडेस्टि और रूशाद श्रॉफ के सहयोग से विकसित किया गया था। जैसे-जैसे क्लाइंट इंटीमेट और शानदार स्टोर के भीतर कलेक्शन को ब्राउज़ करते हैं, उन्हें फैंटम हैंड्स और डेमुरो दास जैसे उल्लेखनीय डिजाइनरों और स्टूडियो के फर्नीचर के पीस भी मिलेंगे।

# मान्यवर ने रामचरण को बनाया अपना नया ब्रांड अम्बेसडर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

भारत के प्रमुख मैंस फैशन सेलेब्रेशन वियर ब्रांड मान्यवर ने ग्लोबल स्टार राम चरण को अपना ब्रांड अम्बेसडर नियुक्त किया है। शादियों एवं त्योहारों के सीज़न की शुरुआत के साथ मान्यवर ने अपना नया कैंपेन तैयार होकर आए भी लॉन्च किया है। रामचरण विश्वस्तरीय मंच पर आधुनिक भारतीय पुरुषों का प्रतिनिधित्व करते हैं, और आधुनिक भारत के सार को दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। उनके मूल्य मान्यवर के दृष्टिकोण अनुरूप हैं। ऐसे में उनकी जबरदस्त लोकप्रियता मान्यवर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को नया आयाम देगी।

वेदांत मोदी, चीफ़ रेवेन्यू ऑफिसर, वेदांत फैशन लिमिटेड ने इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए कहा, ''मान्यवर के परिवार में रामचरण का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है। उनका आकर्षण और विश्वस्तरीय अपील आधुनिक भारतीय पुरूषों के परिधानों के मान्यवर के दृष्टिकोण के अनुरूप है। हमें विश्वास है कि रामचरण के साथ




हम दर्शकों के साथ और भी गहराई के साथ जुड़ सकेंगे।'

इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए राम चरण ने कहा, ''मान्यवर के साथ जुड़ते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, यह ब्रांड हमेशा से भारत में पुरुषों के फेस्टिव फैशन को नया आयाम देता रहा है। इनोवेशन, परम्पराओं एवं पारिवारिक मूल्यों के लिए मान्यवर की प्रतिबद्धता मेरे सिद्धान्तों की तरह है, ऐसे में यह साझेदारी मेरे लिए बेहद खास है। परिवार के साथ शादियों और त्योहारों के जश्न मनाना हमेशा गर्व का अहसास देता है और मान्यवार के लिए स्टाइल स्टेटमेंट बनने से बेहद और क्या हो सकता है। कैंपेन की फिल्म बड़ी ही खूबसूरती से पिता और बेटे के बीच के अटूर रिश्ते पर रोशनी डालती है। फिल्म में एक पिता अपने बेटे की शादी की तैयारियों में व्यस्त हैं, तभी बेटे का दिल पुरानी यादों से भर जाता है, वह पिछले सालों के दौरान अपने पिता से मिले प्यार और उनके साथ बिताए अनमोल पलों को याद कर भावुक हो उठता है।

बदलते समय के साथ अपने आप में बदलाव लाने के साथ-साथ एक परिवार आपको बहुत कुछ सिखाता है। फिल्म पिता और बेटे के बीच के रिश्ते को दर्शाते हुए मार्गदर्शन, जिम्मेदारी एवं सूझ-बूझ के पारिवारिक मूल्यों का महत्व बताती है। कहानी के आगे बढ़ने के साथ यह एक मजबूत संदेश देती है। बेटा शादी के लिए तैयार हो रहा है, वे अपने पिता से मिले प्यार और ज्ञान को सहेज कर जीवन की आगे की यात्रा की तैयारी कर रहा है। यहां पेश किए गए शब्द निश्चित रूप से दर्शकों के दिल को छू जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए विजिट करें

https://www.manyavar.com/en-in/home और मान्यवर को फॉलो करेhttps://www.instagram.com/manyavar/

# एसबीआई कार्ड और रिलायंस रिटेल ने साथ मिलकर 'रिलायंस एसबीआई कार्ड' लॉन्च

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** में क्रेडिट कार्ड जारी करने के एकल व्यवसाय का संचालन करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड ने भारत के सबसे बड़े रिटेलर, रिलायंस रिटेल के साथ मिलकर को-ब्रांडेड 'रिलायंस एसबीआई कार्ड' को लॉन्च किया है। यह लाइफस्टाइल पर केंद्रित अपनी तरह का अनोखा क्रेडिट कार्ड है, जो सामान्य से लेकर प्रीमियम तक, अलग-अलग तरह के खर्च की जरूरत वाले सभी श्रेणी के ग्राहकों को कुल मिलाकर खरीदारी का शानदार और बेहद फायदेमंद अनुभव प्रदान करता है।

कार्डधारक रिलायंस रिटेल के बड़े और विविधता पूर्ण इकोसिस्टम में इस कार्ड से ट्रांजेक्शन करके रिवॉर्ड्स के साथ-साथ कई तरह के फायदे प्राप्त कर सकते हैं, जिसमें फैशन और लाइफस्टाइल से लेकर किराना, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर फार्मा, फर्नीचर से लेकर आभूषण के साथ-साथ अन्य कई तरह की चीजें शामिल हैं। इसके अलावा, रिलायंस एसबीआई कार्ड के उपयोगकर्ता निरंतर आधार पर एसबीआई कार्ड द्वारा बेहद समझदारी से दिए जाने वाले ऑफर का भी आनंद ले सकते हैं।




इस मौके पर रिलायंस रिटेल लिमिटेड के डायरेक्टर, वी. सुब्रमण्यम ने कहा, ''रिलायंस रिटेल में, हम अपने ग्राहकों के लिए खरीदारी अनुभव को हर दिन और अधिक सुखद बनाने और उन्हें संतुष्ट करने के लिए हमेशा नए-नए तरीके ढूंढते रहते हैं। हमने एसबीआई कार्ड के साथ मिलकर को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड जारी किया है, जो हमारे इस संकल्प की दिशा में उठाया गया एक और कदम है। कार्ड इंडस्ट्री की अग्रणी कंपनी, एसबीआई कार्ड के साथ साझेदारी करना हमारे लिए बेहद खुशी की बात है, और इस साझेदारी के तहत हमारे ऑनलाइन माध्यमों के साथ-साथ हमारे सभी स्टोर्स पर खरीदारी करने पर बड़े पैमाने के फायदे, विशेष छूट और रिवॉर्ड्स की पेशकश के लिए रिलायंस एसबीआई कार्ड जारी किया गया है। हमें यकीन है कि, हम एसबीआई कार्ड के साथ मिलकर ग्राहकों की उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन करेंगे और उन्हें लगातार खुशियां प्रदान करते रहेंगे।''

एसबीआई कार्ड के एमडी एवं सीईओ, अभिजीत चक्रवर्ती ने कहा, ''रिलायंस रिटेल के साथ साझेदारी करना हमारे लिए बेहद खुशी की बात है, जिसने भारत में संगठित तरीके से रिटेल कारोबार को एक नई परिभाषा दी है। दोनों ही संगठन ग्राहकों को सबसे ज्यादा अहमियत देते हैं और ग्राहकों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने के इरादे पर अटल हैं, और इसी वजह से हम एकजुट हुए हैं।

# जेवर एक्सप्रेस-वे पर कट की मांग को लेकर नितिन गडकरी से मिले नयनपाल

### नितिन गडकरी ने उचित कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद।

जेवर एक्सप्रेसवे पर गांव मोहना में उतार-चढ़ाव का कट दिए जाने की मांग को लेकर पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने



ग्रामीणों को साथ लेकर केंद्रीय सड़क राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान विधायक ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि फरीदाबाद में पृथला विधानसभा क्षेत्र के गांव मोहना से होते हुए जेवर एक्सप्रेसवे जा रहा है, इस एक्सप्रेसवे पर मोहना गांव में कट दिए जाने की मांग ग्रामीण काफी समय से कर रहे है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने क्षेत्र में आयोजित जनसभा के दौरान लोगों की मांग पर यहां कट दिए जाने की घोषणा की थी। श्री रावत ने बताया कि एक्सप्रेस-वे का काम चल रहा है, ऐसे में लोगों को मोहना पर कट दिया जाना चाहिए, क्योंकि कट दिए जाने से क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयां मिलेंगी और यहां लोगों को भी राहत मिलेगी। श्री रावत ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की मांग और आने वाले समय में क्षेत्र के विकास के लिए यह कट दिया जाना अति आवश्यक है। इसलिए आपसे मांग करते हैं कि इस मामले में संज्ञान लिया जाए। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस मामले में प्रशासन से तुरंत इस मामले में उचित कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने विधायक सहित अन्य लोगों को विश्वास दिलाया कि उनकी मांग पर प्रमुखता से विचार विमर्श करके लोगों के हित में फैसला लिया जाएगा। इस अवसर पर दानी सरपंच, गिर्राज सरपंच, ओमी सरपंच, सुरेश सरपंच, इलियास सरपंच साथ में मौजूद थे।

## पटाखों सहित आरोपी को किया गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच-56 प्रभारी शीशपाल की टीम द्वारा पटाखों सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी तरुण फरीदाबाद के सेक्टर-23 का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से काबू किया है। आरोपी से मौके पर 50.150 किलोग्राम विस्फोटक पटाखे बरामद किए गए है। आरोपी के खिलाफ थाना मुजेसर थाने में विस्फोटक सामग्री अधिनियम की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने दिवाली के मौके पर ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए पटाखे खरीदकर लाया था, ताकि दिवाली पर उनको बेच कर पैसे कमा सके। आरोपी से पूछताछ के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई गई है।

# दहेज न मिलने पर महिला को फांसी पर लटकाया

### पति सहित सात लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**दहेज** में कार की मांग पूरी न होने पर ससुराल वालों ने बहू को फांसी पर लटकाकर उसकी हत्या कर दी। बहीन थाना पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर उसके पति सहित सात के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

बहीन थाना प्रभारी सुरेंद्र के अनुसार, बिछौर गांव निवासी मुबारिक ने दी शिकायत में कहा कि उसकी बहन अफसीना की शादी वर्ष 2019 में हथीन के खाईका गांव निवासी अजरूद्दीन के साथ की थी। शादी में हैसियत के अनुसार बाइक व



अन्य सामान भी दिया था, लेकिन ससुराल वाले उस दहेज से संतुष्ट नहीं हुए। शादी के कुछ दिन बाद ही दहेज में कार की मांग को लेकर बहन के साथ मारपीट करने लगे।

पीड़ित का कहना है कि उसकी बहन पर एक डेढ़ वर्ष की बेटी व दूसरा बच्चा पेट में था। उन्हें सूचना मिली कि बहन की मौत हो चुकी है। शिकायत में कहा कि उसकी बहन को दहेज की मांग पूरी न होने पर फांसी देकर हत्या की गई है।

बहीन थाना पुलिस ने मृतका के भाई की शिकायत पर उसकी बहन के पति अजरूद्दीन, जेठ जफरू व जमशेद, जेठानी जायदा व फरीदा, सास सहसूदी व ननद रिहादा के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना की आरोपियों की तलाश की जा रही है, फिलहाल घर से फरार हैं, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## शिल्पा रानी जींद ने सोना और प्रियंका सिंह चरखी दादरी ने चांदी जीती

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**एथलेटिक्स** हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि 37वें नेशनल गेम्स का आयोजन गोवा में किया जा रहा है। नेशनल गेम्स में एथलेटिक्स हरियाणा के 61 एथलीट खिलाड़ी 29 अक्टूबर से तीन नवंबर तक भाग ले रहे हैं।





एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान ने बताया कि नेशनल गेम्स गोवा में प्रतियोगिता के तीसरे दिन महिला वर्ग जेवलिन थ्रो इवेंट में शिल्पा रानी जींद ने 54 मीटर 82 सेंटिमीटर की बेहतरीन जेवलिन थ्रो कर स्वर्ण पदक विजेता बनकर हरियाणा राज्य का गौरव बढ़ाया।

प्रियंका सिंह चरखी दादरी ने 53 मीटर 75 सेंटिमीटर की दूरी पर जेवलिन फेंककर रजत पदक अपने नाम किया और इस इवेंट में कांस्य पदक रश्मि के शेट्टी आंध्र प्रदेश ने प्राप्त किया।

एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष और एलानाबाद विधायक चौधरी अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, महासचिव राजकुमार मिटान, उपाध्यक्ष राजीव खत्री, निदेशक नरेंद्र मोर, वरिष्ठ संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत, मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपडा, टीम कोच एवं मैनेजर जितेंद्र बांगर और जसवंत सिवाच ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

# चाकू की नोंक पर किशोरी से दुष्कर्म का किया प्रयास

### नग्न कर फोटो खींचे, वायरल करने की धमकी दी

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

**नाबालिग** से चाकू की नोंक पर छेड़छाड़ कर रेप का प्रयास करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर जान से मारने और अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दो सगे भाइयों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

महिला थाना प्रभारी सुशीला के अनुसार, हथीन थाना क्षेत्र के गांव निवासी 17 वर्षीय नाबालिग लड़की ने दी शिकायत में कहा है कि उसे रास्ते में आते-जाते समय राहुल व



पवन नामक दो सगे भाई परेशान करते हैं। उसे अकेली देखकर छेड़छाड़ कर रेप का प्रयास किया। विरोध करने पर धमकी दी कि उसकी उनके पास फोटो है, यदि किसी से कहा तो उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल कर देंगे।

आरोप लगाया है कि वह अपने प्लॉट पर गई तो आरोपी राहुल उसे अकेली देखकर वहां आ गया और उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने चाकू निकालकर उसे धमकी दी और उसके कपड़े उतार दिए। इसी दौरान एक व्यक्ति आता दिखाई दिया तो आरोपी उसे नग्न अवस्था में छोड़कर भाग गया। धमकी देकर गया कि यदि इस बारे में कोई शिकायत की या अपने परिजनों को बताया तो अश्लील फोटो वायरल कर दूंगा, तेरा अपहरण करके रेप करुंगा। पीड़िता अपने घर आ गई, लेकिन भय के कारण उसने इस बारे में किसी को नहीं बताया। जिसके बाद आरोपी के हौसले और बुलंद हो गए तथा उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। जिससे परेशान होकर पीड़िता ने पूरी घटना अपने माता-पिता को बता दी। पीड़िता के माता-पिता जब इसका उल्हाना देने राहुल के घर गए तो राहुल, पवन व उसके परिजनों ने उल्टा उनके साथ गाली-गलौच की। उसका अपहरण कर दुष्कर्म करने व जान से खत्म करने की धमकी दी।

## निठल्ला ने मनोरंजन करते हुए छोड़े गहरे सवाल

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**हरियाणा** दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित तीसरे हरियाणा रंग उत्सव के समापन अवसर पर निठल्ला नाटक ने दर्शकों का मनोरंजन करते हुए गहरे सवाल छोड़े। फोर्थ वॉल प्रोडक्शंस द्वारा उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के सहयोग से आयोजित हुए इस नाटक में निठल्ला बनने से लेकर उसके द्वारा उठाए गए ज्वलंत मुद्दे और प्रश्न भी लोगों को झकझोरने में सफल रहे।

दीपक पुष्पदीप के निर्देशन में हरिशंकर परसाई की व्यंग्य रचनाओं पर आधारित नाटक निठल्ला में बताया जाता है कि 30-35 साल तक शादी न होने और कई इंटरव्यू देने के बाद भी नौकरी न लगने वाला युवक दुनिया की नजरों में निठल्ला कहलाता है। इसके बाद नाटक के किरदार मनोरंजक तरीके से अलग-अलग मामलों पर नजर डालते हैं मसलन किसी सफल हिरोइन को साबुन बेचने का काम क्यों करना पड़



रहा है, कोई बीमारी कैसे लोगों के लिए प्रतिष्ठासूचक हो जाती है, अकेलापन आदमी को कैसे खा जाता है, आदि से लेकर निठल्ला की खोज एक सच्चा आदमी ढूंढने पर खत्म होती है। इस नाटक में ऐसे मुद्दों को शामिल किया गया जो व्यक्ति के आस-पास घटित होते ही रहते हैं। इस तरह दर्शक नाटक से जुड़कर एक संवाद बना लेते हैं।

निठल्ला नाटक में अभिनय करने वाले निठल्लों में दर्शक कुमार, आकाश सेंगर, अमन कुमार, अभिषेक प्रिंस, निशांत कदम, लक्ष्मी नारायण, हेमंत कुमार कौशिक रहे। कुलदीप कुणाल द्वारा रूपांतरित इस नाटक में जीवन के सच्चे पहलुओं से रूबरू करवाया गया है।

## फरीदाबाद में ट्रैफिक पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण

**फरीदाबाद।** यातायात पुलिस ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर बीती देर शाम एनआईटी पांच नंबर मार्केट तथा डबुआ मंडी में सड़क पर अतिक्रमण कर बैठे दुकानदारों को हटवा दिया। इसके लिए उपायुक्त द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट को नियुक्त किया गया। पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर जिला प्रशासन ने अतिक्रमण हटवाने की कार्रवाई को पूरा किया। मार्केट तथा मेन मार्केट की सड़कों पर दुकानदारों द्वारा सामान लगाकर या सड़कों पर रेहड़ी लगाकर अतिक्रमण किया जाता है। त्योहार का सीजन होने के चलते सड़क किनारे टेंट लगाए गए थे। इसके पास वाहन खड़ा करने या सड़क की जगह पर सामान रखने से सड़क का रास्ता संकरा हो जाता है, जिसकी वजह से वहां पर वाहनों के आवागमन में परेशानी होती है। सड़क संकरी होने की वजह से वाहन धीरे धीरे चलते हैं और उनके पीछे आने वाले वाहन रुक जाते हैं। इसकी वजह से ट्रैफिक जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। यात्रियों को इसकी वजह से बहुत सी दिक्कत का सामना करना पड़ता है।

## रिया अरोड़ा ने राष्ट्रीय स्तर की मोटर रेस प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया

### अब अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में जीत प्राप्त करना है लक्ष्य

**पदम सिंह घुघेरा।** फरीदाबाद

**फरीदाबाद** की रिया अरोड़ा ने नोएडा के बद्ध इंटरनेशनल सर्कट मोटर रेस ग्राउंड पर हुई राष्ट्रीय रेस प्रतियोगिता में महिला वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। इस राष्ट्रीय स्तर की ओपन मोटर रेस प्रतियोगिता का आयोजन बी-एंड-डी मोटर रेस कंपनी की तरफ से किया गया। प्रतियोगिता में भारत देश के 28 से अधिक प्रदेशों के 150 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अरोड़ा ने महिला वर्ग के पोडियम में दूसरा स्थान प्राप्त करके ट्रॉफी प्राप्त की है। रिया अरोड़ा को मोटर कार रेस में भाग लेने की छोटी उम्र से ही इच्छा था। परंतु पैसे की कमी की वजह से वह कर नहीं पा रही थी। इसके लिए





उन्होंने कड़ी मेहनत की और मोटर कार रेस में भाग लेने के लिए पैसे और गाड़ी का इंतजाम किया। उसके बाद वे इस मोटर कार रेस को जीतने के लिए पांच साल से कड़ी मेहनत कर रही थी।

रविवार को बुद्ध इंटर नेशनल सर्कट रेस ग्राउंड पर हुई दौड़ में रिया ने पहली बार में ही दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उन्होंने यह प्रतियोगिता एक मिनट 51 सेकेंड का टाइम लेकर जीती है। इस मोटर रेस प्रतियोगिता को फेस्टिवल ऑफ स्पीड व रेस वार इंडिया के नाम से भी जाना जाता है। 30 वर्षीय रिया अरोड़ा का कहना है कि अब उनका ध्येय आगे राष्ट्रीय मोटर रेस प्रतियोगिता में भाग लेना और उसमें विजय प्राप्त करना है। वहां से विजय प्राप्त कर वह अंतर राष्ट्रीय मोटर रेस प्रतियोगिता मे भाग लेना चाहेंगी। जिससे फरीदाबाद शहर का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर रोशन हो सके। अरोड़ा का कहना है कि वह प्रतिदिन चार से पांच घंटे मोटर रेस प्रतियोगिता का अभ्यास करतीं हैं। इसके लिए वे नोएडा के मोटर रेस ग्राउंड पर सुबह छह बजे ही पंहुच जाती है। उसके बाद दो से तीन घंटे प्रतिदिन यहां पर मोटर रेस का कड़ा अभ्यास करतीं हैं।

अरोड़ा मार्केट मैनेजमेंट ऑटोमोबाई कंपनी मे मैनेजर के पद पर कार्य करती हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में प्रतियोगिता में भाग लेने पर थोड़ा डर लगता था, परंतु अब स्पीड का एक चार्म होता है। जिसका वह पूरा आनंद लेती हैं।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए सात नवंबर तक आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

गांव रसूलपुर में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2024-25 के लिए कक्षा नौवीं व 11वीं में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 अकटूबर से अब बढ़ाकर सात नवंबर कर दी गई है। कक्षा नौवीं व 11वीं में लेटरल एंट्री के लिए सात नवंबर तक अपना आवेदन ऑनलाइन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि विद्यालय की कक्षा नौवीं व 11वीं में प्रवेश के लिए जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा का आयोजन आगामी 10 फरवरी 2024 को किया जाएगा। जिला में स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में दाखिला लेने के लिए विद्यार्थी शैक्षणिक सत्र 2023-24 के दौरान जिला में स्थित सरकारी, सरकारी मान्यता प्राप्त स्कूल से अध्ययनार्थ होना चाहिए। कक्षा नौवीं में एडमिशन के लिए विद्यार्थी कक्षा आठ में तथा कक्षा 11वीं में दाखिला लेने के इच्छुक अभ्यर्थी कक्षा 10वीं में अध्ययन कर रहे हों। कक्षा नौवीं के लिए अभ्यर्थी का जन्म एक मई 2009 से 31 जुलाई 2011 के बीच होना चाहिए। इसी प्रकार कक्षा 11वीं के लिए अभ्यर्थी का जन्म एक जून 2007 से



### चयन परीक्षा का आयोजन 10 फरवरी को

31 जुलाई 2009 के मध्य होना जरूरी है। अभ्यर्थी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विद्यालय के प्राचार्य सुभाषचंद ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा छठी से 12वीं तक सह-शैक्षिक तथा पूर्णत: आवासीय, मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्ता युक्त आधुनिक शिक्षा, सीबीएसई से संबद्ध, बोर्ड परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन, छात्र-छात्राओं के लिए अलग-अलग आवास की सुविधा, भोजन, आवास, गणवेश, पाठ्य पुस्तकें, स्टेशनरी आदि के साथ निशुल्क शिक्षा, सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए पाठ्य सामग्री दी जाएगी।

## छात्राएं शिक्षक के सामने खाएंगी फॉलिक एसिड की गोली

### प्रत्येक बुधवार को दी जाएगी दवा, छात्राओं में खून की कमी पर लिया गया निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

राजकीय स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं में खून की कमी को दूर करने की रणनीति तैयार की जा रही है। इसके लिए शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग की मदद से छात्राओं के लिए डाइट चाट तैयार किया है। वहीं, प्रत्येक बुधवार को स्कूली छात्राओं को शिक्षक के सामने फॉलिक एसिड की गोली (खून बढ़ाने वाली दवा) खिलाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए जिले के सभी सरकारी स्कूल के मुखिया को दिशानिर्देश जारी कर दिया गया है।

राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाली छात्राओं खून की कमी की शिकायत लगातार आ रही है। इसे ध्यान में

> “ खून की कमी को दूर करने के लिए अभियान चलाया जा रही है। इसी क्रम में प्रत्येक बुधवार को स्कूली छात्रों को खून बढ़ाने वाली दवाइयां खिलाई जा रही है। इस संबंध में राजकीय स्कूल के सभी मुखिया को दिशानिर्देश जारी कर दिया गया है।



आशा दहिया, जिला शिक्षा अधिकारी

### जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी स्कूलों को दिये निर्देश

रखते हुए शिक्षा विभाग की ओर से प्रत्येक बुधवार स्कूल में एक फॉलिक एसिड (खून बढ़ाने वाली दवा) की गोली शिक्षक के सामने खिलाने का निर्णय लिया गया है। जबकि दूसरी गोली रात में उसे खाना खाने के बाद माता-पिता के उपस्थिति में खाने का दिशा निर्देश दिया गया है। वहीं, छात्राओं को जंक फूड की जगह संतुलित आहार खाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

वहीं, स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रत्येक तीन महीने पर स्कूल में जाकर खून की मात्रा जांच करेंगी। इसके तहत स्कूल में पढ़ने वाली 19 वर्ष तक की प्रत्येक लड़कियों पर शिक्षकों की नजर होंगी। वहीं, 6-12 वर्ष तक की छात्राओं को खून की मात्रा बढ़ाने वाली दवाओं को भी खिलाया जाएगा। विशेषज्ञों के अनुसार छात्रों में न्यूनतम 12 ग्राम खून होना चाहिए। संतुलित आहार नहीं लेने खाने से लड़कियों में खून की मात्रा कम हो जाती है। लड़कियों में खून की मात्रा न्यूनतम 12 से 14 ग्राम होना चाहिए। एनआईटी पांच स्थित एक राजकीय स्कूल की प्रधानाचार्य का कहना है कि कुछ लड़कियों में पांच से सात ग्राम ही हीमोग्लोबिन की मात्रा पाई गई है। ऐसे छात्रों के लिए डाइट चार्ट तैयार किया गया है। उसमें उन्हें गुड़-चना, हरी सब्जी और संतुलित आहार खाने की सलाह दी गई है।

## मानव सुपर-21 के के लिए 18 विद्यार्थियों ने दी चयन परीक्षा





**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**मानव** सेवा समिति द्वारा संचालित मानव सुपर 21 आईआईटी व नीट कोचिंग के अगले बेच के लिए रविवार को मानव भवन सेक्टर-10 में चयन परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें 11वीं के नॉन मेडिकल व मेडिकल के 18 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मानव सेवा समिति के अध्यक्ष कैलाश शर्मा व मानव सुपर 21 के संयोजक सुभाष शर्मा ने कहा है कि परीक्षा परिणाम के आधार पर शुरू के टॉपर 11 विद्यार्थियों की कोचिंग 15 अक्टूबर से शुरू की जाएगी। मानव सुपर 21 के संरक्षक अरुण आहूजा व रोशनलाल बोरड ने कहा है कि कोचिंग एक्सपर्ट प्रोफेसर केएल दुआ, सुभाष शर्मा, एनके गर्ग, सौरभ अरोड़ा, एसपी फोगाट, राजेश कुमार, केसी अग्रवाल, रवि प्रकाश हरित, विवेक भाटिया समिति के इस शुभ कार्य में अपनी निशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

## स्वामी श्रद्धानंद ताइक्वांडो प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दम



**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल

प्रथम स्वामी श्रद्धानंद ताइक्वांडो कप प्रतियोगिता का आयोजन हरियाणा आर्य युवक परिषद व अर्जुन स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वावधान में प्रथम स्वामी श्रद्धानंद ताइक्वांडो कप का आयोजन कराया। हवन कराकर प्रतियोगिता की शुरुआत की। राजदेव नैष्ठिक ने खिलाड़ियों के हाथ मिलवाकर खेल का शुभारंभ किया। अध्यक्षता यादराम आर्य ने की। हरियाणा आर्य युवक परिषद के अध्यक्ष आर्य सुरेंद्र चौहान ने बताया कि स्वामी श्रद्धानंद ने अपना सारा जीवन आर्य समाज को दिया। पूरे देश में घूम घूमकर आर्य समाज का प्रचार किया। आर्य सुरेंद्र चौहान ने बताया कि अनिल गौर, मदन मोहन, आर्य गणेश दत्त, आर्य लीला राम, आर्य अर्जुन चौहान, गुरमेश योगाचार्यने प्रतियोगिता में जीतने वाले खिलाड़ियों को इनाम देकर सम्मानित किया। पुरुष वर्ग 22 किलो में तनिष्क प्रथम, राज द्वितीय, कृष्ण तृतीय रहा। उड़ान पब्लिक स्कूल 27 किलो विष्णु प्रथम, एफ मार्शल आर्ट एकेडमी विराज द्वितीय, शिवम तृतीय रहा। उड़ान पब्लिक स्कूल 29 किलो मयंक प्रथम, अर्जुन स्पोर्ट्स एकेडमी अनश द्वितीय, दक्ष तृतीय, उड़ान पब्लिक स्कूल प्रिनश तृतीय, जीवीएम 35 किलो कृष्ण प्रथम, राघव द्वितीय, तुषार तृतीय, 44 किलो कृष्ण प्रथम, चिराग द्वितीय, 56 किलो लव प्रथम, रोहित द्वितीय, महिला वर्ग 24 किलो वंशीका प्रथम, लीपिका द्वितीय रहा। 36 किलो ज्योति प्रथम, भावना द्वितीय, 47 किलो चाहत मन प्रथम, अंशिका द्वितीय, छवि तृतीय रही। इस मौके पर अर्जुन फौजी ने शहीद परिवारों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा करने वालों का सम्मान बहुत आवश्यक है। नरसिंह चौहान, तरुण चौधरी, जोगेंद्र, कृष्णकांत ने रेफरी की।

## प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को ग्राम पंचायतों में चलाया जाए सफाई अभियान : उपमा

### डीडीपीओ ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** पलवल।

**जिला** विकास एवं पंचायत अधिकारी उपमा अरोड़ा ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत बैठक आयोजित की, जिसमें सभी खंड विकास एवं पंचायती अधिकारी, 10 गांवों के ग्राम सचिव, स्वच्छ भारत मिशन के समस्त खंड समन्वयक, सरपंचों के साथ रोल मॉडल पंचायत बनाने के लिए विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने ग्राम पंचायत आमरू, सहराला, फरीदपुर खेडला, चांदपुर, पारोली, जैनपुर, छज्जू नगर, अटोंहा, बाता को निर्देश जारी किए। डीडीपीओ उपमा अरोड़ा ने कहा कि



सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को जिला की सभी ग्राम पंचायतों में सफाई अभियान चलाया जाए। ग्रामीण क्षेत्र में सीएसआर के सहयोग से स्वच्छता के कार्य किए जाएं। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी द्वारा आदेश जारी किए गए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों की संपत्ति के संरक्षण की जिम्मेदारी संबंधित पंचायत की होती है। पंचायतों में सभी प्रकार की जमीनों से अवैध कब्जों को हटाया जाए। खाद के गड्ढे का प्रयोग खाद गड्ढे के रूप में हो, निजी खाद गड्ढे की चारदीवारी की जाए। फिरनी व सड़क पर कूड़ा डालने की स्थिति में संबंधित के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए।

स्वच्छ भारत मिशन के सहायक परियोजना अधिकारी चेतराम ने बताया कि इन सभी पंचायतों में डोर टू डोर कूड़े को उठाया जाएगा। जिला में 185 कचरा शेड्स के निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी मिल चुकी है, जल्द ही यह कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। आमजन के सहयोग से गीले व सूखे कूड़े का अलग-अलग निपटान किया जाएगा। ग्राम स्तर पर ही गीले कूड़े को जैविक खाद में परिवर्तित किया जाएगा। उसके बाद खंड स्तर पर सूखे कूड़े का प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट में निपटान किया जाएगा। जल्द ही ब्लॉक स्तर पर यूनिटों की स्थापना होगी। इसके अलावा ग्रे-वाटर मैनेजमेंट के अंतर्गत घरों से निकलने वाले गदले पानी को शोक पीट व अन्य विधियों के माध्यम से सिंचाई योग्य बनाया जाएगा। स्वच्छता अभियान व जल संरक्षण को मिशन बनाकर कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 2 नवंबर, 2023



## चुनाव बांड
### विस्तृत जानकारी

**अटार्नी जनरल** का कहना है कि चुनाव बांड सार्वजनिक समीक्षा और सारी जनता की जानकारी का विषय नहीं हैं। एक कहावत है कि 'अंधेरे में लोकतंत्र मर जाता है', लेकिन शायद भारत के अटार्नी जनरल का इस पर विश्वास नहीं है। चुनाव बांडों के विस्तृत सार्वजनिक खुलासे को लेकर एक मामले में शपथपत्र देकर अटार्नी जनरल-एजी आर. वैंकटरमणी ने कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 19-1-ए के अंतर्गत नागरिकों को किसी व्यक्ति या उद्यम द्वारा किसी राजनीतिक दल को दिए वित्तीय समर्थन की सूचना तक पहुंच का अधिकार नहीं है। उन्होंने चुनाव बांड योजना का विरोध करने वाले याचिकाकर्ताओं द्वारा पेश तर्क का जवाब देते हुए जोर दिया कि नागरिकों के पास हर विस्तृत विवरण 'जानने का असीमित व सामान्य अधिकार नहीं है।' उन्होंने जोर दिया कि अभिव्यक्ति के लिए आवश्यक सूचना अधिकार संपूर्ण होने के बजाय विशिष्ट उद्देश्यों या लक्ष्यों से संचालित होना चाहिए। राजनीतिक अभियानों व चुनावों की फंडिंग पार्टियों व उम्मीदवारों को मतदाताओं तक पहुंचने, अपना संदेश प्रसारित करने तथा समान आधार पर प्रतियोगिता करने में सक्षम बनाती है। लेकिन फंडिंग के स्रोत की जानकारी राजनीतिक प्रक्रिया की निष्ठा प्रभावित कर सकती है। स्थिति की गंभीरता समझने के लिए इस तथ्य पर गौर करना चाहिए कि मार्च, 2018 और जुलाई, 2023 के बीच विभिन्न राजनीतिक पार्टियों को लगभग 13,000 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है। 2018 से 2022 तक कुल 9,208 करोड़ रुपये के चुनाव बांड जारी हुए जिनमें भाजपा को कुल धनराशि का 58 प्रतिशत मिला।



मार्च, 2023 में असोसियेशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म्स-एडीआर के अनुसार, सात राष्ट्रीय पार्टियों के कुल राजस्व का 66 प्रतिशत से अधिक हिस्सा चुनाव बांडों व अघोषित स्रोतों से प्राप्त हुआ। ऐसे में यह विश्वास करने का कारण है कि अधिकांश फंडिंग व्यक्तियों के पास एकत्र 'काले धन' से की जाती है। हालांकि, चुनाव बांड समर्थकों का कहना है कि इनसे खासकर कार्पोरेट फंडिंग की पारदर्शिता सुनिश्चित होती है तथा चुनावों में काले धन के प्रयोग पर रोक लगती है। जहां राजनेता वर्ग यह जानना चाहता है कि आम नागरिक अपना एक-एक पैसा कैसे खर्च करता है, वहीं वे स्वयं को मिलने वाली फंडिंग की मात्रा या उसका स्रोत नहीं बताना चाहते हैं। कुल आंकड़ों से किसी खास राजनीतिक पार्टी को मिले दान या दानदाताओं का पता नहीं चलता है। फंडिंग के स्रोत की जानकारी से मतदाता उम्मीदवारों और पार्टियों को जवाबदेह ठहरा सकते हैं। यदि बड़ी मात्रा में धनराशि कुछ खास 'इंट्रेस्ट ग्रुपों' या निगमों से आती हो तो चिन्ता पैदा होती है कि इन उद्यमों का निर्वाचित प्रतिनिधियों पर अनावश्यक प्रभाव रहेगा। यदि बड़ी कार्पोरेट फंडिंग सार्वजनिक जानकारी में हो और सत्ता में आने पर कोई पार्टी उसके हितों की पैरवी करे तो संबंध स्थापित हो जाएगा, जबकि राजनीतिक पार्टियां इसकी घोर विरोधी हैं। अटार्नी जनरल का विचार लोकतंत्र में पारदर्शिता व जवाबदेही सिद्धान्तों के विपरीत है। हालांकि, कुछ संदर्भों में निजता के पक्ष में तर्क हैं, पर राजनीतिक फंडिंग उनमें शामिल नहीं है। अक्सर खुलासा न करने को स्वतंत्र अभिव्यक्ति की सुरक्षा तथा दानदाताओं को उत्पीड़न से बचाने का तर्क दिया जाता है। लेकिन इससे अनुमान लगता है कि खुलासे का नतीजा अनिवार्य रूप से उत्पीड़न होगा और यह भी पारदर्शिता और जवाबदेही के व्यापक सिद्धान्तों की अनदेखी होगा।

# अविश्वसनीय ग्लोबल हंगर रिपोर्ट

## भारत को एक बार फिर ग्लोबल हंगर रिपोर्ट में निचला स्थान मिला है। लेकिन सवाल है कि इस मूल्यांकन का आधार और विधियां कितनी विश्वसनीय हैं?



**अश्विनी महाजन**
(लेखक, दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं)



पिछले वर्षों की तरह एक बार फिर जर्मन संगठन 'विल्फ हंगरहिल्फे' ने 'हंगर इंडेक्स' जारी कर दुनिया के देशों की इसके आधार पर रैंकिंग की है। इसे तथाकथित 'ग्लोबल हंगर रिपोर्ट, 2023' में शामिल किया गया है। इस रैंकिंग में भारत को एक बार फिर बहुत नीचे 111वें स्थान पर जगह मिली है। उल्लेखनीय है कि इस साल 125 देशों को रैंकिंग में शामिल किया गया है। पिछले साल 2022 में भारत को 121 देशों की सूची में 121वां स्थान मिला था, जबकि पहले 116 देशों की सूची में भारत को 101वां स्थान दिया गया था। इस हंगर इंडेक्स से उनका अर्थ यह है कि भारत में न केवल भूख की समस्या बहुत व्यापक है, बल्कि यदि रिपोर्ट पर विश्वास किया जाए तो हमारा प्रदर्शन पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, आदि देशों के समान है जबकि भारत से खाद्यान्न सप्लाई पर निर्भर देशों को भारत से बेहतर स्थिति में दिखाया गया है। ऐसी स्थिति में रिपोर्ट पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं।

हमें भारत में भूख के यथार्थ तथा उसके संकेतक समझना जरूरी है। 'वेल्ट हंगरहिल्फे' के 'हंगर इंडेक्स' में चार मानकों को आधार बनाया गया है। इनमें कुपोषण, बच्चों में बौनापन, बच्चों में कम भार, लंबाई के अनुसार कम भार तथा पांच वर्ष की आय तक बच्चों में मृत्यु दर शामिल हैं। इन सभी मानकों पर हंगर इंडेक्स आधारित है। वेल्ट हंगरहिल्फे का कहना है कि भारत में यह सूचकांक 28.7 है जिसे बहुत गंभीर माना जाता है। पाकिस्तान में यह 26.6 है जिसके आधार पर पाकिस्तान का स्थान भारत से ऊपर 102 नंबर पर है। इसी प्रकार 19.0 प्वाइंट के साथ बांग्लादेश 81वें स्थान पर तथा 13.3 प्वाइंट के आधार पर श्रीलंका 60वें स्थान पर है।

यदि हम हंगर इंडेक्स में प्रयोग इन पैरामीटरों तथा मानकों पर गौर करें तो एक ओर एकत्रित आंकड़ों तथा दूसरी ओर इसकी क्रियाविधि पर सवाल उठते हैं। न केवल भारत सरकार, बल्कि अनेक अन्य विशेषज्ञों ने इस रिपोर्ट को पूरी तरह खारिज कर दिया है।

वेल्ट हंगरहिल्फे की क्रियाविधि के अनुसार, बाल मृत्यु हंगर इंडेक्स का प्रमुख निर्धारक है। वर्ष 2023 के हंगर इंडेक्स क अनुमान में आश्चर्यजनक रूप से 2020-21 के बाल मृत्यु आंकड़े प्रयोग किए गए हैं। इस रिपोर्ट में भारत की बाल मृत्यु दर प्रति हजार 31 मानी गई है। भारत की नमूना पंजीकरण व्यवस्था द्वारा प्रकाशित डेटा के अनुसार देश में बाल मृत्यु दर 2019 में 35 प्रति हजार से गिर कर 2020 में 32 प्रति हजार रह गई थी। यदि बाल मृत्यु दर में इस गिरावट पर ध्यान दिया जाए तो इसके 2023 में 24.4 पहुंचने की आशा थी। ऐसी स्थिति में भारत में बाल मृत्यु दर के पुराने डेटा प्रयोग करने का कोई आधार नहीं है, जबकि भारत के हंगर इंडेक्स, 2023 में बाल मृत्यु दर 31 मानी गई। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, पाकिस्तान में शिशु मृत्यु दर 55.8 प्रतिशत तथा बाल मृत्यु दर इससे भी अधिक है। इसके बावजूद भूख के मामले में भारत को 111वें स्थान पर, जबकि पाकिस्तान को 102वें स्थान पर रखा गया।

इसका कारण यह है कि हंगर इंडेक्स के अन्य पैमानों में भी गलत डेटा प्रयोग किया गया है। अन्य अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों के डेटा में भी कुछ गलतियां पाई गई हैं। जहां भारत सरकार ने 2020 में शिशु मृत्यु दर 28 प्रति हजार बताई थी, वहीं अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों ने इसे 29.848 बताया था। उल्लेखनीय है कि आधिकारिक डेटा के बजाय अन्य डेटा का प्रयोग न केवल अनैतिक, बल्कि कानूनी रूप से गलत भी है, फिर चाहे यह किसी विदेशी एजेंसी ने किया हो या भारतीय एजेंसी ने। लेकिन इस वर्ड हंगर रिपोर्ट में खुलेआम कहा गया है कि इस रिपोर्ट में सरकारों द्वारा केवल संयुक्त राष्ट्रसंघ को दिए डेटा का प्रयोग जरूरी नहीं है। ऐसा लगता है कि भारत में तेजी से सुधरती स्थिति उन संगठनों को रास नहीं आ रही है जो दुष्टतापूर्ण इरादों के साथ काम करते हैं। जहां तक कुपोषण पर डेटा का सवाल है, वेल्ट हंगरहिल्फे के पास कोई वास्तविक डेटा नहीं है क्योंकि आधिकारिक एजेंसी द्वारा कराया जाने वाला पारिवारिक उपभोग सर्वेक्षण 2011 के बाद कराया नहीं गया है।

इसलिए कुपोषण के आंकड़े 3000 लोगों के 'गैलप सर्वे' पर आधारित हैं। इस क्रियाविधि पर भी सवाल हैं जो कुपोषण को 16.6 प्रतिशत बताती है। उल्लेखनीय है कि 'पोषण ट्रैकर' द्वारा एकत्रित 7 करोड़ से अधिक बच्चों के रियल-टाइम हेल्थ डेटा में फरवरी, 2023 में देश के केवल 7.7 प्रतिशत बच्चों को कुपोषित पाया गया। यदि हम खाद्यान्नों के उत्पादन व उपलब्धता की बात करें तो भारत 188 देशों की नवीनतम ग्लोबल रैंकिंग, 2020 में 35वें स्थान पर आता है। खाद्यान्नों, दूध, अंडों, फलों, सब्जियों, मछलियों, आदि के लगातार बढ़ते प्रति व्यक्ति उपभोग से पुष्ट होता है कि भारत आज मांग की तुलना में अतिरिक्त भोजन का उत्पादन कर रहा है।

अभी हाल तक भारत में बौनेपन व दुबलेपन के बारे में डेटा केवल राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-एनएफएचएस में ही उपलब्ध था। लेकिन छोटे नमूना आकार के कारण अक्सर एनएफएचएस डेटा पर सवाल उठते थे। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार के महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने एक समग्र पोषण अभियान शुरू किया है ताकि देश में कुपोषण की समस्या से निबटा जा सके। जहां एनएफएचएस तुलनात्मक रूप से छोटे नमूने पर नतीजे निकालता था, 'पोषण ट्रैकर' 7 करोड़ से अधिक बच्चों का रियल-टाइम डेटा प्रकाशित करता है। इसमें लगातार दिखाया गया है कि भारत में बौनापन केवल 7.2 प्रतिशत बच्चों में पाया गया है, जबकि वेल्ट हंगरहिल्फे की हंगर रिपोर्ट, 2023 में एनएफएचएस 2019-21 के आंकड़ों का प्रयोग किया गया है जो 18.7 प्रतिशत है।

जहां तक बौनेपन का सवाल है, विशेषज्ञों का विश्वास है कि पूरे देश के लिए एक मानक प्रयोग नहीं किया जा सकता है। न केवल बौनापन, बल्कि दुबलापन भी अनेक आयामों पर निर्भर करता है जिनमें भूगोल, परिवेश तथा जेनेटिक्स शामिल हैं। यदि हम पंजाबी बच्चों की लंबाई देखें तो वह पूर्वोत्तर के बच्चों से कई इंच लंबे होते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी यह स्थिति स्वीकार की है।

केवल इतना ही नहीं, भारत सरकार का 'पोषण अभियान' देश में कुपोषण की समस्या से बहुत परिश्रम के साथ निबट रहा है। वह हर 15 दिन पर नतीजों का आंकलन करता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी इस मामले में 'पोषण ट्रैकर' द्वारा प्रकाशित डेटा का प्रयोग करना शुरू कर दिया है। हालांकि, वेल्ट हंगरहिल्फे की रिपोर्ट में प्रयोग क्रियाविधि पर अनेक आपत्तियां हैं, लेकिन यदि एजेंसी का यह फार्मूला स्वीकार कर लिया जाए तो भी यदि सही आंकड़ों का प्रयोग किया जाए तो इस लेख के लेखक द्वारा निकाला हंगर इंडेक्स 9.528 निकलता है। इसका अर्थ पांच वर्ष तक आयु वाले बच्चों की मृत्यु दर 24.4 प्रतिशत, बौनेपन तथा कुपोषण की दर 7.2 प्रतिशत तथा 7.7 प्रतिशत मानना होगा। ये डेटा 'पोषण ट्रैकर' द्वारा प्रकाशित किए गए हैं। इसके साथ ही बौनेपन के आंकड़ों को हटाना उचित होगा क्योंकि उनकी तुलना नहीं की जा सकती है।

इस प्रकार इस लेख के लेखक द्वारा निकाले 9.528 हंगर इंडेक्स के अनुसार वेल्ट हंगरहिल्फे द्वारा निकाली भारत की रैंकिंग 111वे स्थान के बजाय 48वें स्थान पर होनी चाहिए। वेल्ट हंगरहिल्फे की रिपोर्ट प्रकाशित होने के बाद स्वाभाविक रूप से भारत की अनेक विपक्षी पार्टियों ने इस रिपोर्ट के आधार पर भूख को एक मुद्दा बनाने का प्रयास किया है। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि जहां विपक्षी दल अपने निहित राजनीतिक व चुनावी स्वार्थों के कारण वर्तमान मोदी सरकार को घेरने का एक भी मौका नहीं छोड़ना चाहते हैं।

इसके साथ ही यह तथ्य भी स्पष्ट है कि 'वेल्ट हंगरहिल्फे' जैसी संस्था अपने संदिग्ध डेटा व क्रियाविधि के कारण भारत को बदनाम करना चाहती है। चूंकि उसके डेटा और क्रियाविधि पर अनेक सवाल खड़े होते हैं, अत: उसकी रिपोर्ट पूर्णत: अविश्वसनीय तथा यथार्थ से परे है। ऐसी सभी एजेंसियों व संस्थाओं के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए जो भारत को बदनाम करने का प्रयास कर रही हैं।

# सरोगेसी से जुड़े समाजीय एवं नैतिक मुद्दे

" सरोगेसी का सामाजिक प्रभाव बहुत जटिल है और इस पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। "

**बीजू धर्मपालन**
(लेखक, विज्ञान संप्रेषक हैं)



सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले ने मेयर रोकिटान्स्की कुस्टर हॉसर सिंड्रोम की दुर्लभ चिकित्सा स्थिति से प्रभावित महिलाओं के लिए दाता युग्मकों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले नियम को रद्द कर दिया है, हालांकि प्रभावित जोड़े के लिए खुशी लाने से समाज में दूरगामी परिणाम होने तय हैं। दुनिया भर में, बांझपन की समस्या वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। डब्ल्यूएचओ की हालिया रिपोर्ट के अनुसार लगभग 17.5 प्रतिशत वयस्क आबादी - दुनिया भर में लगभग 6 में से 1 - बांझपन का अनुभव करती है। इसके लिए सहायक प्रजनन तकनीकों (एआरटी) की प्रगति की आवश्यकता है, जिसमें इन विट्रो निषेचन और सरोगेसी शामिल है। सरोगेसी को कभी-कभी बांझपन के संभावित समाधान या गोद लेने के विकल्प के रूप में माना जाता है। नतीजतन, इसे आम तौर पर उत्सव का कारण माना जाता है, क्योंकि यह व्यक्तियों को माता-पिता बनने की उनकी आकांक्षाओं को पूरा करने में मदद करता है। फिर भी, सरोगेसी में लिंग, रोजगार, मुआवजा, शोषण और असमानता के बारे में जटिल नैतिक चिंताएं शामिल हैं। सरोगेसी के दो मुख्य प्रकार हैं, पारंपरिक सरोगेसी और गर्भकालीन सरोगेसी। पारंपरिक सरोगेसी में सरोगेट मां को अपने इच्छित पिता के शुक्राणु से कृत्रिम रूप से गर्भवती करना शामिल होता है, जिसके परिणामस्वरूप वह आनुवंशिक और गर्भकालीन मां दोनों बन जाती है। पारंपरिक सरोगेसी में सरोगेट के अंडे का उपयोग किया जाता है। इसका मतलब यह है कि सरोगेट आनुवंशिक रूप से उसके गर्भ में पल रहे बच्चे से संबंधित है।

जेस्टेशनल सरोगेसी में इन विट्रो फर्टिलाइजेशन द्वारा बनाए गए भ्रूण को सरोगेट मां के गर्भाशय में स्थानांतरित किया जाता है, जो फिर बच्चे को जन्म देती है। गर्भावधि सरोगेसी में, सरोगेट का आनुवंशिक रूप से बच्चे से कोई संबंध नहीं होता है।



इच्छित माता-पिता या दाताओं की आनुवंशिक सामग्री से निर्मित भ्रूण को सरोगेट के गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है। सरोगेसी को वाणिज्यिक या परोपकारी के रूप में वर्गीकृत किया जा सकता है, यह इस पर आधारित है कि सरोगेट को उसकी गर्भावस्था के लिए वित्तीय मुआवजा मिलता है या नहीं। दुनिया में भारत और यूक्रेन जैसे बहुत कम देश ही व्यावसायिक सरोगेसी की अनुमति देते हैं। कम लागत के कारण भारत प्रजनन पर्यटन के लिए एक लोकप्रिय केंद्र के रूप में उभरा है, जो सहायक प्रजनन तकनीकों के लिए विदेशों से जोड़ों को आकर्षित करता है। सरोगेसी का सामाजिक प्रभाव बहुत जटिल है और इस पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। इसमें नैतिक, कानूनी, भावनात्मक और सांस्कृतिक विचारों सहित व्यापक दृष्टिकोण शामिल हैं। सरोगेसी को प्रजनन अधिकारों के विस्तार के रूप में देखा जा सकता है, जो व्यक्तियों और जोड़ों को बच्चे पैदा करने की इजाजत देता है जबकि वे अन्यथा ऐसा नहीं कर सकते। यह बांझपन से जूझ रहे लोगों, समान-लिंग वाले जोड़ों और ऐसे व्यक्तियों के लिए एक विकल्प प्रदान कर सकता है जो गर्भधारण करने में शारीरिक रूप से असमर्थ हैं। आलोचकों का तर्क है कि सरोगेसी से महिलाओं के शरीर का वस्तुकरण हो सकता है, विशेष रूप से व्यावसायिक सरोगेसी व्यवस्था में जहां सरोगेट को मुआवजा दिया जाता है। सरोगेट्स और इच्छित माता-पिता के बीच शोषण, जबरदस्ती और असमान शक्ति गतिशीलता के बारे में चिंताएं उठाई जाती हैं। सरोगेसी में शामिल सभी पक्षों पर महत्वपूर्ण भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक परिणाम हो सकते हैं। इसमें सरोगेट, इच्छित माता-पिता और संभावित रूप से बच्चा शामिल है।

सरोगेसी में माता-पिता-बच्चे के संबंधों की गतिशीलता जटिल हो सकती है। आनुवांशिक संबंध, गर्भकालीन संबंध और बच्चे और सरोगेट के बीच मनोवैज्ञानिक बंधन के बारे में प्रश्न उठ सकते हैं। सरोगेसी प्रजनन प्रक्रिया में कई पक्षों को शामिल करके परिवार की पारंपरिक धारणाओं को चुनौती देती है। आमतौर पर, समाज के निचले तबके की महिलाएं ही इसका शिकार होती हैं। अमीर जोड़ों की चाहत पूरी करने के लिए उन्हें अपनी जान तक कुर्बान करनी पड़ती है। सरोगेसी की अवधि के दौरान, सामाजिक कलंक से बचने के लिए उन्हें अपने परिवार के सदस्यों से अलग रखा जाता है।

इससे भी अधिक, किसी और के बच्चे को अपने शरीर में रखना सरोगेट मां के लिए कई मनोवैज्ञानिक समस्याएं पैदा करता है। अक्सर प्रजनन क्लीनिकों और बिचौलियों के बीच एक अस्वस्थ सांठगांठ होती है, जो गरीब महिलाओं को पैसे का लालच देकर उनका शोषण करते हैं, जिसका अधिकांश हिस्सा बिचौलियों के पास चला जाता है। गर्भावस्था के कारण किसी भी अप्रिय स्वास्थ्य समस्या के मामले में न तो अस्पताल और न ही दाता दंपत्ति इन गरीब महिलाओं की देखभाल करते हैं। गरीब महिलाओं को प्रजनन का कारखाना मानने के बजाय, हमें संभावित जोड़ों की माता-पिता की जरूरतों को पूरा करने के लिए गोद लेने या कृत्रिम गर्भ जैसी प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने जैसे वैकल्पिक तरीकों की तलाश करनी होगी।

## आप की बात

### नेताओं को चंदा

**एटर्नी जनरल** ने कहा कि जनता को राजनीतिक दलों के चंदे का स्रोत जानने का अधिकार नहीं है। लोकतंत्र की सर्वमान्य परिभाषा है-जनता का शासनए जनता के द्वारा और जनता के लिये। राजनीतिक दल सत्ता में आने के बाद जनता द्वारा खर्च की जाने वाली एक एक पाई का हिसाब लेने का हक रखते हैं, फिर वे यह कैसे कह सकते हैं कि उन्हें मिलने वाले चंदे का हिसाब देखने का जनता को कोई हक नहीं है। जगजाहिर है कि करोड़ों रुपए तो दूर की बात है बिना मतलब के कोई किसी को एक रुपया भी नहीं देता है। जो लोग करोड़ों रुपए राजनीतिक दलों को चंदे में देते हैं तो वह एक के दस करने के लिए ही इसे निवेश मानते हैं। बांड के रूप में चंदा देने का उस समय तक कोई अर्थ नहीं जब तक कि चंदा देने वाले और लेने वाले का पूरा विवरण पारदर्शी न हो। चुनावी बांड से चंदा देने वाले कार्पोरेट घरानों या कार्टेलों को भी स्पष्ट करना चाहिए कि वे किन नीतियों के पक्ष में राजनीतिक दलों का समर्थन कर रहे हैं। शायद बढ़ते कार्पोरेट चंदे के कारण ही सत्ता में पहुंचने पर लगभग सभी दलों की आर्थिक नीतियां एक जैसी होती हैं जिसमें अमीरों को तुलनात्मक रूप से अधिक लाभ और गरीबों को किसी तरह जीते रहने और वोट देते रहने की व्यवस्थायें शामिल होती हैं।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### आरक्षण की मांग

**महाराष्ट्र** फिर मराठा आरक्षण की आग में झुलसने लगा है। 8 जिलों में प्रदर्शन-आंदोलन जारी है, दो विधायकों के घर आंदोलनकारियों ने जला डाले, पुणे-मुंबई हाइवे 6 घंटे तक जाम कर दिया तथा बसों-ट्रेनों को भी रोका गया। आंदोलनकारी 16 प्रतिशत आरक्षण की मांग पर अड़े हैं। देश में केवल मराठा आरक्षण ही नहीं, बल्कि समय-समय पर अन्य समाज भी आरक्षण की मांग करते रहते हैं। आरक्षण की मांग अनेक समुदायों के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन रहा है, जबकि यह सरकार व राजनीतिक दलों के लिए गले की हड्डी हो गई है। राजनीतिक दलों को वोटों के राजनीतिक स्वार्थ से परे होकर आरक्षण की बढ़ती मांग, सामाजिक सद्भाव बनाए रखने व सबके लिए समान अवसर प्रदान करने के लिए बीच का रास्ता निकालना जरूरी हो गया है। विडंबना है कि आर्थिक रूप से संपन्न अनेक समुदाय भी सरकारी नौकरियों पर कब्जे के उद्देश्य से आरक्षण की मांग कर रहे हैं क्योंकि अनेक सुधारों के बावजूद आज भी बहुत से लोगों के लिए सरकारी नौकरी हरामखोरी, मुफ्तखोरी, रिश्वतखोरी व समाज में अपना वर्चस्व स्थापित करने का साधन मानी जाती है।

– **शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### आनलाइन सट्टा

**ऑनलाइन ऐप** के जरिए अवैध तरीके से सट्टेबाजी कराने वाले और 6000 करोड़ का टर्नओवर करने वाले महादेव एप और इसके काम करने के तरीकों का खुलासा हो गया है। खास बात है कि 6000 करोड़ के हवाला का कारोबार करने वाले और दुबई से नियंत्रित होने वाले इस महादेव एप के 2000 से ज्यादा ऑपरेटर हैं। इन ऑपरेटरों को एक विशिष्ट ओटीपी दिया गया और उनके फोन ले लिए गए। इसके बाद करोड़ों रुपये की सट्टेबाजी और लेनदेन को अंजाम दिया गया। यदि इनमें से कोई भी ऑपरेटर जांच प्रणाली द्वारा पकड़ा गया तो मुख्य ऑपरेटर या मास्टरमाइंड को तुरंत मोबाइल नंबर के सभी चैनलों से लॉग आउट कर दिया जाता था। बहुत जटिल और हाई-फाई तकनीक का इस्तेमाल कर लाखों-करोड़ों का सट्टा लगाया जा रहा था। इसमें पैसों के लेन-देन के लिए मुख्य रूप से सोशल मीडिया और ऑनलाइन तरीके का इस्तेमाल किया गया। चिन्ता की बात यह भी है कि इस घोटाले में अनेक सेलेब्रिटीज़ का नाम भी सामने आया है। इसका अर्थ है कि पैसा कमाने के लिए कोई भी तरीका अपनाने को अब अनैतिक नहीं माना जाता है।

– **दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

### रेल सुरक्षा

**आंध्र प्रदेश** के विजयनगर में दो ट्रेनों की टक्कर में 14 लोगों की मृत्यु और कई लोगों के घायल होने के समाचार व्यथित कर देने वाले हैं। इस वर्ष यह तीसरी बड़ी रेल दुर्घटना है जिसमें जनधन की भारी हानि हुई है। विकसित देशों में रेलवे की सुरक्षा व्यवस्था बेमिसाल है और एआई के आ जाने से यह इंतजाम और अधिक कारगर होने जा रहा है। भारत में रेलवे परिवहन आम जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण सस्ता व सुलभ साधन है। ऐसे में रेल मंत्रालय को रेलवे की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से अध्ययन करके सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने चाहिए। एआई युक्त आधुनिक सुरक्षा उपकरणों को देश की सभी ट्रेनों में लगाया जाना चाहिए। वर्तमान दुर्घटना और इसके पहले हुई दुर्घटना में सुरक्षा तकनीक की विफलता के साथ ही कर्मचारियों की लापरवाही को जिम्मेदार माना गया है। इसलिए तकनीक में सुधार के साथ ही कर्मियों के प्रशिक्षण, उनको बेहतर काम व आराम के अवसर तथा समुचित संख्या में कर्मचारियों की उपस्थिति भी रेल सुरक्षा के लिए अति-आवश्यक होती जा रही है।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

# खराब वायु गुणवत्ता वाले जिलों में उठाए जाएं प्रभावी कदमः दुर्गा शंकर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि जिन जनपदों में वायु गुणवत्ता की स्थिति खराब है, वहां प्रभावी कदम उठाए जाएं। संवेदनशील जनपदों में विशेष रूप से सतर्कता बरती जाए। वायु प्रदूषण के नियंत्रण और वायु गुणवत्ता के सुधार के लिये कार्ययोजना बनाकर उसे अमल में लाया जाए।

वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिये उपलब्ध संसाधनों यथा एयर स्मोग गन, वाटर स्प्रिंकलर आदि का उपयोग के साथ एनफोर्समेंट की भी कार्रवाई करें। बेहतर उपायों को अधिकारी आपस में साझा करें। इसी प्रकार फसल अवशेष जलाने से रोकने के लिये जनपदों में अपेक्षित कार्यवाही सतत रूप से जारी रहे हैं। पराली प्रबंधन के लिए जिन एफ पीओ को सब्सिडी पर कृषि यंत्रों की खरीद की स्वीकृति प्रदान की गई है, उनका क्रय समय से हो जाये और कृषि यंत्रों का अधिक से अधिक

## ● मुख्य सचिव ने सभी मंडलायुक्तों व जिलाधिकारियों के साथ की साप्ताहिक समीक्षा बैठक

उपयोग हो। मुख्य सचिव बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रे सिंग के माध्यम से समस्त मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निराश्रित गोवंश संरक्षण के लिए 1 नवम्बर 2023 से 31 दिसम्बर 2023 तक दो माह का विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के पश्चात एक भी निराश्रित गोवंश सड़क पर नहीं दिखना चाहिए। शासन के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आगामी 7 से 9 नवम्बर तक भ्रमण कर अभियान की प्रगति समीक्षा की जाएगी। पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि योजना में पंजीकरण के सापेक्ष वेरीफिकेशन के कार्य में भी तेजी लाने की



जरूरत है। बैठक में बताया गया कि सभी ट्रेड में करीब 76 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके सत्यापन की कार्यवाही गतिमान है।

उन्होंने सभी मण्डलायुक्त एवं जिलाधिकारियों को हॉट कुक्ड मील योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि योजनान्तर्गत सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 3-6 वर्ष के बच्चों को गर्म पका हुआ भोजन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि मंत्रिपरिषद द्वारा उज्ज्वला योजना की महिला लाभार्थियों को दीपावली व होली से पूर्व एक.एक निशुल्क सिलेण्डर देने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में लगभग 1 करोड़ 75 लाख लाभार्थियों में से 54 लाख लाभार्थियों का डाटा आधार सत्यापित है। प्रचार-प्रसार कर अवशेष लाभार्थियों का भी आधार सत्यापन कराया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी कार्मिकों के रिटायर होने पर उनके सभी सेवानिवृत्तिक लाभ जैसे पेंशन, ग्रेच्युटी, अवकाश नगदीकरण सुविधा आदि देयों का भुगतान हो जाए, साथ ही रिटायर होने वाले दिन उनके सम्मान में विदाई समारोह भी आयोजित किया जाए। इस मौके पर उन्होंने राजस्व वादों के निस्तारण की स्थिति की सघन समीक्षा की और अधिकतम निस्तारण वाले जनपदों को प्रोत्साहित किया और खराब निस्तारण वाले जनपदों को प्रगति लाने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक प्रत्येक माह आयोजित होनी चाहिए। बैठकों की समीक्षा के लिये परिवहन विभाग द्वारा पोर्टल तैयार कराया जाए। शीत ऋतु में स्माग, कोहरे के दृष्टिगत व्यावसायिक वाहनों में रेट्रो रेफ्लेक्टिव टेप लगवाये जाएं। जिला स्कूल वाहन परिवहन सुरक्षा समिति की वर्ष में दो बार अनिवार्य रूप से बैठक करायी जाये। स्कूल वाहन चालकों का पुलिस विभाग तथा स्कूली वाहनों का परिवहन विभाग द्वारा शत-प्रतिशत सत्यापन कराया जाए।

# मुख्यमंत्री कल गोरखपुर को देंगे 271 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात

## ● चंपा देवी पार्क में जनसभा को भी करेंगे संबोधित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ 3 नवंबर को गोरखपुर जिले को करीब 271 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात देंगे। वह छह कार्यदायी संस्थाओं की 221.10 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण 89 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण तथा आठ कार्यदायी संस्थाओं की 49.48 करोड़ रुपए की लागत वाली 51 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

लोकार्पण व शिलान्यास का यह कार्यक्रम रामगढ़ताल के समीप चंपा देवी पार्क में होना प्रस्तावित है। गोरखपुर के अपने दौरे पर प्रायः विकास कार्यों की बौछार करने वाले



सीएम योगी नवंबर माह के दौरों की शुरुआत भी उपहार देकर करेंगे। शुक्रवार को मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली विकास परियोजनाओं में लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड की 4, लोक निर्माण विभाग निर्माण खंड तीन की 8, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की 6, यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड की 1, नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड की 20 और जल निगम ग्रामीण की 50 परियोजनाएं शामिल हैं। जबकि शिलान्यास वाली परियोजनाओं में से 12 की कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड, 1 की लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड, 1 की सीएण्डडीएस (14), 4 की पुलिस आवास निर्माण निगम, 1 की यूपी सिडको, 2 की यूपीसीएलडीएफ, 4 की ग्रामीण अभियंत्रण विभाग व 26 की कार्यदायी संस्था नेशनल प्रोजेक्ट्स कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन लिमिटेड है।

शुक्रवार को मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पित होने वाली विकास परियोजनाओं में सर्वाधिक संख्या उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण) की हैं। कुल 50 परियोजनाओं पर 184 करोड़ 90 लाख 36 हजार रुपए खर्च कर 50 ग्राम पंचायतों में घर-घर नल से शुद्ध पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। पेयजल की इन नई परियोजनाओं से पिपराइच, कैम्पियरगंज, गोरखपुर ग्रामीण, चिल्लूपार, खजनी, चौरीचौरा, बांसगांव विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।

# मोदी सरकार के विरोध में अल्पसंख्यक कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अल्पसंख्यक** कांग्रेस ने संयुक्त राष्ट्र संघ में गाजा पट्टी में जारी हिंसा को रोकने के लिए लाए गए प्रस्ताव से मोदी सरकार के अनुपस्थित रहने पर विदेश मंत्री को ज्ञापन भेज कर अपनी आपत्ति जताई है।

अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने कहा कि भारत हमेशा से शांति के पक्ष में और हिंसा के विरुद्ध लाए गए प्रस्तावों का समर्थक रहा है। पंडित नेहरू के नेतृत्व में शुरू हुए गुट निरपेक्ष आंदोलन के पीछे भी यही विचार रहे हैं। ये विचार भारत के नैतिक साहस का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सदस्य के रूप में हमारे कार्यों का मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि




मोदी सरकार ने मतदान के दौरान हिंसा के पक्ष में खड़े होकर भारत की छवि को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर धूमिल किया है। इससे भविष्य में किसी भी वैश्विक मुद्दे पर हमारी भूमिका अविश्वास से देखी जाएगी।

# मानवीय दृष्टि से बंदियों की बुनियादी आवश्यकताएं अवश्य पूरी करेंः धर्मवीर प्रजापति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कारागार** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने जेल अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अच्छे व्यवहार तथा मानवीय दृष्टि से बंदियों की बुनियादी आवश्यकताएं अवश्य पूरी करें। प्रजापति बुधवार को कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं मुख्यालय, लखनऊ में विभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उत्तर प्रदेश की सभी रेंज के उपमहानिरीक्षक, कारागारों से वरिष्ठ अधीक्षक और अधीक्षक ऑनलाइन माध्यम से वर्चुअल उपस्थित रहे।

उन्होंने आज करवाचौथ के मौके पर जेल में निरुद्ध बंदियों के पति-पत्नी की मुलाकात कराने के विशेष निर्देश दिए। उन्होंने कारागारों में चल रहे वन जेल वन प्रोडक्ट

## ● कारागार मंत्री ने की विभागीय समीक्षा, विभिन्न बिन्दुओं पर दिए अहम निर्देश

अभियान के अंतर्गत बनाए जा रहे उत्पादों के बारे में जनता के बीच जागरूकता बढ़ाने के लिए कहा। प्रजापति ने कारागार के विभिन्न उत्पादों को जनता के बीच प्रदर्शन कराने पर बल दिया।

बैठक में ओवरक्राउडिंग, महिला एवं बच्चों के लिए किया जा रहे कल्याणकारी कार्य, नवीन कारागारों के निर्माण की स्थिति, सुरक्षा उपकरणों की स्थिति, समय पूर्व रिहाई, नैतिक मूल्यबोध विकसित करने वाले कार्यक्रम व



अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रमुख सचिव कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवाएं राजेश कुमार सिंह ने कारागारों में शुरू कराये गए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा की जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत कराया। जिसके द्वारा जेल की सुरक्षा और सुदृढ़ करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश की कारागारों में ड्रोन कैमरे के माध्यम से एरियल सर्विलेंस किया जा रहा है। साथ ही वन जेल वन वन प्रोडक्ट निर्मित उत्पादों के रीजनल प्रदर्शनी लगाई जाने की बात कही।

महानिदेशक कारागार एसएन साबत ने ओवर क्राउडिंग समस्या के निराकरण के सम्बन्ध में की जा रही कार्रवाई के बारे में बताया। उन्होंने यह भी अवगत कराया कि खुली कारागार की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। साथ ही बंदियों की समस्याएं, कारागारों में चल रहे उद्योग, स्वास्थ्य सेवाएं इत्यादि से मंत्री को अवगत कराया। शिक्षा एवं कौशल विकास के सम्बन्ध में किए जा रहे प्रयास के बारे में उन्होंनें अवगत कराया। समस्त कारागार में महिला एवं बच्चों के सम्बन्ध में की जा रही कल्याणकारी कार्यवाही तथा नशामुक्त कारागार के लिए प्रयास के सम्बन्ध में उन्होनें अवगत कराया।

इस गोष्ठी में अपर महानिरीक्षक कारागार चित्रलेखा सिंह, उप महानिरीक्षक कारागार मुख्यालय एके सिंह, उप महानिरीक्षक कारागार शैलेन्द्र मैत्रेय, पुलिस अधीक्षक एससी शाक्य, जेल अधीक्षक बृजेंद्र सिंह व अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जागरूकता और कार्रवाई के जरिए पराली जलाने की घटनाओं में आई कमी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पराली** जलाने की घटनाओं में कमी लाने के लिए योगी सरकार निरंतर जागरूक कर रही है। फिर भी न मानने वालों पर सख्ती कर जुर्माना आदि की कार्रवाई की जा रही है। इससे चलते साल दर साल पराली जलाने की घटनाओं में कमी आ रही है। सख्ती का ही असर है कि किसानों के फसल जलने की घटनाओं में भी कमी दर्ज की गई है। वहीं एनसीआर के कई जनपदों में भी लोग जागरूक हुए हैं। सरकार की कोशिश है कि पराली जलाने की घटनाओं में काफी हद तक कमी आ जाए।

फसल अवशेष प्रबंधन पर सरकार का काफी जोर है। यदि पराली जलाने की घटनाओं से जुड़े आंकड़ों पर नजर डालें तो 2022 में इससे जुड़े 3017 मामले सामने आए थे। योगी सरकार द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान व सख्ती से 2023 के 10 महीने में महज 906 मामले ही सामने आए। आंकड़ों पर नजर डालें तो पराली जलाने के 2017 में 8784, 2018 में 6623, 2019 में 4230, 2020 में 4659, 2021 में 4242 मामले प्रकाश में आए थे। योगी सरकार के सख्त रवैये से निरंतर पराली जलाने के मामलों में कमी दर्ज की जा रही है। पराली के कारण फसल जलने की घटनाओं में भी काफी कमी आई है। 30 अक्टूबर तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो 2020 में 1132 स्थानों पर ऐसी घटनाएं हुई थीं। 2021 में यह घटकर 890 हुई तो 30 अक्टूबर 2023 में 748 मामले ही प्रकाश में आए। पीलीभीत में 30 अक्टूबर 2022 तक जहां 98 प्रकरण आए थेए वहीं 84 प्रकरण 2023 में अब तक आए हैं। इस क्रम में शाहजहांपुर के लोगों ने काफी प्रयास किया। वहां 2022 में 223 मामले प्रकाश में थे, जो इस वर्ष तक

## ● 2017 में 8784 मामले आए थे सामने, 2023 के 10 महीने में रह गए महज 906

अभी 48 ही सामने आए हैं। पराली जलाने से रोकने में एनसीआर के जिलों में भी जागरूकता आई है। शामली में 30 अक्टूबर 2022 तक छह स्थानों पर ऐसी घटनाएं सुनाई दी थीं तो 2023 में 5, मेरठ में 4 के मुकाबले 3, बुलंदशहर में 7 के मुकाबले 6 और बागपत में दो के सापेक्ष एक घटनाएं प्रकाश में आईं। वहीं हापुड़ में पिछले वर्ष दो मामले प्रकाश में आए थे। इस वर्ष जागरूकता के कारण अब तक एक भी घटना नहीं हुई।

पराली जलाये जाने की घटनाओं पर कड़ी सख्ती बरती जा रही है। लेखपालों को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि अपने क्षेत्र में फसल अवशेष जलने की घटनाएं न होने दें। न मानने वालों पर अर्थदंड आदि की कार्रवाई भी की जा रही है। 2 एकड़ से कम क्षेत्र के लिए 2500, 2 से 5 एकड़ क्षेत्र के लिए 5000 व 5 एकड़ से अधिक क्षेत्र के लिए 15000 प्रति एकड़ अर्थदंड निर्धारित किया गया है।

# पीएम विश्वकर्मा योजना को लगे पंख, सभी 18 ट्रेड्स में अब तक आए 76 हजार आवेदन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के कारीगरों (विश्वकर्मा) को आत्मनिर्भर और स्वावलंबी बनाने के लिए शुरू हुई पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना पीएम विश्वकर्मा को अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। 17 सितंबर से प्रदेश में लागू हुई इस योजना में सीएम योगी के प्रयासों से अब तक सभी 18 ट्रेड्स में कुल मिलाकर करीब 76 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं जिनके सत्यापन का कार्य प्रभावी रूप से किया जा रहा है।

योगी सरकार के निर्देश पर कई जोन में पहले स्तर का सत्यापन कार्य जारी है तो कई जोन में दूसरे स्तर के सत्यापन की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। सत्यापन पूर्ण होने के बाद सभी चयनित विश्वकर्मा की ट्रेनिंग शुरू होगी और उन्हें ई वाउचर के रूप में टूलकिट की खरीद के लिए 15 हजार रुपए की राशि उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही बैंक के माध्यम से उन्हें लोन दिलाने के लिए कार्यवाही को आगे बढ़ाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने 17 सितंबर को पीएम विश्वकर्मा योजना की शुरुआत की थी। इसके तहत 18 ट्रेड्स से जुड़े श्विश्वकर्माश् को आत्मनिर्भर बनाने का

## ● पहले चरण में एक लाख रुपए तक का लोन दिलाने की शुरू होगी प्रक्रिया

प्रयास किया जाएगा। इसमें उनकी आर्थिक स्थिति के साथ.साथ कौशल को भी निखारने के लिए भी योजना बनाई गई है। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रदेश सरकार को सभी ट्रेड में कुल मिलाकर 76 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें सर्वाधिक 42 हजार से अधिक आवेदन दर्जी ट्रेड में प्राप्त हुए हैं। इसी तरह मिस्त्री ट्रेड में करीब 9000, बढ़ई ट्रेड में करीब 7 हजार, लोहार ट्रेड में करीब 4 हजार आवेदन प्राप्त हुए हैं। नाई ट्रेड में 2600 से अधिक, मालाकार में 1500 से अधिकए हैमर और टूल किट मेकर ट्रेड में 1300 से अधिक और धोबी व टॉय मेकर में एक-एक हजार से अधिक आवेदन मिले हैं। यही नहीं, फिशिंग नेट मेकर, बास्केट मेकर और कॉबलर ट्रेड में भी अच्छी-खासी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन सभी ट्रेड में मिले आवेदनों का सत्यापन कार्य जारी है और सत्यापन पूर्ण होने पर इन्हें कौशल विकास से जोड़ा जाएगा, जिसके बाद इनकी आर्थिक सहायता कर इन्हें स्वावलंबी बनाने के लिए कार्य किया जाएगा। पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लाभ लेने की जो प्रक्रिया निर्धारित की गई हैए उसके अनुसार सबसे पहले लाभार्थी को आवेदन करना होगा जिसके बाद तीन स्तर पर (पंचायत या यूएलबी) जिला और राज्यद्ध सत्यापन की कार्यवाही होगी।

लाभार्थी को पीएम विश्वकर्मा सर्टिफिकेट और आईडी कार्ड मिलेगा। साथ ही लाभार्थी की डिटेल को एमएसडीई को भी भेजा जाएगा। इसके बाद 5 दिन की बेसिक स्किल ट्रेनिंग और सर्टिफिकेट उपलब्ध कराया जाएगा। चुनिंदा लोगों को 15 दिन या इससे अधिक की एडवांस स्किल ट्रेनिंग और सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा। लाभार्थी को इसके बाद 15 हजार रुपए टूलकिट इंसेंटिव्स या टूलकिट के लिए प्रदान किए जाएंगे। साथ ही एक लाख रुपए के प्रारंभिक वित्त अंश के लिए आवेदन की जानकारी को बैंक से साझा किया जाएगा। क्रेडिट रिपोर्ट देखने के बाद बैंक लाभार्थी को एक लाख रुपए का लोन प्रदान करेंगे।

# रामायण के सातों अध्यायों पर आधारित झांकियां निकालेगा पर्यटन विभाग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ/अयोध्या

**श्रीराम** की नगरी में सातवें दीपोत्सव को लेकर सरकारी विभाग अपनी-अपनी ओर से अलग-अलग तैयारी करने में लगे हैं। पर्यटन विभाग भी सातवें दीपोत्सव को एक नए कीर्तिमान के रूप में स्थापित करने के लिए अपने ढंग से तैयारी कर रहा है। दीपोत्सव में पर्यटन विभाग की ओर से झांकियां निकाली जाएंगी जाएगी, जो रामायण के सातों अध्यायों (कांड) पर आधारित होंगी। इसके अलावा पंचकोसी, 14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थापित मठ मंदिरों व सामाजिक स्थलों पर पर्यटन विभाग सात लाख दिए जलाएगा।

पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव पर कुल आठ झांकियां निकाली जाएगी। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि तुलसीकृत राम चरित मानस के सात अध्याय बाल काण्ड, अयोध्या काण्ड, अरण्य काण्ड, सुन्दर काण्ड, किष्किंधा काण्ड, लंका काण्ड व उत्तर काण्ड पर आधारित सात झांकियां होंगी, इसके अलावा एक राम रथ की झांकी निकाली जाएगी। ये झांकियां साकेत महाविद्यालय से

## ● अयोध्या की पंचकोसी, 14 व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित मठ मंदिरों व सामाजिक स्थलों पर सात लाख दीपक जलाएगा पर्यटन विभाग

प्रारंभ होकर नया घाट तक जाएंगी। झांकियों को सजाने का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

दीपोत्सव में 24 लाख दीपक जलाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए पर्यटन विभाग सात लाख दीपक जलाकर सहयोग करेगा। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया अयोध्या की पंचकोसीए 14 कोसी व 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थापित सभी मठ मंदिरों एवं सामाजिक स्थलों पर पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव पर दिए जलाने की व्यवस्था की जा रही है। योगी सरकार इस बार का दीपोत्सव एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

# राहुल गांधी की ओर से उनके वकील हुए पेश



**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**भारत** जोड़ो यात्रा के दौरान महाराष्ट्र के अकोला में महान क्रांतिकारी विनायक दामोदर सावरकर को अंग्रेजो का नौकर बताने के कथित मामले में सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल रिवीजन अर्जी पर बुधवार को उनके वकील पेश हुए। वकील प्रांशु अग्रवाल ने इस अर्जी पर आपत्ति दाखिल करने के लिए अदालत से समय की मांग की। विशेष जज हरवंश नारायण ने मामले की अगली सुनवाई दो दिसंबर के लिए नियत कर दी। इस दौरान निचली अदालत से इस मामले की पत्रावली मंगाने का आदेश भी दिया है।

वकील नृपेंद्र पांडेय ने इस मामले में निचली अदालत में अर्जी दाखिल कर राहुल गांधी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने का आदेश देने की मांग की थी। निचली अदालत ने इस अर्जी को परिवाद के रूप में दर्ज करने का आदेश देते हुए थाना हजरतगंज से तथ्यों की जांच कराई थी। फिर 14 जून 2023 को इस परिवाद को खारिज कर दिया था। सत्र अदालत में निचली अदालत के इस आदेश को जरिए रिवीजन अर्जी चुनौती दी गई। बीते 30 सितंबर को सत्र अदालत ने परिवाद को सुनवाई के लिए मंजूर किया था। साथ ही विपक्षी राहुल गांधी को नोटिस जारी करने का आदेश भी दिया था। नृपेंद्र पांडेय ने परिवाद में आरोप लगाया है कि 17 नवंबर 2022 को राहुल गांधी ने समाज में वैमस्यता और द्वेष फैलाने की मंशा से वीर सावरकर जी के व्यक्तित्व पर अर्नगल दोषारोपण करते हुए एक प्रेस कान्फ्रेंस में उक्त बात कही। इस प्रेस कान्फ्रेंस में वीर सावरकर के विरुद्ध सुनियोजित व योजनाबद्ध तरीके से पहले से छपा छपाया पत्रक वितरित किया गया। अर्जी में कहा गया है कि राष्ट्रवादी विचारधारा के महानायक क्रान्तिवीर दामोदर सावरकर स्वतंत्रता इतिहास में अमरनायक व निडर स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने मां भारती को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति दिलाने के लिए उनके अमानवीय अत्याचार सहे। काला पानी की सजा के दौरान कोल्हू मे बैल बनकर तेल पेरा। कोड़े खाए। राहुल गांधी द्वारा ऐसे महानायक के विरुद्ध सार्वजनिक मंच से अमर्यादित शब्दों का प्रयोग कर समाज में जहर घोलने का काम किया गया है। उनके वक्तव्यों से वह न सिर्फ हतप्रभ है बल्कि उन्हें मानसिक व शारीरिक आघात भी पहुंचा है।

# समाजवादी पीडीए भाजपा के एनडीए को सत्ता से हटाएगाः अखिलेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी के पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं का आवाह्न किया कि वे 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से हटाने के लिए पूरी तैयारी के साथ अभी से जुट जाए। यह चुनाव आगे आने वाली पीढ़ी के भविष्य को भी तय करेगा। देश में लोकतंत्र और संविधान बचाने का यह अंतिम चुनाव होगा। समाजवादी पीडीए भाजपा के एनडीए को सत्ता से हटाएगा। भाजपा इस चुनाव में समाजवादी पीडीए के सामने कहीं टिक नहीं सकेगी।

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने यह बात बुधवार को उत्तर प्रदेश समाजवादी पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक को संबोधित करते हुए कही। प्रातः साढ़े नौ बजे शुरू हुई सपा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक दोपहर करीब ढाई बजे तक चली। इस दौरान सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा समाजवादी पार्टी के विकास कार्यों और पार्टी के बहादुर और कर्मठ कार्यकर्ताओं के मुकाबले कहीं नहीं टिक पाएगी। भाजपा सरकार शासन प्रशासन का दुरुपयोग कर चुनाव प्रभावित करने की कोशिश करेगी।



समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता इसकी निगरानी में लग जाए। 2024 के चुनाव में भाजपा का सत्ता से जाना तय है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के पास गिनाने या दिखाने को अपना कोई काम नहीं है। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण बिजली की बदहाली है। भाजपा सरकार ने एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया। जनता को बिजली के बढ़े हुए बिल थमा कर भाजपा सरकार उनका शोषण करती रही है। शिक्षा स्वास्थ्य और कानून व्यवस्था चौपट है। भाजपा ने किसानों और नौजवानों की उपेक्षा की है। विकास अवरुद्ध है। महंगाईए बेरोजगारी बेलगाम है। भाजपा राज में हर स्तर पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सत्ता का दुरूपयोग कर समाजवादी पार्टी को हराने का काम किया था। 3 लाख 50 हजार मतों के अन्तर से भाजपा ने समाजवादी पार्टी को सत्ता में नहीं आने दिया। भाजपा अभी भी समाजवादी पार्टी के मतदाताओं के वोट काटने की साजिश में लगी है। समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक इसलिए निगरानी रखनी है और पार्टी संगठन को मजबूत बनाना है।

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी डॉ. राममनोहर लोहिया और बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की विचारधारा और सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के संघर्ष से प्रेरणा लेकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को बेनकाब करेगी। भाजपा के षड्यंत्र और विद्वेषपूर्ण कार्रवाइयों से समाजवादी पार्टी डरने वाली नहीं है। जनता समाजवादी पार्टी को विकल्प के रूप में देख रही है। भाजपा समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को झूठे मुकदमों में फंसा रही है।

## अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीः प्रो. रामगोपाल

**लखनऊ।** सपा राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव ने बैठक के दौरान जमकर पदाधिकारियों की क्लास ली। उन्होंने कहा कि अनुशासनहीनता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नही की जाएगी। उन्होंने कहा सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्व को इमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर जितनी मजबूती व इमानदारी से काम होगा, उतनी ही मजबूत सफलता मिलेगी। पूरी बैठक के दौरान सपा राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को नसीहत देते दिखाई पड़े। वहीं दूसरी ओर समाजवादी पार्टी के विधायक एवं महासचिव शिवपाल सिंह यादव बैंठक के दौरान पदाकिारियों में जोश भरते नजर आए। शिवपाल ने कहा कि हमारा मुकाबला ऐसे दल से है जो भटकाने में माहिर है।

## विधानसभा वार बनाए गए प्रभारी, करेंगे मॉनीटिरिंग

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विधानसभावार प्रभारी नामित कर दिए हैं। नामित प्रभारियों में पूर्व विधायक, पूर्व एमएलसी, मौजूदा विधायक व एमएलसी व कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। नामित किए गए विधानसभा प्रभारी बृहस्पतिवार दो नवम्बर से अपना काम शुरू कर देंगे क्योंकि उन्हें 30 नवम्बर तक सपा मुखिया अखिलेश यादव को रिपोर्ट सौंपनी है। नामित प्रभारी जिलों के जिलाध्यक्षों व विधानसभा के विधायकों के साथ मिलकर बैठक करेंगे यह बैठक प्रत्येक माह पांच तरीख को व माह के प्रत्येक शनिवार को होगी। इसी बैठक के दौरान प्रभारी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से चर्चा करके अपनी रिपोर्ट तैयार करेगा।

# लखनऊ में डेंगू के 39 रोगी मिले

**लखनऊ।** लखनऊ में बुधवार को डेंगू के 39 केस सामने आये हैं। इनमें ऐशबाग में 3, अलीगंज में 4, चन्दरनगर में 5, इंदिरानगर में 4,चिनहट में 4, काकोरी में 2, सरोजनीनगर में 3, एनके रोड इलाके में 5, सिल्वर जुबली में 6, टूड़ियागंज में 3 डेगू धनात्मक रोगी पाए गए। आज लगभग 1970 घरों एवं आस.पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया और कुल 11 घरों में मच्छरजनित स्थितियां पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया।

## बायोगैस प्लांट में गैस रिसाव से सनसनी

# एक की मौत,कई की हालत बिगड़ी

**बरेली।** रात के समय एक बायोगैस प्लांट में अचानक गैस रिसाव से प्लांट में काम करने वाले एक युवक की मौत हो गई और कर्मचारी की हालत बिगड़ गई सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया दो की हालत नाजुक बताई जाती है।बिथरी चौनपुर थाना क्षेत्र के गांव भोजपुर स्थित बायोगैस प्लांट में रात के समय गैस में हुए रिसाव से बिहार के वैशाली जिले के गांव फूलाल निवासी 20 वर्षीय रिशु पुत्र शिव कुमार की मौत हो गई जबकि प्लांट में काम करने वाला गोरखपुर के पिपरिया निवासी प्रिंस पुत्र अवधेश बिथरी चौनपुर थाने के गांव भोजपुर निवासी आसिफ उर्फ आरिफ पुत्र ऑन मोहम्मद बिथरी चौनपुर के ही गांव भगवतीपुर राजा राम निवासी इरशाद पुत्र सुल्तान बेग बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के थाना सरईया के गांव बनिया निवासी शशिकांत पुत्र पप्पू कुमार की हालत बिगड़ गई।

बताया जाता है कि रात के समय प्लांट के गैस चौंबर में अचानक गैस लीक होने लगी तब ऑपरेटर रिशु, प्रिंस के साथ प्लांट से लीक हो रही गैस के रिसाव को बंद करने के लिए चेंबर पर चढ़ा था लेकिन वह गैस की लीकेज बंद नहीं कर पाया और दोनों बेहोश होकर वहीं पर गिर पड़े जैसे ही प्लांट में काम करने वाले अन्य कर्मचारियों को स्थापना की जानकारी हुई तब इंजीनियर शशिकांत इरशाद और आशिक उर्फ आरिफ उन्हें बचाने पहुंचे लेकिन वह खुद भी गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए जैसे ही घटना की जानकारी अन्य कर्मचारियों को पता चली सभी कर्मचारियों को प्लांट के चेंबर से नीचे उतार कर घटना की जानकारी प्लांट के मालिक को दी और सभी को इलाज के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान रिशु की मौत हो गई मृतक के चाचा प्लांट में ही काम करने वाले रविंद्र ने बताया कि रिशु अपने माता-पिता की अकेली संतान था और उसके पिता दिव्यांग हैं। वह लगभग 1 साल पहले उसके साथ बिहार से प्लांट में काम करने के लिए आया था और ऑपरेटर का काम देखता था सुबह होते ही घटना की जानकारी पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को मिल गई देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ घटना स्थल के पास एकत्र हो गई इधर इलाज के दौरान रिशु की मौत हो गई कुछ समय बाद ही गए इरशाद और प्रिंस को छुट्टी दे दी गई वही शशिकांत और आरिफउर्फआसिफ की हालत नाजुक बनी हुई है घटना के बाद पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच के निर्देश दिए।

## राइस मिल मालिक के घर से लाखों की नगदी और जेवरात हो गए चोरी

संवाददाता। बरेली। थाना भोजीपुरा के कस्बा धौराटांडा के वार्ड नंबर 12 के रहने वाले पॉपुलर राइस मिल के मालिक एवं खजांची सगीर अहमद ने पुलिस एफआईआर दर्ज कराई है कि वह पॉपुलर राइस मिल का मालिक पार्टनर और खजांची भी है और सभी भुगतान का काम उसी के द्वारा किया जाता है। 11 अक्टूबर की रात जब सगीर अहमद अपने घर में सोया हुआ था तो चोरों ने उसका ताला तोड़कर घर में रखे 19,80000 नगद और 14 टोल जेवरात चोरी कर जब घर से बाहर निकल रहे थे तो सही रहने की चाची ने चोरों को घर से निकलते हुए देखा था उन्होंने बताया कि तुम्हारे घर में चोरी हो गई है क्या तब हम लोगों ने देखा की अलमारी और बक्से का सामान बिखरा पड़ा है सगीर अहमद ने बताया कि उसके चाचा और फर्म के मालिक अब्दुल रहमान ने उसको 10 लाख 15000 स्टेट बैंक में गोल्डन लोन के लिए जमा करने को दिए थे उसके भाई ने भी उसको 5 लाख फर्म के लिए दिए थे और 5 लाख रहीम इंडस्ट्री के नाम में जमा करने को दिए थे लेबर इत्यादि को पैसा बांटने के बाद 19 लाख 80 हजार उसके पास बचे थे जो उसने अपने घर में रख लिए थे चोरों ने सुराग कशी करके घर का ताला तोड़कर नकदी उड़ा दी उसके साथ ही 14 तोले के जेवरात भी चोरी कर ले गए हैं थाना भोजीपुरा में शिकायत की पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की आज चोरी का खुलासा करने और चोरों को पकड़ने की मांग एसएसपी से की है।

## खीरी को मिली राजकीय परीक्षण प्रयोगशाला की सौगात

### ● डीएम-सीडीओ ने किया लोकार्पण



**लखीमपुर खीरी।** बुधवार को जनपद खीरी को ग्रामीण अभियंत्रण विभाग की जनपदीय राजकीय परीक्षण प्रयोगशाला की सौगात मिली। विकास भवन में स्थापित इस परीक्षण प्रयोगशाला का डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह संग पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन करते हुए शिलापट का अनावरण कर लोकार्पण किया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के संग राजकीय परीक्षण प्रयोगशाला में स्थापित आधुनिक उपकरणों का अवलोकन करते हुए न केवल पूरी वर्किंग समझी बल्कि एक सैंपल अपने सम्मुख परीक्षण भी कराया। उन्होंने ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के इंजीनियरों से कहा कि लैब की महत्ता और निर्माण कार्यो की गुणवत्ता कायम रखते हुए लोगों की विश्वास पर खरे उतरना है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यह प्रयोगशाला उनके कार्यो से जुड़ा है। उन्होंने प्रयोगशाला लोकार्पण होने पर सभी इंजीनियरों को बधाई और शुभकामनाएं दी और उम्मीद जतायी कि इसका भरपूर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह प्रयोगशाला निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि इस जनपद स्तरीय परीक्षण प्रयोगशाला में निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले मटेरियल यथा इंटरलॉक, ईंट, सीमेंट, सैंड, कंक्रीट आदि की गुणवत्ता की सटीक जांच होगी, इसे ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सुनिश्चित कराएगा। नवनिर्मित प्रयोगशाला में निर्माण कार्य के विभिन्न सामग्रियों के परीक्षण हेतु उपकरणों का व्यवस्थित समायोजन हो गया है। इस दौरान पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, डीसी विपिन चौधरी राजेंद्र श्रीवास, ईई आरईडी हेमंत सक्सेना, समस्त बीडीओ सहित विकास भवन के सभी अफसर मौजूद रहे।

## एडीजी ने यातायात जागरूकता रैली को झंडी दिखा किया रवाना

**संवाददाता।** बरेली

**यातायात** माह के पहले दिन बुधवार को शहर में जागरूकता रैली निकाली गई चौकी चौराहा से एडीजी जोन पीसी मीना ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया ज्ञात होगी लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए हर साल नवंबर माह में यातायात जागरूकता माह मनाया जाता है, ताकि लोग यातायात के प्रति जागरूक हो सकें और सड़क हादसों में जान गवाने से बच सकें एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि हर साल की तरह नवंबर माह को यातायात माह के रूप में मनाया जा रहा है इसमें तीन तरह के काम किए जाते है सभी विभागों के साथ मिलकर जहां भी यातायात को लेकर समस्या है उसका निस्तारण कराया जाता है इसके अलावा स्कूलों और मोहल्लो में जाकर लोगों को यातायात के नियमों को लेकर जागरूक कराया जाता है नियमों का उल्लंघन करने पर चालान की कार्रवाई भी की जाती है आज लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता रैली निकाली गई है जिसमें स्कूली बच्चे और एनसीसी छात्र शामिल हुए। उन्होंने बताया कि पूरे माह चालकों का प्रशिक्षण और मेडिकल कराया जाएगा जगह-जगह स्कूलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिनके द्वारा नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी पुलिस ने अपील की है कि इस माह को माह तक सीमित न रखे उससे आगे बढ़े यातायात नियमों का पालन करें रैली में आईजी डॉ. राकेश सिंह, एसपी सिटी राहुल भाटी, एसपी ट्रैफिक्र राम मोहन सिंह समेत कई अफसर और पुलिस टीम शामिल रही।

## अब दस रुपए में भरपेट खाना



**गोला गोकर्णनाथ ( खीरी )।** छोटी काशी के शिवमन्दिर के पास बने नीलकंठ मैदान में माँ अन्नपूर्णा रसोई का शुभारंभ भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने किया। नपा अध्यक्ष विजय शुक्ला का चुनावी संकल्प था कि गरीब, मजदूर व बाहर से आने वाले शिवभक्तों को दस रुपए में भरपेट भोजन खिलाया जाए आज नगर के प्रमुख समाज सेवियों के सहयोग से चुनावी संकल्प पूरा। भाजपा सरकार का सपना साकार करते हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने पहले पूजन बाद में फीता काटकर माँ अन्नपूर्णा रसोई का विधिवत शुभारंभ किया। जरुरतमंद लोगों को प्रतिदिन प्रात: 11.00 बजे से 10 रुपये में भरपेट भोजन मिलेगा। जिससे नगर में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियोंए नगर में मजदूरी करने वाले श्रमिकोंए रिक्शा चालकों एवं छोटी काशी में दर्शनार्थ पधारे दर्शनार्थियों को इसका विशेष लाभ मिलेगा। नपा अध्यक्ष विजय शुक्ला ऊर्फ रिंकू ने कहा कि उनका व भाजपा सरकार का सपना आज साकार हुआ है। माँ अन्नपूर्णा रसोई समाज के सहयोग से निरन्तर चलती रहेगी। माँ अन्नपूर्णा रसोई के शुभारंभ के अवसर पर आज के दानदाता डा. अभिषेक मेहरोत्रा विधायक प्रतिनिधि के रुप में धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, जनार्दन गिरिए जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, भूमि विकास बैंक के पूर्व चेयरमैन सुरजन लाल वर्मा, किसान मोर्चा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा, समाजसेवी सत्य प्रकाश अग्रवाल सुरेन्द्र शर्मा, विश्वनाथ सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी सभासद आनंद सोनी, इजरान व सैकड़ों नागरिकों की मौजूदगी दिखाई पड़ी।

## फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव, दहेज हत्या का आरोप

**बरेली।** एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई मायके वालों ने पति और ससुरालयों पर दहेज हत्या करने का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच शुरू कर दी । मीरगंज के सिंधौली निवासी रेनू पुत्री खड़ग सिंह का विवाह पांच साल पहले थाना क्षेत्र के ही गांव बरौली निवासी धर्मवीर से हुई थी उनकी एक बेटी और एक बेटा है पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका की बहन सोमवती ने बताया कि उसकी बहन रेनू से ससुराली दहेज की मांग करते थे धर्मवीर बाहर रहकर मजदूरी करता है दहेज न देने पर उसकी बहन के साथ मारपीट की जाती थी उसे भूखा रखा जाता था यह बात रेनू ने फोन पर मायके वालों को बताई थी । सोमवती ने बताया कि उनके गांव के पास स्थित गांव से फोन आया कि रेनू की हत्या कर दी गई है उसका शव फंदे से लटक रहा है मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## क्विक न्यूज

### धोखाधड़ी करने के आरोप में दो को जेल भेजा

**बरेली।** फरीदपुर तहसील क्षेत्र के थाना भुता पुलिस ने धोखाधड़ी कर जमीन का इकरारनामा करने वाले व एहसास होने पर पीड़ित द्वारा एडवांस में दी गई रकम वापस मांगने पर जान से मारने की नीयत से फायर करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। थाना बारादरी के श्यामगंज निवासी अरविंद कुमार अग्रवाल ने थाना किला क्षेत्र के मोहल्ला सेठो वाली गली निकट मढी मंदिर निवासी समित अग्रवाल पुत्र सतीश अग्रवाल, दूसरा थाना भुता इलाके के गांव डांडिया नवाजिश अली निवासी रामसनेही पुत्र बिहारीलाल के खिलाफधोखाधड़ी करके जमीन का एग्रीमेंट करने, ठगे जाने का एहसास होने पर आरोपियों से एग्रीमेंट के समय दिए गए रुपए वापस मांगने पर गाली गलौज करने के साथ ही जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई थी। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना अध्यक्ष राजेश बाबू मिश्रा, उप निरीक्षक वीरपाल सिंह, मुख्य आरक्षी देवेंद्र कुमार, आरक्षी देवेंद्र सोलंकी शामिल रहे।

### संजीव कुमार सक्सेना को बनाया सपा की प्रदेश कार्यकारणी में विशेष आमंत्रित सदस्य



**बरेली।** समाजवादी पार्टी के पूर्व प्रवक्ता हैदर अली ने बताया कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बरेली आकाश पुरम निवासी संजीव कुमार सक्सेना को समाजवादी पार्टी की प्रदेश करायकर्णी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया है। संजीव कुमार सक्सेना को सीतापुर की 149 बिस्वा विधान सभा क्षेत्र का प्रभारी भी नामित किया गया है, उनके इस मनोनयन पर पार्टी में खुशी की लहर दौड़ गई, उनको बधाई देने वालो में विधायक अताउर रहमान, विधायक शहजिल इस्लाम, पूर्व जिला अध्यक्ष वीर पाल सिंह यादव, पूर्व सांसद प्रवीण सिंह एरन, पूर्व मंत्री भगवत सरन गंगवार, पूर्व विधायक विजयपाल सिंह, महिपाल सिंह यादव, जिला अध्यक्ष शिव चरन कश्यप, महानगर अध्यक्ष शमीम खां सुलतानी, संजीव यादव, प्रमोद बिष्ट, हैदर अली, सैयद फरहान, मोहित भारद्वाज आदि प्रमुख थे।

### बाणों की बौछार से धराशाई हुआ कुम्भकर्ण



**औरंगाबाद खीरी।** कस्बे में चल रही रामलीला में बुधवार को कुम्भकर्ण बध की लीला का मंचन किया गया कल लक्ष्मण जी के शक्ति लगने के बाद सुषेण बैध ने जैसे ही बूटी पिलाई तुरन्त लक्ष्मण जी होश आ गया और उठते ही कंहा है मेघनाथ कंहा है मेघनाथ कहते हुए क्रोधित हो उठते है। लक्ष्मण के मूर्छा से जागने का समाचार सुनकर रावण क्रोधित हो उठता है फिर गहरी निद्रा में सोए अपने महाबली भाई को जगाने को ना ना प्रकार के प्रयत्न करता है कई महीनों से सोये भाई को जगाने के लिए उसके कानों के पास ढोल नगाड़े बजाए गए हांथी की चिंघाड़ सुनाई गई लेकिन कुंभकरण की नींद नही खुली उसके भोजन के लिए सैकड़ो प्रकार के व्यंजन तैयार कराता है भोजन की खुशबू से कुंभकरण की नींद खुलती है कुंभकरण के जागने पर रावण सारा वृत्तांत सुनाता है। कुंभकरण रावण को समझाता है कि श्रीराम नारायण के अवतार है और सीता स्वयं मां जगदंबा है। भगवान विष्णु ने राक्षसों का नाश करने के लिए अयोध्या में नर रुप में जन्म लिया है। रावण क्रोधित हो उठता है कुंभकरण सोच रहा है कि राम के हाथों मरना ही मुझे मुक्ति दिलाएगा वह युद्ध में लड़ने के लिए जाता है।

## जमीन के विवाद में जमकर चले लाठी-डंडे एसएसपी से शिकायत

**बरेली।** जमीनी विवाद में दो पक्षों में लाठी-डंडे चल गए दबंगों ने सेना के रिटायर्ड सैनिक और उसके परिजनों पर हमला कर दिया मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया पीड़ित पक्ष ने एसएसपी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। अलीगंज के गैनी गांव निवासी विजयवीर ने बताया कि वह सेना से रिटायर्ड सैनिक हैं उन्होंन बताया कि गांव के बाहर सड़क किनारे उनकी जमीन है जहां तीन दुकानें भी बनी हुई हैं दुकान के अलावा बाकी हिस्से में टीनशेड पड़ा हुआ है गांव के दबंग दुकानों और अन्य जमीन को जबरन कब्जाने का प्रयास कर रहे हें उन्होंने बताया कि गांव के 20 दबंगो ने सोमवार को लाठी डंडों से हमला कर दिया यहां उनके परिवार के सदस्यों पर लाठी डंडो से हमला किया। गांव के दबंग फर्नीचर की दुकान में रखे 8500 रुपये लूट ले गए और किराना की दुकान में तोड़फोड़ करते हुए ताला जड़ दिया जो भी सामने आया उसी पर लाठी डंडो से प्रहार किया।

## माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय एकता दिवस



**बरेली।** माधवराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभ भाई पटेल को उनके जन्मदिन पर याद करते हुए राष्ट्री एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देश की अखंडता व एकता के सूत्रधार, सरदार वल्लभ भाई पटेल के अमूल्य योगदान पर प्रकाश डाला और उन्हें श्रद्धांजली दी। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रधानाचार्या डा 0 प्रियंका सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धा सुमन अर्पित करे और उसके पश्चात सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को देश की अखंडता व प्रभुता की रक्षा करने हेतु शपथ दिलाई। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने श्रन फॉर यूनिटीश् में हिस्सा लिया। सभी शिक्षकों ने उनका उत्साहवर्धन किया।

## किसानों की समस्याओं को लेकर रालोद ने दिया ज्ञापन



**बरेली।** प्रदेश में किसानों की समस्याओं को लेकर राष्ट्रीय लोकदल बरेली के जिलाध्यक्ष मोहम्मद मतलूब के नेतृत्व में जिला अधिकारी कार्यालय में महामहिम राजपाल को संबोधित एसडीएम को ज्ञापन सोपा। जिला अध्यक्ष मतलूम ने बताया किसानो की समस्याओं को लेकर, उत्तर प्रदेश में गन्ना मूल्य निर्धारण और धान, आलू सहित सभी फसलों के एम एस पी पर कानून बनाने के सम्बन्ध में आज एक ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को भेजा भेजा है। हमारी मांग है कि उत्तर प्रदेश में किसानों को असंतुलित वर्षा तथा प्राकृतिक प्रकोप से भारी नुकसान पहुंचा है। जिसके कारण उसकी आर्थिक हालत बदहाल है।उत्तर प्रदेश में किसानों की बहुत बड़ी आबादी गन्ना और आलू का उत्पादन करती है। किन्तु उनको लाभकारी मूल्य न मिलने से उनकी दशा अत्यंत खराब है।

सरकार ने 2022 तक किसान की आमदनी दुगुनी करने का लक्ष्य रखा था, किन्तु किसान की लागत महंगाई से बढ़ गई आमदनी और घट गई। गन्ना मूल्य 400 रू. कुन्तल किया जाए, आलू, धान सहित सभी कृषि उत्पादों का लाभकारी मूल्य तय कर एम एस पी पर कानून बनाया जाय। प्रदेश में अनेक जिलों में धान की फसल खेत में पानी के अभाव में सूख गई है सरकार सर्वे कराकर राहत प्रदान करें। पूरे प्रदेश में धान को सूखने से बचाने के लिए किसानों ने बिजली से अपने खेतों की सिंचाई की जिन पर बिजली विभाग ने जुर्माना लगाया है जिसे माफ किया जाय। किसानों को कृषि फसलों की सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली प्रदान किया जाय।

आवारा जानवरों से किसानों के जान माल की भारी क्षति हो रही है इसे तत्काल रोकने के ठोस उपाय किए जाएं। ज्ञापन देने बालो में जिलाध्यक्ष मोहम्मद मतलूब, बरिष्ठ नेता सर्वेश पाठक, विजय बहादुर सक्सेना, मनीषा मैशी, वीरेंद्र पाल गंगवार, सुमित शर्मा एड., सगीर अहमद, एजाज अलवी, अबरार अली, रामसेवक पटेल, सवाना खान, वालेस्वर संखधार, शाकिर अली मंसूरी, सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## सुहागिनों ने पति के हाथ जल पीकर तोडा उपवास



गुरसहायगंज (कन्नौज)। सुहागिन महिलाओं ने पति के जीवन और यश को चांद की तरह चमकते रहने की कामना के साथ अखण्ड सौभाग्य के लिए करवा चौथ का व्रत रखकर विधि विधान से पूजा अर्चना की। वहीं नगर के बाजारों मे भीड उमड पडी सुहागिनों ने जमकर खरीददारी कर करबाचौथ का पर्व पारम्परिक तरीके से मनाया। बुधवार की सुवह से ही करवाचौथ पर्व की तैयारिया शुरु हो गयी। महिलाओ ने अपने पति की लम्बी उम्र के लिये व्रत रखा। इससे पूर्व महिलाओ व पुरुषो द्वारा बाजार में खरीददारी की गयी। बताते चले कि छपे हुये कलेन्डर रखकर महिलाओं ने अपने पतियों की लम्बी आयु व कुशलता के लिए न सिर्फ वृत रखा बल्कि पूजा अर्चना भी की। इस व्रत से जुड़ी पारम्परिक कहानियां महिलाओं ने आपस मे सुनाई विधिवत चांद को अर्द्ध दे कर चावल छिड़के फिर पति के पैर छूकर उसके हाथ जल व अन्य खाद्य पदार्थ ग्रहण कर व्रत तोड़ा। पति को तिलक कर अखण्ड सौभाग्य का वरदान लेकर जीवन सुख शान्ति वैभव से परिपूर्ण होने की सुहागिनों ने मनोंकामना की। करवाचौथ पर्व पर अपनी संगनियों के लिए नये वस्त्र, आभूषण व मिठाईयॉ खरीदी मिटटी के बर्तनों की दुकानों पर भी खरीददारों की दिनभर भीड़ लगी रही। आवागमन व्यस्त रहा। जिसके चलते टैम्पो व डग्गामार वाहन चालको की मौज रही।

## डीएम ने ली अफसरों की बैठक, आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति में तेजी लाने की बनी रणनीति

### ● राशन दुकानों पर पंचायत सहायकों के जरिए आयुष्मान कार्ड बनाने की तैयारी



**लखीमपुर खीरी।** आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति को लेकर बुधवार को डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कलक्ट्रेट सभागार में अफसरों की बैठक ली, जिसमें आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रगति बढ़ाने को लेकर रणनीति तय हुई। निर्देश दिए की जिले में आयुष्मान कार्ड के लाभार्थियों के कार्ड अभियान चलाकर प्राथमिकता के साथ बनाया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

डीएम ने बताया कि वृहद स्तर पर जनपद में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का अभियान में तेजी लाए। पात्र लोगों को आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए भी लगातार प्रेरित किया जाए। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आह्वान किया कि अभियान चलाकर राशन कार्ड में छह या उससे अधिक यूनिट होने एवम् राशन कार्ड के 60 वर्ष से अधिक आयु वाले वृद्धजनों के भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करें।

सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के अभियान में प्रगति लाने के लिए संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। यह शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। डीएसओ को निर्देश दिए कि डीपीआरओ से समन्वय करते हुए उचित दर दुकानों पर खाद्यान्न वितरण के दौरान सरकार से नियत कैटिगरीज के लाभार्थियों का पंचायत सहायक की मदद से आयुष्मान कार्ड बनवाना सुनिश्चित करें। इसका स्वयं अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षक भी करें। बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, बीएसए प्रवीण तिवारी, समस्त खंड विकास अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी समस्त पूर्ति निरीक्षक मौजूद रहे।

## दिलाई ट्रैफिक नियमों के पालन की शपथ




**लखीमपुर खीरी।** यातायात माह का बुधवार को पुलिस लाइंस में भव्य आगाज हुआए जिसका शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व गणेश प्रसाद साहा ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद छात्र छात्राओं को ट्रैफिक्र नियमों को पालन करने की शपथ दिलाई। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अपील की कि यातायात नियमों का पालन कर हादसों पर अंकुश लगाने में सहयोग करे। ओवर स्पीडिंग का कोई लाभ तो नही मिलता बल्कि खतरा जरूर बढ़ जाता है। हेलमेट को अपनी आदत व दिनचर्या में शामिल करे। डीएम ने मौजूद बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए यातायात नियमों का पालन जरूर करने की बात कही।एसपी गणेश प्रसाद साहा ने यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए बताया कि भारतवर्ष में एक वर्ष में करीब 1ण्5 लाख लोग यातायात दुर्घटना में अपनी जान गवां देते हैं। यातयात माह मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य प्रतिवर्ष होने वाली दुर्घटना में मृत्युदर को कम किया जाना है। कुशल यातायात संचालन के लिए एसपी ने (4) कानसेप्ट का पालन किये जाने के सम्बन्ध में बताया। जहाँ पर सर्वप्रथम लोगों को यातायात नियमों के बारे में म.एजुकेट करना तथा विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए यातायात संचालन में आने वाली म.इंजीनियरिंग सम्बन्धी समस्यों का निदान किया जाना तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध म.इनफेर्समेन्ट की कार्यवाही करते हुए सुसंगत धाराओं में चालान किये जाने के सम्बन्ध में बतायाए जिससे प्रभावी यातायात नियन्त्रण हो सके साथ ही साथ चौथे इन्वायरमेन्ट को भी यातायात नियन्त्रण में महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में बताया। दुर्घटना में घायलों की गोल्डन ऑवर में मदद करते हुए शीघ्र हास्पिटल पहुंचाया जाये तथा प्राथमिक उपचार दिया जायेए जिससे घायलों की मदद हो सके। दुर्घटना में कानूनी अड़चनों के कारण बहुत से लोग पहले घायलों की मदद करने से कतराते थे। इस विषय पर भी एसपी ने बताया कि दुर्घटना में घायलों की मदद करने में अब कोई विधिक अड़चन नही है ऐसे में दुर्घटना में घायलों की मदद करने में जनसामान्य को भी आगे आना चाहिए तथा दुर्घटना में घायलों की मदद करने वाले व्यक्तियों को गुड सेमेरिटन के रूप में चुनाव किया जायेगा।

## लड़कियों को शिक्षा के लिए किया प्रेरित

गोरखपुर।एजुकेटगर्ल्स ने पिछले कुछ महीनों से संस्था नेउत्तर प्रदेश ऋसरकार के साथ मिलकर नामांकन अभियान के जरिए 37320 लड़कियों को शिक्षा के लिए प्रेरित किया है ।नामांकन अभियान के लिए संस्था ने 275238 घरों मे सर्वे किया था।नामांकन अभियान में स्कूल प्रबंधन समिति की कुल 1640 बैठकों के साथ 2420 ग्राम शिक्षासभा और मोहल्ला मीटिंग्स का आयोजन किया गया।संस्थाने यह अभियान चित्रकूटए कौशांबीए बांदाए फतेहपुरए रायबरेलीए उन्नावए सोनभद्रए प्रयागराजए भदोहीए मिर्जापुरए महाराजगंजए कुशीनगरएबहराइचए श्रावस्तीए गोंडाए बलरामपुर जिलों मेंप्रशासन की अमूल्य मदद से सफलतापूर्वकक्रियान्वित किया है।एजुकेटगर्ल्स संस्था के ऑपरेशन्स हेड विक्रम सिंह सोलंकी ने कहाए श्संस्था शिक्षा से वंचित बालिकाओंको स्कूल से जोड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।सरकार और प्रशासन के साथ एक सहज साझेदारी के माध्यम से शिक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने और नामांकन बढ़ानेके लिए यह अभियान शुरू किया गया था।संस्था ने समुदाय को जागृत करने के लिए और नामांकन गतिविधियों की जानकारी देनेके लिए शिक्षा रथ चलाए और गांव स्तर पर आधार कैम्प का आयोजन किया था।

# डीएम-एसपी ने हरी झंडी दिखा किया यातायात माह का शुभारंभ

●यातायात नियमों का पालन कर लगाएं बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश- डीएम

●नियमों के प्रति जागरूकता से बचेगी अपनी और अपनों की जान- एसपी

संवाददाता। चित्रकूट



**जिलाधिकारी** अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने मुख्यालय स्थित धनुष चौराहा से जागरूकता रैली को हरी झण्डी दिखाकर यातायात माह नवम्बर का शुभारम्भ किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने कहा कि आज यातायात माह का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने कहा कि जनपद में सडक दुर्घटनाएं ज्यादा होती हैं। इसलिए जरूरी है कि हम यातायात नियमों का पालन करें एवं दूसरों को भी बताएं। उन्होंने कहा कि जो आन ड्यूटी पर रहते हैं वह भी नियम का पालन करें। उन्होंने कहा कि अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट, सीट बेल्ट लगाएं इससे 90 प्रतिशत जान बच सकती है। उन्होंने कहा कि पुलिस व हमारी जिम्मेदारी है जो लोग रोड पर निकले उनकी भी जिम्मेदारी है की नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि हेलमेट लगाने से सुरक्षा हो सकती है कहां की पूरी माह तक यह मनाया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की कि नियमों का पालन करें।

वहीं पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के सम्बन्ध में चित्रकूट पुलिस द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा एवं पम्पलेट के माध्यम से आम - जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक द्वारा द्वारा वाहन चालकों से सीट बेल्ट/हेलमेट का प्रयोग करने, निर्धारित गति सीमा से वाहन चलाने, वाहन चलाते समय हेडफोन या मोबाइल फोन का प्रयोग न करने के साथ-साथ यातायात नियमों का पूर्णत: पालन करने की अपील की गयी।

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने ट्रैफिक लाइट का किया उद्घाटन



**उरई, जालौन।** यातायात माह नवम्बर 2023 के शुभांरभ के अवसर पर उरई में स्वचलित ट्रैफिक लाइट का केन्द्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होने बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन चला रहे 17 लोगों को हेलमेट का वितरण किया। पुलिस अधीक्षक डा. ईरज राजा एवं जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय की मौजूदगी में कोतवाली उरई परिसर में यातायात माह 2023 के शुभारंभ समारोह का आयोजन किया गया। केन्द्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार भानुप्रताप सिंह वर्मा द्वारा इस अवसर पर यातायात जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री भानुप्रताप वर्मा, कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, माधौगढ विधायक मूलचंद्र निरंजन आदि मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने ट्रैफिक जागरूकता रैली का किया आगाज़



**फतेहपुर।** यातायात माह नवंबर का जिलाधिकारी सी. इंदुमती व पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने गुब्बारे छोड़कर, कबूतर उड़ाकर एवं यातायात जागरुकता वाहन रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली ने विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर आमजन को नियमों के प्रति जागरूक किया। डीएम व एसपी ने सभी का आह्वान किया कि यातायात नियमों का पालन करें। दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। तभी मार्ग दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। यातायात जागरूकता रैली में यातायात पुलिस के साथ-साथएनसीसी कैडेट, सरस्वती विद्या मंदिर रघुवंशपुरम के छात्र स्कूल बैंड सहित एवं राजकीय इंटर कालेज के छात्रों ने प्रतिभाग किया। रैली की शुरूआत डीएम-एसपी ने तांबेश्वर चौराहा से हरी झंडी दिखाकर किया। रैली डाक बंगला से आबूनगर चौकी होते हुए जीआईसी पहुंची जहां समापन किया गया।

# जिला स्तरीय मिलेट्स महोत्सव का आयोजन

●वैज्ञानिकों ने किसानों को दी श्री अन्न के लाभों व कृषि तकनीक संबंधी जानकारी

संवाददाता। कानपुर देहात



**जिला** विकास अधिकारी कानपुर देहात की अध्यक्षता एवं मुख्य अतिथि राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिभा शुक्ला की उपस्थिति में जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव-मेला, रबी उत्पादकता गोष्ठी एवं परम्परागत कृषि विकास गोष्ठी का आयोजन बुधवार को ईको पार्क माती में किया गया। जिसके प्रथम कार्यक्रम के रूप में मिलेट्स रोड शो का आयोजन किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में कृषि वैज्ञानिकों /जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभागियों को कृषि से सम्बन्धित समसायिक जानकारी एवं विभागीय योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के जिला सलाहकार डॉ आर एल आर्या द्वारा किसानों के श्री अन्न एवं जैविक खेती के सम्बन्ध में, डॉ खलील खां वरिष्ठ वैज्ञानिक, केवीके दलीपनगर द्वारा किसानों को मृदा स्वास्थ्य एवं प्राकृतिक खेती, चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर से आये हुए वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिकों डा हरिश्चन्द्र सिंह एवं डा0 रामप्रकाश द्वारा किसानों को श्री अन्न लाभों एवं कृषि तकनीकी के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। औद्यानिक फसलों के विज्ञानिक डॉ आई एन शुक्ला द्वारा किसानों को सब्जीयों एवं फलों की खेती में सम्बन्ध में कृषि तकनीकी की जानकारी प्रदान की गयी।

जिला उद्यान अधिकारी, कानपुर देहात श्री बलदेव प्रसाद द्वारा किसानों को उद्यान विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान करते हुए ड्रिप, स्प्रिंकलर, रेनगन आदि सिंचाई उपायों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया।

उप कृषि निदेशक कानपुर देहात रामबचन राम द्वारा किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं यथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषि यंत्रीकरण, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी की गयी । उनके द्वारा किसानों को जैविक खेती यथा जीवामृत, बीजामृत, पंचगव्य आदि को बनाने की विधि के सम्बन्ध मे भी जानकारी प्रदान की गयी।

# टुकड़ों में बंटा मिला महिला का शव बलात्कार के बाद हत्या की आशंका

**बांदा।** 40 वर्षीय दलित महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है शरीर के टुकड़े-टुकड़े हुए पूरे शरीर में एक भी कपड़ा नहीं पाया गया परिजनों ने हत्या और गैंग रेप का लगाया आरोप थाने में एफआईआर दर्ज पुलिस इसे मात्र दुर्घटना मान रही है। बांदा के गिरवां थाना के पतौरा गांव में दिल को दहला देने वाली शर्मनाक घटना सामने आई है । पूरे मामले में मृतक की बेटी गैंग रेप कर हत्या का आरोप लगा रही है वहीं पुलिस इस घटना को चक्की घर में हादसा बता रही है। मामला गिरवां थाना के पतौरा गांव का है। परिजन के अनुसार महिला को दुपहर 1 बजे गांव के राजकुमार ने चक्की घर मे काम करने के बहाने बुलाया गया। लेकिन 15 मिनट बाद जब मृतक की पुत्री भी चक्की घर गई। उसने देखा कि चक्की घर का दरवाजा बंद है और अंदर से चीखने चिल्लाने की आवाजें आ रही है। लड़की के बहुत चिल्लाने पर चक्की घर का दरवाजा खोला वहां 4 से 5 लोग शराब पिये हुई थे और लड़की को अंदर जाने से मना कर रहे थे। किसी तरह लड़की अंदर गई तो वहां लड़की की मां का शव बिना कपड़ों के कई टुकड़ो में मिला, मृतक की लड़की ने आरोप लगाया है कि उसकी मां के साथ बलात्कर करके हत्या की गई है।

इस घटना से भीम आर्मी हरकत में आ गई है भीम आर्मी के जिला संयोजक ने महिला को धोके से बुलाकर गैंगरेप कर हत्या का आरोप लगाया है। वहीं राष्ट्रीय स्वराज पैंथर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्ना लाल दिनकर ने प्रशासन पर हीलाहवाली का आरोप लगाते हुए चेताया है कि महिला को इंसाफ दिलाया जाय अन्यथा हम सड़को में उतरेगे। पुलिस उपाधीक्षक नितिन कुमार नारायणी ने इस घटना को मात्र दुर्घटना ही बताया है उनका कहना है परिजनों के आरोप के मुताबिक गैंगरेप और धारा 302 का मुकदमा दर्ज कर लिया गया इसमें तीन लोग आरोपी बनाए गए हैं अब पोस्टमार्टम रिपोर्ट में के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

# संगीताचार्य डॉ. विशेष नारायण मिश्र को अवध मार्तण्ड सम्मान से नवाज़ा गया



**चित्रकूट।** जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय श्री चित्रकूटधाम उ.प्र. के संगीत विभाग में कार्यरत डॉ. विशेष नारायण मिश्र को जन उद्घोष सेवा संस्थान लखनऊ द्वारा लक्ष्मणपुर संवाद कार्यक्रम में अवध मार्तण्ड सम्मान से सम्मानित किया गया। डॉ मिश्र को मिले इस बड़े सम्मान से चित्रकूट में खुशी की लहर है। राजभवन के सामने लोक निर्माण विभाग के विश्वेश्वरैया सभागार में आयोजित-ज्ञानवापी मन्दिर मॉडल व प्रतीक चिन्हों की प्रदर्शनी एवं वृहद बौद्धिक समागम( आध्यात्मिक ,सांस्कृतिक,शैक्षणिक एवं विधिक रूप से समाज, राष्ट्र और धर्म के समक्ष वर्तमान परिस्थितियों पर विचार विमर्श)काशी, मथुरा और भोजशाला विजय की रणनीति कार्यक्रम में जन उद्घोष सेवा संस्थान लखनऊ के संस्थापक अध्यक्ष संयोजक कुलदीप तिवारी एवं कार्यक्रम संरक्षिका सुश्री रंजना अग्निहोत्री अध्यक्षा हिन्दू साम्राज्य परिषद द्वारा डॉ. विशेष नारायण मिश्र को 'अवध मार्तण्ड' सम्मान से सम्मानित किया गया।

# भाकियू ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के निस्तारण की उठाई मांग

संवाददाता। कालपी, जालौन



**बुधवार** को नवीन गल्ला मंडी में भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गजेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। भाकियू ने बैठक में ओवर रेटिंग का मामला डीएपी का मुद्दा छाया रहा। वही विभिन्न समस्याओं अन्ना गोवंशों व्यवस्थित करने, खतौनी के लिए हो ज्यादा पैसे मांगे सहित आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन एसडीएम को सौपकर जल्द ही समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

पंचायत में संबोधित करते हुए संगठन के तहसील अध्यक्ष अजय पाल सिंह राजू मलथुआ ने कहा कि वर्तमान समय में किसानों के सामने तमाम समस्याएं है। लेकिन उसका निदान नही हो रहा है। पंचायत के बाद भारतीय किसान यूनियन के द्वारा आठ सूत्रीय मांगो को लेकर उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को सौपते हुए बताया कि सहकारी समितियों में डीएपी उपलब्ध नहीं होने के कारण प्राइवेट डीलर 150 से दो सौ रुपये अधिक दाम में खाद बेच रहे है। समितियों में खाद नही होने के कारण किसान ओवर रेट दामों में खाद खरीदने पर मजबूर हो रहे हैं। खतौनी के लिए 20 रु. में ग्राम पंचायत के सभी खाते निकलते थे, जो कि वर्तमान में दो सौ से तीन सौ रु खर्च करने पढ़ रहे हैं। कालपी तहसील के अधिकांश ग्रामों में गौवंश व्यवस्थित नहीं है, जो फसलों को चौपट कर रहे हैं।

राजकीय नलकूपों के रैंम्प व नदियों को ठीक कराया जाए। नहर, माइनरों व नालियों को खुदवाया जाए, जिससे पलेवा करने में किसानों को परेशानी ना हो। जिन किसानों के खातों में फसल बीमा राशि नहीं गई है। उन खातों में फसल बीमा राशि को भेजा जाए। इस मौके पर सत्येंद्र सिंह, जयराम कुशवाहा, जितेंद्र सिंह, जगमोहम, अजय सिंह, विश्वनाथ सिंह, महेश, अनुराग पांडेय, कालका प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### दो दुकानदारों पर कोर्ट ने लगाया दस दस हजार का अर्थदंड

**हमीरपुर।** कीटनाशक दवा जांच में अमानक पाये जाने पर अदालत ने दो विक्रेताओं को दस दस हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनायी है। वही एक विक्रेता के दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया है।जिला कृषि अधिकारी डा हरीशंकर ने बताया कि पिछले दिनों राठ कस्वा स्थित मो.सलीम व साजिद खान की दुकान से कीटनाशक दवा का सैम्पल भर कर जांच के लिये प्रयोगशाला भेजा था। जिसमे साइपरमेथिन 25 फीसदी कम पाया गया था, इस पर जिला कृषि अधिकारी ने दोनो के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज कराया था। कोर्ट ने मामले की छानबीन कर दोनो अभियुक्तों को कीटनाशक अधिनियम के तहत दस दस हजार रुपये का अर्थदंड की सजा सुनायी है। कोर्ट ने कहा कि अर्थदंड न जमा करने पर दोनो अभियुक्तों को दो दिन का साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। वही सलीम की दुकान का विक्री लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। डीएओ का कहना कि किसी दुकानदार ने अमानक कीटनासक दवा की विक्री की तो उस पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

### तमंचा सहित एक अभियुक्त गिरफ्तार, एक भागा



**कुठौंद, जालौन।** कुठौंद थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक जालौन डा. ईराज राजा के कुशल निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकार जालौन रविंद्र गौतम से कुशल मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी निरीक्षक कमलेश प्रजापति के कुशल नेतृत्व में बाहन चैकिंग, सदिंग्ध व्यक्तियों की चेकिंग, अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे सघन अभियान के तहत हदरूख चौकी इंचार्ज सत्यदेव सिंह को एक बहुत बड़ी सफलता हाथ लगी जब उन्होंने किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहे अभियुक्त.पुष्पेन्द्र यादव उर्फअर्जुन पुत्र बलबीर यादव निवासी ग्राम भवानी ,मौदहा जनपद हमीरपुर, दूसरा अभियुक्त मोके का फायदा उठाकर भाग निकला गिरफ्तार अभियुक्त पुष्पेन्द्र यादव उर्फअर्जुन उपरोक्त के पास से दो अदद देशी तमंचे 315 बोर व दो अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया अभियुक्त पुष्पेन्द्र यादव उर्फअर्जुन उपरोक्त एवं भागे हुए अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुठौन्द पर मु.अ.सं. 252,2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

# नवंबर महीना पेंशन धारकों के लिए त्योहार से कम नहीं: मयंक गोयल

●एसबीआई से पेंशनर शिविर के आयोजन की उठाई मांग

●रेलवे पेंशनर्स एसोसिएशन की विशेष बैठक आयोजित

संवाददाता। फतेहपुर



**रेलवे** पेंशनर्स एसोसिएशन की विशेष बैठक पटेल नगर कार्यालय में आयोजित हुई, जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर जहां विस्तार से चर्चा की गई वहीं एसबीआई से पेंशनर शिविर का आयोजन किए जाने की मांग भी की गई। बैठक में विशेष रूप से आमंत्रित भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक मयंक गोयल एवं उनके साथ आये अधिकारियों का फूल-माला व अंग वस्त्र भेंटकर स्वागत किया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक ने पेंशनरों के हित में किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवंबर माह पेंशनरों के लिए किसी बड़े त्योहार से कम नहीं है, क्योंकि इसी माह में प्रत्येक पेंशनर को जीवन प्रमाण पत्र जमा करना होता है। इसलिए हर पेंशनर इसका ध्यान रखे और यदि कोई पेंशनर बीमार या बैंक जाने में असमर्थ है तो बैंक को सूचित करें तुरंत निपटारा किया जायेगा। हर स्तर पर पेंशनरों का सहयोग भी किया जायेगा।

बैठक को संबोधित करते हुए शाखा अध्यक्ष मूलचंद्र द्विवेदी ने संगठन द्वारा पेंशनरों के हित में किए जा रहे प्रयासों की चर्चा करते हुए सभी अधिकारियों, पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार जताया। शाखा सचिव जेपी सिंह ने क्षेत्रीय प्रबंधक से कई बिंदुओं पर चर्चा करते हुए मांग किया कि एसबीआई एक पेंशनर शिविर का आयोजन करे, जिसमें पेंशनर संगठनों को भी बुलाया जाये और समस्याओं का समाधान किया जाये। वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रदेश अध्यक्ष कालीशंकर ने क्षेत्रीय प्रबंधक को समस्याओं से अवगत भी कराया। बैठक में हृदेश कुमार, शिव सागर साहू, शैलेंद्र कुमार सिंह, राकेश कुमार, राजेश शुक्ला मौजूद रहे।

## मोबाइल और अवैध तमंचे समेत पकड़ा गया वांछित

**कानपुर देहात।** पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में अपराध नियन्त्रण की दिशा में घटनाओं की रोकथाम व खुलासे हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना सट्टी पुलिस द्वारा दिनांक 18अक्टूबर 2023 को को वादी विकास पुत्र स्व राकेश निवासी शाहजहांपुर थाना सट्टी जिला कानपुर देहात द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना सट्टी में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। मुकदमा उपरोक्त में नामजद अभियुक्त तभी से वांछित चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर शाहजहांपुर बम्बा पुलिया के पास से अभियुक्त बबलू पुत्र स्व राजेन्द्र निवासी ग्राम ततारपुर थाना सट्टी जिला कानपुर देहात को चोरी किये गये मोबाइल फोन ओप्पो व 2 अदद जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। अपराध नियंत्रण की दिशा में पुलिस द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# डीएम ने औद्योगिक क्षेत्र रनियां का भ्रमण कर परखीं व्यवस्थाएं



**कानपुर देहात।** शासन की मंशा के अनुरूप उद्यमियों की समस्याओं के समाधान व उन्हें उद्यम करने हेतु उत्तम वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी आलोक सिंह ने आज औद्योगिक क्षेत्र रनियां का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों, नालियों, साफ सफाई व अन्य आधारभूत संरचना पर विशेष ध्यान दें, सभी औद्योगिक इकाइयों में उद्योगकर्ता के नाम, मोबाइल नंबर व संबंधित उद्योग का नाम अंकित किया जाए। इससे पूर्व जिलाधिकारी द्वारा उद्योग केंद्र रनियां में उद्यमियों संग बैठक कर उनकी समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु निर्देशित किया गया । उन्होंने कहा उद्यमियों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के अनुरूप अधिक से अधिक सुविधा प्रदान की जाए, जिससे वे आसानी से उद्यम कर सकें। उन्होंने कहा कि जनपद के उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा बढ़ावा दिया जाये। इस मौके पर अन्य बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। इस दौरान उपायुक्त उद्योग मोहम्मद साउद, जिला प्रदूषण अधिकारी, उद्यमीगण आदि उपस्थित रहे।

# हत्यारोपियों के जेल भेजने संबंधी पुलिस की कार्यप्रणाली पर लगाया प्रश्नचिन्ह

**मौदहा, हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम छिरका में तीन माह पूर्व हुई महिला की हत्या के मामले में उसके सगे देवर को पुलिस द्वारा जेल भेजे जाने से नाराज परिजनों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिंह लगाते हुये उच्चाधिकारियों से शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम छिरका में 19 जुलाई की देर रात अपने दो मासूम बच्चों के साथ घर में अकेली मौजूद महिला गिदिया (26) पत्नी कमलेश की गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना को लेकर मृतका की मां चुन्नी पत्नी भिकखूं निवासी दरदा जनपद बांदा ने कोतवाली मौदहा में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत और धाराओं में मामला दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल के दौरान आरोपियों तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षित कुत्तों का भी प्रयोग किया था। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने गांव के कुछ युवकों को हिरासत में ले पूछताछ भी की थी लेकिन बाद में पुलिस द्वारा उन्हें क्लीन चिट दे दी गई। तीन महीने की लंबी जांच पड़ताल के बाद कोतवाली पुलिस ने मृतका गिदीया के सगे देवर राजू को घटना का आरोपी दर्शाते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। राजू के जेल जाते ही उसके पिता लुखरू ने इस घटना में पुलिस की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगाते हुए इस घटना को अंजाम देने वाले गांव के तीन युवकों को बचाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री, मानव अधिकार व उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों को एक शिकायती पत्र भेज इस घटना की निष्पक्षता से जांच करा दोषियों को जेल भेजने की मांग कर निर्दोष बेटे को जेल से बाहर करने की गुहार लगाई है।

## शिलान्यास के तीस साल बाद भी नही बना मिनी स्टेडियम

**मौदहा, हमीरपुर।** तीन दशक बीत जाने के बाद भी अभी तक मिनी स्टेडियम (खेल मैदान)नहीं बन पाया है। कस्बे में एक भी खेल मैदान न होने से बच्चों में मायूसी छाई हुई है। और अब मिनी स्टेडियम बनवाए जाने के लिए पालिका के एक सभासद ने सदर विधायक से जोरदार मांग की है।तो वही मौजूदा विधायक ने भूमि उपलब्ध कराने के लिए पालिका प्रशासन से कहा है। बसपा शासन काल मंत्री रहे बशीरुद्दीन ने सरकारी डिग्री कॉलेज के निकट खेल मैदान के लिए शिलान्यास किया था और आम जनमानस को जल्द ही खेल मैदान व मिनी स्टेडियम बनाए जाने के लिए आश्वासन दिया था। पर तीस वर्ष लगभग बीत जाने के बाद भी अभी तक मिनी स्टेडियम लोगों के लिए नहीं मिल पाया है।

# पेज एक का शेष

## नई ऊंचाइयां...

और बांग्लादेश के बीच विश्व की सबसे बड़ी क्रूज सेवा गंगा विलास के शुरू होने से पर्यटन को बढ़ावा मिला है जबकि चटगांव और मोंगला बंदरगाह के रास्ते से भारत के पूर्वोत्तर राज्यों को जोड़े जाने का लाभ भी दोनों देशों को हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संपर्क पहल ने कोरोना महामारी के दौरान जीवनरेखा का काम किया और तभी ऑक्सीजन एक्सप्रेस के जरिए 4,000 टन से ज्यादा ऑक्सीजन भारत से बांग्लादेश पहुंचाई गई। भारत-बांग्लादेश सीमा क्षेत्र पर चार नई आव्रजन जांच चौकी खोले जाने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा, पिछले नौ वर्षों में हमारा आपसी व्यापार लगभग तीन गुना हो गया है। इन नौ वर्षों की यात्रा में, आज अखौरा-अगरतला रेल संपर्क का उद्घाटन भी एक ऐतिहासिक पल है। भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से बांग्लादेश का ए पहला रेल संपर्क है। बांग्लादेश मुक्ति संघर्ष के समय से त्रिपुरा का इससे गहरा नाता रहा है। इस संपर्क के माध्यम से पूर्वोत्तर भारत के राज्य बांग्लादेश के बंदरगाहों से भी जुड़ेंगे। अधिकारियों ने बताया कि भारत ने अगरतला-अखौरा क्रॉस बॉर्डर रेल संपर्क के लिए बांग्लादेश को अनुदान सहायता के रूप में 392.52 करोड़ रुपए दिए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि खुलना-मोंगला बंदरगाह रेल लाइन के बनने से अब बांग्लादेश का मोंगला बंदरगाह, रेल के रास्ते ढाका और कोलकाता के व्यापार केंद्रों से जुड़ गया है। मैत्री ताप विद्युत परियोजना की दूसरी इकाई के उद्घाटन को प्रधानमंत्री मोदी ने दोनों देशों में बिजली और ऊर्जा सहयोग में एक नई कड़ी करार दिया और कहा, हमारे आपसी सहयोग से बांग्लादेश की ऊर्जा सुरक्षा को बल मिला है। ऊर्जा क्षेत्र में बांग्लादेश आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हुआ है। भारत, बांग्लादेश और नेपाल के बीच बिजली के आदान-प्रदान पर बनी सहमति का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि भारत ने सबका साथ, सबका विकास के अपने रुख को बांग्लादेश जैसे अपने निकटतम पड़ोसी मित्र के लिए भी प्रासंगिक माना है। उन्होंने कहा, बांग्लादेश का सबसे बड़ा विकास साझेदार होने पर हम गौरवान्वित महसूस करते हैं। पिछले नौ वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए लगभग 10 अरब डॉलर की सहायता दी गई है। हमने साथ मिलकर पुराने, रुके हुए काम तो पूरे किए ही हैं, लेकिन आज के कार्यक्रम की एक और विशेषता है। आज जिन तीन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है, उनका निर्णय भी हमने लिया था, और इन्हें लोगों को समर्पित करने का सौभाग्य भी हमें ही मिला है। दोनों देशों के संयुक्त प्रयासों की सफलता के लिए प्रधानमंत्री मोदी ने शेख हसीना का आभार प्रकट करते हुए कहा कि स्मार्ट बांग्लादेश को आगे बढ़ाने में भारत पूरा सहयोग देता रहेगा। उन्होंने कहा, मुझे खुशी है कि बांग्लादेश के 12 जिलों में 12 आई-टी पार्क बनाने में भारत सहयोग दे रहा है। फिनटेक के क्षेत्र में दोनों देशों के पेमेंट गेटवेज को जोड़ने के लिए भी सहमति बनी है। मेरा पूर्ण विश्वास है कि हमारे साझा प्रयासों से बंगबंधु के सोनार बांग्लादेश का विजन साकार होगा।

## मुश्किल भरी...

बंगाल का मामला उठाया जहां ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली टीएमसी 'मजबूत' थी लेकिन वाम या कांग्रेस को 'बायपास' नहीं किया जा सका। इसी तरह माकपा महासचिव सीताराम येचुरी ने कहा कि समूह में बहुमत की राय यह है कि गठबंधन लोकसभा चुनावों के लिए है, लेकिन राज्य चुनाव एक साथ लड़ना गठबंधन के लिए अच्छा होता। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने भी कहा कि विपक्षी गठबंधन के भीतर स्थिति अच्छी नहीं है। पवार और अन्य नेताओं की टिप्पणियां पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और अन्य इंडिया गठबंधन की पार्टियों के एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ने की पृष्ठभूमि में आई हैं। अखिलेश ने हाल ही में सीट बंटवारे के मुद्दे पर कांग्रेस से नाखुशी जाहिर की थी और कांग्रेस नेता भी जुबानी जंग में उलझ गए थे। पांच राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव के दौरान इंडिया गठबंधन में आंतरिक कलह के बारे में अब्दुल्ला की टिप्पणियों पर एक सवाल का जवाब देते हुए, येचुरी ने कहा कि इंडिया गठबंधन में बहुमत की राय है कि गठबंधन 2024 के संसदीय चुनावों के लिए है, जिससे कि भाजपा को सत्ता से दूर रखा जा सके। येचुरी ने कहा, 'हम चाहते हैं कि राज्यों (चुनावों) में भी ऐसा हो सके। विधानसभा चुनावों में अधिक समन्वय, सहयोग होना चाहिए था, यह 2024 में मददगार होता।' अब्दुल्ला ने इस सप्ताह की शुरुआत में कहा था कि भारत गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं है। कुछ आंतरिक कलह, जो नहीं होनी चाहिए थी, देखी जा सकती है, खासकर उन चार पांच राज्यों में जहां चुनाव हो रहे हैं। हमने देखा है कि कैसे समाजवादी पार्टी और कांग्रेस एक दूसरे से लड़ रहे हैं। दोनों कह रहे हैं कि वे यूपी की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। यह इंडिया गठबंधन के लिए अच्छा नहीं है। शायद इन राज्य चुनावों के बाद हम फिर मिलेंगे और साथ मिलकर काम करने की कोशिश करेंगे।

## ग्वालियर और...

हुए, केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने इसे 'भारत के लिए गर्व का क्षण' कहा। केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट किया कि इन शहरों को संस्कृति और रचनात्मकता के दोहन के प्रति उनकी मजबूत प्रतिबद्धता के लिए स्वीकार और पहचाना जाता है। सभी हितधारकों को बधाई! इस बीच, यूनेस्को के बयान में कहा गया है कि 31 अक्टूबर को संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामित विश्व शहर दिवस पर यूनेस्को महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले द्वारा उनके पदनाम के बाद, 55 शहर यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क (यूसीसीएन) में शामिल हो गए हैं। नए शहरों को उनकी विकास रणनीतियों के हिस्से के रूप में संस्कृति और रचनात्मकता का उपयोग करने और मानव-केंद्रित शहरी नियोजन में नवीन प्रथाओं को प्रदर्शित करने की उनकी मजबूत प्रतिबद्धता के लिए स्वीकार किया गया। नवीनतम परिवर्धन के साथ नेटवर्क अब सौ से अधिक देशों में 350 शहरों की गिनती करता है, जो सात रचनात्मक क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हैं- शिल्प और लोक कला, डिजाइन, फिल्म, गैस्ट्रोनॉमी, साहित्य, मीडिया कला और संगीत। बुखारा- शिल्प और लोक कला, कैसाब्लांका- मीडिया कला, चोंगकिंग- डिजाइन, काठमांडू- फिल्म, रियो डी जनेरियो- साहित्य, और उलानबटार- शिल्प और लोक कला यूनेस्को द्वारा नामित नए 55 शहरों की सूची में हैं। यूनेस्को के महानिदेशक ऑड्रे अज़ोले ने कहा कि जब संस्कृति तक पहुंच बढ़ाने और शहरी लचीलेपन और विकास के लिए रचनात्मकता की शक्ति को प्रेरित करने की बात आती है तो हमारे क्रिएटिव सिटी नेटवर्क के शहर अग्रणी हैं।' एक आगामी नीति पत्र- 'स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यूनेस्को क्रिएटिव सिटीज़ नेटवर्क का अतिरिक्त मूल्य' - यूनेस्को द्वारा यूसीसीएन सदस्यों का समर्थन करने के तरीकों का प्रदर्शन करते हुए 2030 एजेंडा की उपलब्धि के लिए शहरों द्वारा निभाई गई अग्रणी भूमिका की गवाही देगा। बयान में कहा गया है कि नए नामित क्रिएटिव शहर अगले साल जुलाई, 2024 में ब्रागा, पुर्तगाल में आयोजित होने वाली यूसीसीएन की वार्षिक बैठक में 'अगले दशक के लिए युवाओं को मेज पर लाना' विषय के तहत भाग लेंगे। यूनेस्को हर साल दुनिया भर के विभिन्न शहरों को अपनी यूसीसीएन परियोजना के तहत डालने के लिए आवेदन मांगता है।

# टीका लगने के बाद बच्चे की मौत

संवाददाता। कायमगंज, फर्रुखाबाद

**यह** दुखद घटना कायमगंज क्षेत्र के गांव अताईपुर की बताई जा रही है। जहां शिशु की टीका लगने के बाद अचानक हालत बिगड़ी। ऐसा आरोप मृतक शिशु के परिजन लगा रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पोस्टमार्टम करने के लिए पंचनामा भरकर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

मामला अताईपुर गांव के मोहगा बरी निवासी आशीष कुमार से जुड़ा हुआ है। आशीष के दो माह के बेटे उदित को एएनएम द्वारा टीका लगाया गया था। मृतक बच्चे की मां पायल का कहना है कि रात करीब 2.00 बजे उसके बेटे की हालत अचानक खराब होने लगी। पहले उसकी नाक से खून आया और उल्टी हुई और कुछ ही देर में उसके बेटे के प्राण निकल गए। अचानक हुई बच्चे की मौत से गमजदा परिवार में चीत्कार मच गया। परिजन बच्चे की मौत टीका लगने के कारण बता रहे हैं। उनका कहना है कि टीकाकरण से पहले ब%चा ठीक था। टीका लगने के बाद ही उसकी हालत अचानक बिगड़ गई थी। मामले की सूचना पाते ही कोतवाली में तैनात एसआई सुनील कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस से भी परिजनों ने टीका लगने के ही कारण मौत होने की बात कही है।

# जयशंकर ने पुर्तगाल के शीर्ष नेताओं से मुलाकात की

**● द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा की**

**भाषा** । लिस्बन

**भारत** के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने पुर्तगाल के प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा सहित शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की तथा रक्षा, व्यापार, निवेश, पर्यटन और सीधा हवाई संपर्क जैसे क्षेत्रों में प्रमुख दक्षिणी यूरोपीय राष्ट्र के साथ भारत के संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की।

जयशंकर ने यह भी कहा कि दोनों देशों ने पुर्तगाल में काम करने के लिए भारतीय नागरिकों की नियुक्ति के समझौते के कार्यान्वयन की समीक्षा की और वे इसके लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया पर सहमत हुए। उन्होंने कहा, इसके लिए एक प्रायोगिक परियोजना शुरू होगी।

जयशंकर ने कहा कि भारत ने हमेशा पुर्तगाल को यूरोपीय संघ (ईयू) में अपने प्रमुख साझेदारों में से एक माना है। उन्होंने, हम 2025 में 50 साल पूरे होने, अपने राजनयिक संबंधों की फिर से स्थापित करने के लिए तत्पर हैं।

पुर्तगाल के विदेश मंत्री जोआओ क्रेविन्हो के साथ मंगलवार को संयुक्त बयान में जयशंकर ने कहा, हम कई क्षेत्रों में नई ऊर्जा और गतिविधियां देखते हैं। व्यापार और निवेश स्पष्ट रूप से एक मजबूत प्रेरक कारक है। विशेषकर, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों जैसी कई भारतीय कंपनियों ने पुर्तगाल में अपनी पहचान बनाई है।

दो प्रमुख यूरोपीय देशों के साथ भारत के द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से पुर्तगाल तथा इटली की अपनी चार दिवसीय यात्रा के पहले चरण में पुर्तगाल पहुंचे जयशंकर ने कहा कि संयुक्त आर्थिक समिति को दोनों नेताओं के बीच हुई कुछ चर्चाओं पर आगे बढ़ने के लिए कहा जाएगा और इस बारे में संभावना तलाशें कि हम स्वास्थ्य, फार्मास्यूटिकल्स, अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में और क्या कर सकते हैं।



उन्होंने कहा, हमने रक्षा सहयोग, स्टार्ट-अप, नवाचार पर भी चर्चा की। हमने सीधा हवाई संपर्क के लिए भी वार्ता की।

यह भी कहा, हमें पूरा विश्वास है कि एक बार जब हम इस दिशा में प्रगति कर लेंगे तो हमारे आदान-प्रदान का विस्तार होगा और दोनों देशों ने पर्यटन के विकास पर जोर दिया है और वह भी सीधा हवाई संपर्क के लिए जरिए बढ़ेगा।

जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा, आज (मंगलवार) प्रधानमंत्री एंटोनियो कोस्टा से मिलकर खुशी हुई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं दीं। समकालीन चुनौतियों पर चर्चा की और हमारे संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके मार्गदर्शन की सराहना की।

उन्होंने पुर्तगाली गणराज्य की असेंबली के अध्यक्ष ऑगस्टो सैंटोस सिल्वा से भी मुलाकात की और दो लोकतंत्रों के करीबी सहयोग के महत्व पर चर्चा की। एक अन्य पोस्ट में जयशंकर ने कहा, आज सुबह लिस्बन में पुर्तगाली गणराज्य की असेंबली के अध्यक्ष ऑगस्टो सैंटोस सिल्वा से मिलकर खुशी हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों के लिए उनके मजबूत समर्थन को हमेशा महत्व दिया है। एक अस्थिर दुनिया में हमारे दो लोकतंत्रों के करीबी सहयोग के महत्व पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा कि उन्हें यह देखकर खुशी हुई कि भारत की प्रमुख दुध एवं डेयरी कंपनी अमूल पुर्तगाली राष्ट्रीय फुटबॉल टीम का पहला भारतीय क्षेत्रीय प्रायोजक है।

उन्होंने यह भी कहा कि दोनों पक्षों ने लोथल (गुजरात में) में समुद्री विरासत परिसर पर चर्चा की, जिसे भारत पुर्तगाल के सहयोग से विकसित कर रहा है।

जयशंकर ने कुछ प्रवासी कार्यक्रमों में भाग लिया और लिस्बन में राधा कृष्ण मंदिर के सामने महात्मा गांधी और उनकी पत्नी कस्तूरबा गांधी के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की।

पुर्तगाल से जयशंकर इटली जाएंगे जहां वह अपने समकक्ष रक्षा मंत्री और मेड इन इटली मामलों के मंत्री एंटोनियो तजानी से मुलाकात करेंगे।

# विदेशी पासपोर्ट धारकों ने राफा क्रॉसिंग के जरिए गाजा से मिस्र में किया प्रवेश

**एपी** । राफा

**दर्जनों** विदेशी पासपोर्ट धारक बुधवार को राफा क्रॉसिंग के जरिए गाजा से मिस्र में प्रवेश करते नजर आए। ऐसा प्रतीत होता है कि तीन सप्ताह से अधिक समय पहले इजराइल-हमास युद्ध शुरू होने के बाद से विदेशी पासपोर्ट धारकों को इस क्षेत्र से बाहर जाने की अनुमति पहली बार दी गई है। फलस्तीनी सीमा अधिकारियों ने कहा कि 400 से ज्यादा विदेशी पासपोर्ट धारकों को बुधवार को गाजा छोड़ने की इजाजत दी जाएगी।

हाल के सप्ताहों में अलग-अलग समय पर सैकड़ों लोग इस क्रॉसिंग पर एकत्र हुए हैं, लेकिन मिस्र, इजराइल और हमास के बीच असहमति के कारण उन्हें निकलने की अनुमति नहीं दी गई है। हमास द्वारा रिहा किए गए चार बंधकों को छोड़कर किसी को भी गाजा छोड़ने की अनुमति नहीं दी गई है। इस सप्ताह की शुरुआत में इजराइली बलों ने एक और बंदी को बचाया था।

मिस्र के सरकारी मीडिया ने बताया कि 80 से अधिक घायल फलस्तीनियों को चिकित्सा उपचार के लिए बुधवार को गाजा से मिस्र लाया जाएगा। एम्बुलेंस को मिस्र की ओर से राफा क्रॉसिंग में प्रवेश करते देखा गया, और पास के शहर शेख जुवेद में एक फील्ड अस्पताल स्थापित किया गया है। मिस्र ने कहा है कि वह फलस्तीनी शरणार्थियों की आमद को स्वीकार नहीं करेगा क्योंकि डर है कि इजराइल उन्हें युद्ध के बाद गाजा लौटने की अनुमति नहीं देगा।

बुधवार तड़के, सेवा प्रदाता पाल्टेल और जव्वाल ने गाजा में संचार और इंटरनेट सेवाओं के पूर्णत: बाधित होने की सूचना दी। यह पांच दिन के अंदर दूसरी बार संचार सेवाओं में आई व्यापक बाधा है। मानवीय सहायता एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि गाजा में पहले से ही गंभीर स्थिति में इस तरह के ब्लैकआउट उनके काम को गंभीर रूप से बाधित करते हैं।

## पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे कई अफगान नागरिक वापस भेजे गए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अवैध रूप से रह रहे अफगान नागरिकों की देश से वापसी के लिए सरकार द्वारा तय समय सीमा के खत्म होने पर बुधवार को सुरक्षा बलों ने कई ऐसे लोगों के खिलाफ कार्वाई करते हुए उन्हें हिरासत में ले लिया और दर्जनों अफगान नागरिकों को देश से बाहर भेज दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इस्लामाबाद के अनुसार, यह कार्वाई नई प्रवासी-विरोधी मुहिम के तहत की गई है, जिसमें सभी अप्रमाणित या गैर पंजीकृत विदेशियों को निशाना बनाया गया है।

# गाजा में मारे गए इजराइली सैनिकों में भारतीय मूल का सैनिक भी शामिल

**भाषा** । यरूशलम

**गाजा** में जारी युद्ध में मारे गए इजराइली सैनिकों में भारतीय मूल का 20 वर्षीय सैनिक भी शामिल है। भारतीय समुदाय के सदस्यों और डिमोना शहर के मेयर ने बुधवार को यह जानकारी दी। स्टाफ सर्जेंट हलेल सोलोमन दक्षिण इजराइल के डिमोना शहर से संबंध रखते थे। मेयर बेनी बिटन ने बुधवार को फेसबुक पर लिखा, हम अत्यंत दु:ख के साथ गाजा में जारी युद्ध में डिमोना के निवासी हलेल सोलोमन की मृत्यु की घोषणा करते हैं।

उन्होंने लिखा, हम माता-पिता रोनित और मोर्दचाई, और बहनों: यास्मीन, हिला, वेरेड और शेक्ड के दु:ख में शामिल हैं.... हेलेल सेवा की इच्छा से गिवती (ब्रिगेड) में भर्ती हुए थे। हलेल एक समर्पित व्यक्ति थे। पूरा डिमोना शहर उनके निधन पर शोक में डूबा है। डिमोना को कुछ लोग "लिटिल इंडियौ भी कहते हैं, क्योंकि इस शहर में बड़ी संख्या में भारत से आए यहूदी रहते हैं। भारतीय समुदाय के सदस्यों ने पीटीआई-भाषा को बताया, वह (सोलोमन) अच्छे व्यवहार वाले युवक थे और उनका भविष्य बहुत उज्ज्वल था। उन्होंने सोलोमन के निधन और इजरायल के अस्तित्व के लिए युद्ध लड़ रहे अन्य युवा इजरायलियों की मौत पर शोक व्यक्त किया। गाजा में जारी युद्ध के दौरान कम के कम 11 इजराइली सैनिकों की मौत हो चुकी है।



# अमेरिका में भारतीय छात्र पर चाकू से हमला, हालत गंभीर

**भाषा** । वाशिंगटन

**अमेरिका** के इंडियाना राज्य में एक हमलावर ने 24 वर्षीय भारतीय छात्र को चाकू घोंपकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मीडिया ने यह खबर दी है।

एनडब्ल्यूआईयू टाइम्स की खबर के अनुसार, रविवार सुबह इंडियाना के वालपराइसो शहर में एक सार्वजनिक जिम में 24 वर्षीय हमलावर जॉर्डन एंड्रैड ने वरुण की कनपटी पर चाकू से हमला कर दिया था। अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। वरुण कंप्यूटर विज्ञान का छात्र है।

घटना के बाद हमलावर को गिरफ्तार कर लिया गया और उस पर घातक हथियार से हमला करने और हत्या के प्रयास का आरोप लगाया गया है। खबर में कहा गया है, हमलावर ने वरुण पर चाकू से हमला किया था। चोट की गंभीरता के कारण उसे फोर्ट वेन अस्पताल ले जाया गया और कथित तौर पर उसके बचने की संभावना कम है। हिंसक हमले के बाद वरुण की हालत गंभीर बताई जा रही है। हमलावर एंड्रैड ने पुलिस को बताया कि घटना वाले दिन सुबह जिम में वह मालिश के लिए गया था। मालिश कराने के लिए वह मालिश कक्ष में चला गया, जहां उसने अन्य व्यक्ति को देखा जिसे वह नहीं जानता था और अनजान व्यक्ति को देखकर उसे थोड़ा अजीब लगा। एंड्रैड को लगा कि उसे उक्त व्यक्ति से खतरा है। इसलिए उसने सिर्फ प्रतिक्रिया में उस पर वार किया। तेलंगाना के खम्मम में पीड़ित के पिता पी. राममूर्ति ने बुधवार को पीटीआई-भाषा को बताया, हमें मेरे बेटे के साथी से जानकारी मिली कि उस पर (मेरे बेटे पर) एक व्यक्ति ने हमला किया है, उसे एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उसकी हालत गंभीर है।



अबूधावी में एक कार्यक्रम के दौरान शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

# चीन ने ताइवान की सीमा के नजदीक 43 लड़ाकू विमान और सात नौसैनिक पोत भेजे

**एपी** । ताइपे (ताइवान)

**ताइवान** ने बुधवार कहा कि चीन ने उसकी सीमा के नजदीक 43 लड़ाकू विमान और सात नौसैनिक पोत भेजे हैं। इस हालिया घटना के बाद माना जा रहा है कि चीन ताइवान पर दबाव बनाने की अपनी रणनीति को लेकर नरम नहीं हुआ है।

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बुधवार सुबह छह बजे समाप्त हुई 24 घंटे की अवधि के दौरान चीन ने इन लड़ाकू विमानों और नौसैनिक पोत को उसकी सीमा की ओर से भेजे हैं।

मंत्रालय ने कहा कि इनमें से 37 विमान ताइवान जलडमरूमध्य में मध्य रेखा को पार कर गए, जिसे चीन अनौपचारिक सीमा नहीं मानता।

मंत्रालय ने बताया कि जबाव में ताइवान ने अपने लड़ाकू विमान और नौसैनिक पोत भेजे तथा मिसाइल प्रणाली को सक्रिय कर दिया है।

अगस्त 2022 में अमेरिका की प्रतिनिधि सभा की तत्कालीन अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी की ताइवान यात्रा के बाद से चीन आक्रामक रुख अपनाए हुए है। चीन ने ताइवान की यात्रा पर अपनी नाराजगी दिखाने के लिए अमेरिका के साथ सैन्य संवाद स्थिगित कर दिया था।

ताइवान एक स्वशासित द्वीप है जिसे चीन अपना हिस्सा मानता है। चीन ने कहा है कि अगर जरूरत पड़ी तो वह ताइवान को बलपूर्वक अपने नियंत्रण में ला सकता है।

## बोलीविया ने इजराइल के साथ राजनयिक संबंध खत्म किए

**ला पाज।** बोलीविया सरकार ने गाजा पट्टी में हमास उग्रवादियों के खिलाफ इजराइली सैन्य हमले को समाप्त करने का आह्वान करते हुए मंगलवार को इजराइल के साथ राजनयिक संबंध खत्म कर दिए।

बोलीविया के उप विदेश मंत्री फ्रेडी ममानी ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, "बोलीविया ने गाजा पट्टी में जारी भीषण इजराइली सैन्य हमले की निंदा करते हुए इजराइल के साथ राजनयिक संबंध तोड़ने का फैसला किया है।

देश के वामपंथी राष्ट्रपति लुइस अर्से लंबे समय से इज़राइल के आलोचक रहे हैं और इससे पहले 2009 में गाजा से जुड़ी लड़ाई को लेकर उन्होंने इज़राइल के साथ राजनयिक संबंध तोड़ दिए थे। साल 2020 में राजनयिक संबंध फिर से बहाल हुए थे।

# फ्लोरिडा के वॉल्ट डिज्नी वर्ल्ड रिजॉर्ट में पहली बार दीपावली का जश्न मनाया गया

**भाषा** । न्यूयार्क

**● देश भर के 400 से अधिक नर्तक-नर्तकियों ने डिज्नी स्प्रिंग्स और डिज्नी एनिमल किंगडम थीम पार्क में प्रदर्शन किया**

**अमेरिका** के फ्लोरिडा स्थित वॉल्ट डिज्नी वर्ल्ड रिजॉर्ट में पहली बार दीपावाली का जश्न मनाया गया। इस दौरान सैकड़ों नर्तक-नर्तकियों ने नृत्य के माध्यम से वैश्विक दर्शकों को भारत की संस्कृति और विरासत से रूबरू कराया।

इस संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, दीपावली का पहला युवा उत्सव जश्न प्रोडक्शंस द्वारा आयोजित किया गया। इसमें देश भर के 400 से अधिक नर्तक-नर्तकियों ने डिज्नी स्प्रिंग्स और डिज्नी एनिमल किंगडम थीम पार्क में प्रदर्शन किया।

जश्न प्रोडक्शंस की संस्थापक जेनी बेरी के निर्देशन में आयोजित तीन दिवसीय डांस फेस्ट में उत्तरी अमेरिका के नर्तक-नर्तकियों ने हिस्सा लिया।

बेरी ने कहा, बॉल्ट डिज्नी वर्ल्ड रिजॉर्ट में पहली बार दीपावली मनाना बहुत आनंददायक रहा। हमने दक्षिण एशियाई नृत्य समुदाय के साथ इस महत्वपूर्ण त्योहार की खुशी और उत्साह को साझा करके इतिहास रचा। पृथ्वी पर सबसे जादुई जगह में दीपावली का जादू मनाना वास्तव में एक सपने के सच होने जैसा रहा। बेरी ने कहा कि जश्न प्रोडक्शंस दीपावली डांस फेस्ट जैसे और कार्यक्रम आयोजित कर दक्षिण एशिया की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने के लिए लोगों को एक साथ लाने के लिए उत्सुक है। डांस फेस्ट की शुरुआत 26 अक्टूबर को हुई तथा इसका समापन 28 अक्टूबर को हुआ। डिज्नी एनिमल किंगडम थीम पार्क में आयोजित कार्यक्रम में गुजरात, पंजाब, आंध्र प्रदेश सहित भारत के विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित नर्तक-नर्तकी पॉप और हिप-हॉप गीतों पर थिरकते नजर आए। विज्ञप्ति के मुताबिक, यह फेस्ट अपनी तरह का पहला उत्सव था, जिसने बच्चों को विश्व प्रसिद्ध मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया। इस दौरान 1,000 से अधिक अतिथियों ने दीपावली कार्यक्रम के दौरान भारतीय संगीत और वेशभूषा का लुत्फ उठाया।

# अमेरिका से भागकर भारत आई महिला छह वर्षीय बेटे की हत्या की दोषी करार

**भाषा** । ह्यूस्टन

**इस** साल मार्च में अमेरिका से भागकर भारत आई छह वर्षीय बच्चे की मां को ग्रैंड जूरी ने हत्या सहित कई अन्य मामलों में दोषी ठहराया है।

एवरमैन पुलिस विभाग ने सोमवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले एक साल से नोएल रोड्रिग्ज-अल्वारेज नामक छह वर्षीय बच्चे के शव की तलाश जारी है। उसने बताया कि पिछले साल अक्टूबर में उसकी जुड़वां बहनों के जन्म के तुरंत बाद उसे नवंबर महीने में टेक्सास के एवरमैन में देखा गया था। बच्चे को विशेष देखभाल की आवश्यकता थी।

एवरमैन के पुलिस प्रमुख क्रेग स्पेंसर ने कहा कि टॉरेंट काउंटी ग्रैंड जूरी ने लड़के की मां सिंडी सिंह को हत्या, बच्चे को चोट पहुंचाने तथा अन्य मामलों में दोषी ठहराया है।

पुलिस का मानना है कि 37 वर्षीय सिंडी मार्च 2023 से अपने पति अर्शदीप सिंह और अपने छह अन्य बच्चों के साथ भारत में हैं।

स्पेंसर ने सोमवार को कहा कि महिला पर लगाए गए आरोपों के बाद उनके प्रत्यर्पण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि उनका विभाग बच्चे की मां तथा सौतेले पिता को ढूंढने के लिए अन्य संघीय एजेंसियों के साथ काम कर रहा है। स्पेंसर ने कहा, "हम उम्मीद करते हैँ कि हम संघीय एजेंसियों के साथ काम करने तथा उसे पकड़ने और वापस लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ काम करने में सक्षम होंगे। बच्चे के लापता होने की जांच शुरू होने के बाद से ही पुलिस सिंडी सिंह और अर्शदीप सिंह के भारत से प्रत्यर्पण की कोशिश कर रही है।

# पाकिस्तान से लाखों अफगान लोगों को निकाले जाने की कार्रवाई को रोके संयुक्त राष्ट्र: भारतीय समुदाय

**भाषा** । वाशिंगटन

अमेरिका में भारतीय समुदाय की एक संस्था ने अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान से लाखों अफगान नागरिकों को निकाले जाने की कार्रवाई को रोकने और पाक सरकार के इस कदम की निंदा करने की अपील की है। संस्था ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) से पाकिस्तान को दी जाने वाली वित्तीय सहायता रोकने का भी अनुरोध किया है।

पाकिस्तान के फैसले की निंदा करते हुए फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीस) ने कहा कि यह अवैध है और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन है।

एफआईआईडीएस में नीति एवं रणनीति मामलों के प्रमुख खंडेराव कांड ने कहा, तालिबान के बर्बर शासन से डरकर पलायन करने वाले अफगान शरणार्थियों को सुनियोजित तरीके से जबरन निकालने की पाकिस्तान इस्लामिक गणराज्य की योजना न केवल अंतरराष्ट्रीय कानून के मुताबिक अवैध है, बल्कि इससे भीषण मानवीय संकट भी उत्पन्न हो सकता है।

उन्होंने कहा, ओसामा बिन लादेन के समय से ही यह ज्ञात था कि पाकिस्तान तालिबान के साथ मिलकर काम करता है क्योंकि यह अफगानिस्तान पर पकड़ बनाने का उसका छद्म तरीका रहा है। अब पाकिस्तान हताश प्रतीत होता है क्योंकि तालिबान पर उसकी पकड़ ढीली पड़ गई है। एफआईआईडीएस ने कहा कि पाकिस्तान अफगान शरणार्थियों के साथ वही करने की कोशिश कर रहा है जो इससे पहले वह अपने हिंदू एवं सिख अल्पसंख्यक नागरिकों के साथ कर चुका है।

## पेरिस पुलिस ने आत्मघाती हमले की धमकी देने वाली महिला को गोली मारी

**पेरिस।** पुलिस ने फ्रांस की राजधानी जा रही एक ट्रेन में आत्मघाती हमले की धमकी देने वाली एक महिला को गोली मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

फ्रांस में सुरक्षा संबंधी यह नवीनतम घटना है जहां 13 अक्टूबर को एक स्कूल में एक इस्लामी चरमपंथी द्वारा चाकूबाजी किए जाने के बाद आतंकवाद के खिलाफ अलर्ट जारी है। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने बताया कि महिला पर दो पुलिस अधिकारियों ने मिलकर आठ गोलियां चलाईं जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। इसने कहा कि महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# इस महीने सैन फ्रांसिस्को में शी चिनफिंग से मिलेंगे जो बाइडन : व्हाइट हाउस

**भाषा** । वाशिंगटन

**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन इस महीने के आखिर में सैन फ्रांसिस्को में एपीईसी लीडरशिप शिखर सम्मेलन से इतर चीन के अपने समकक्ष शी चिनफिंग से मुलाकात करेंगे। व्हाइट हाउस ने इसकी पुष्टि की।

एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग या एपीईसी एशिया-प्रशांत में कारोबार एवं निवेश, आर्थिक विकास एवं क्षेत्रीय सहयोग से संबंधित शीर्ष मंच है।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव केरिन जीन-पियरे ने मंगलवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में सैन फ्रांसिस्को में बाइडन-शी की मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर कहा, राष्ट्रपति इस बारे में आशान्वित हैं। राष्ट्रपति बाइडन ने एपीईसी लीडरशिप शिखर सम्मेलन के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी आमंत्रित किया है। भारत का प्रतिनिधित्व कैबिनेट स्तर के मंत्री द्वारा किए जाने की संभावना अधिक है।



जीन-पियरे ने कहा, हम इस बारे में बात कर रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि वह (चीन के) राष्ट्रपति शी के साथ बैठक को लेकर आशान्वित हैं। इसलिए नवंबर में होने वाली इस बैठक के बारे में अधिक विस्तार से कुछ नहीं कहूंगी। यह सैन फ्रांसिस्को में होने वाली है। बैठक काफी सार्थक होने वाली है।

उन्होंने कहा, देखिए, मैं यही कहना चाहती हूं कि हमारा लक्ष्य रचनात्मक संवाद करना है। दोनों नेताओं के बीच नवंबर में सैन फ्रांसिस्को में बैठक होगी। जो कुछ भी होगा वह नवंबर में पता चल जाएगा। सैन फ्रांसिस्को में हमारे बीच सार्थक वार्ता होने वाली है।

उन्होंने कहा कि चीन के साथ किस तरह से आगे बढ़ना है, इस बारे में बाइडन प्रशासन की नीति में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## बाइडन प्रशासन ने राष्ट्रीय खतरे की प्राथमिकता में घृणा अपराध को शामिल किया: एफबीआई निदेशक

**वाशिंगटन।** अमेरिका सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने सांसदों से कहा कि बाइडन प्रशासन ने राष्ट्रीय खतरे की प्राथमिकता में घृणा अपराध को भी शामिल किया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि विभिन्न आतंकवादी संगठनों द्वारा किए गए धर्म-आधारित 60 फीसदी हमलों में यहूदी समुदाय को निशाना बनाया गया। अमेरिकी कांग्रेस की सुनवाई के दौरान एफबीआई निदेशक क्रिस्टोफर रे ने सांसदों से कहा कि एफबीआई आतंकवाद रोधी संयुक्त कार्य बल, घृणा अपराध जांच और खुफिया जानकारी साझा करने सहित कानून प्रवर्तन प्रयासों की एक श्रृंखला के माध्यम से घृणा अपराधों से निपट रही है। उन्होंने कहा, हम आतंकवाद रोधी 56 संयुक्त कार्य बलों के माध्यम से घृणा अपराधों से निपट रहे हैं। हमने घृणा अपराधों को राष्ट्रीय खतरे की प्राथमिकता में शामिल किया है।

# भारत में जन्मी लेखिका नंदनी दास ने 2023 ब्रिटिश अकादमी बुक प्राइज जीता

**भाषा** । लंदन

**भारत** में जन्मी लेखिका नंदिनी दास को उनकी पुस्तक कोर्टिंग इंडिया: इंग्लैंड, मुगल इंडिया एंड द ओरिजिन्स ऑफ एम्पायर को लेकर ग्लोबल कल्चरल अंडरस्टैंडिंग के लिए 2023 ब्रिटिश अकादमी बुक प्राइज पुरस्कार का विजेता नामित किया गया है। यह एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय गैर-गल्प पुरस्कार है जिसमें इनाम के तौर पर 25,000 पाउंड की राशि दी जाती है।

ब्रिटेन स्थित लेखिका का नाम मंगलवार शाम को लंदन में ब्रिटिश अकादमी के एक समारोह में विजेता के रूप में घोषित किया गया। दास की यह किताब, मुगल दरबारों में इंग्लैंड के पहले राजनयिक अभियान के माध्यम से बताई गई ब्रिटेन और भारत की सच्ची मूल कहानी का वर्णन करती है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में अंग्रेजी विभाग में प्रोफेसर के रूप में कार्यरत दास (49) ने 17वीं शताब्दी में भारत में इंग्लैंड के पहले राजदूत सर थॉमस रो के आगमन की कहानी के माध्यम से साम्राज्य की उत्पत्ति पर एक नया दृष्टिकोण प्रस्तुत करने की कोशिश की है। जूरी प्रमुख प्रोफेसर चार्ल्स ट्रिप ने कहा, भारत और ब्रिटेन की राजनीतिक हस्तियों, अधिकारियों और व्यापारियों के समकालीन स्त्रोतों का उपयोग कर उन्होंने कहानी को एक अद्वितीय तात्कालिकता दी है जो इस दौरान हुई शुरुआती गलतफहमियों को जीवंत कर देती है। ब्रिटिश अकादमी बुक पुरस्कार की स्थापना वर्ष 2013 में गैर-गल्प साहित्य के क्षेत्र में सर्वोत्तम कार्य को पुरस्कृत करने के लिए की गई थी और इसे पूर्व में नाएफ अल-रोडेन पुरस्कार के नाम से जाना जाता था।



**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given that my client Sapna garg is in process to avail the LAP against her first floor portion area measuring 103.32 square meter out of the said property now known as Mahender apartment property number 988, 989 and 990 area measuring 425 square meter situated at ward number 8 main road Bazar Sitaram Delhi-06 (availing loan from Suryodaya Small Finance Bank), who acquired the said property vide sale deed dated 13 April 2021 (doc. No. 3901) executed by Radha Rani, Whereas she has lost the below mentioned deed pertraining to this property for which the online FIR has already been lodged on dated 31/10/23


Original sale deed dated 3 February 2010 executed by Mahendra Kumar Bansal in favour of Pushpa Gupta

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
Unit No. FF-2, First floor, Mahaluxmi Metro Tower Sec-4, Vaishali, Gzb., U.P., Mob. 9810063351

# दिल से संवाद करें मेइती और कुकी समुदायः राजनाथ

भाषा। तिपा (मिजोरम)



**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को मणिपुर में एक दूसरे से लड़ रहे मेइती और कुकी समुदायों से अपील की कि वे परस्पर बने अविश्वास के माहौल को खत्म करने के लिए साथ बैठें और दिल से बात करें। मिजोरम के दक्षिणी हिस्से में और म्यामां सीमा के नजदीक आयोजित एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है और मणिपुर के दोनों समुदायों को स्थिति सुधारने के लिए एक-दूसरे से बातचीत करनी चाहिए। उन्होंने कहा, पिछले नौ वर्षों में पूर्वोत्तर शांतिपूर्ण रहा है। सभी राज्यों में उग्रवाद समाप्त हो गया था। हालांकि, हमने इस मणिपुर में हिंसा की दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं देखीं जो हमारे लिए पीड़ादायक है।

सिंह ने कहा, हिंसा किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। हमें जो चाहिए वह है दिल से दिल की बातचीत। मैं दोनों समुदायों (मेइती और कुकी) से एक साथ बैठने और अविश्वास को खत्म करने की अपील करता हूं। मेइती और कुकी समुदायों के बीच शत्रुता के कारण पिछले कुछ महीनों में मणिपुर में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई। तीन मई को राज्य में जातीय हिंसा भड़कने के बाद से 180 से अधिक लोगों की जान चली गई है, जब मेइती समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च आयोजित किया गया था।

मणिपुर की आबादी में मेइती लोगों की जनसंख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी 40 प्रतिशत हैं और ज्यादातर पहाड़ी जिलों में रहते हैं। आदिवासियों में नगा और कुकी शामिल हैं। रक्षा मंत्री ने कांग्रेस पर मणिपुर की स्थिति का राजनीतिक फायदा उठाने की कोशिश करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, जब मणिपुर में हालात बिगड़ रहे थे तब कांग्रेस ने इस मुद्दे पर राजनीति करने की कोशिश की। सिंह ने कहा, मिजोरम और पूर्वोत्तर समेत पूरे देश को कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति से दूर रखने की जरूरत है।

रक्षामंत्री ने कहा कि केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार का मानना है कि जब तक पूर्वोत्तर वास्तव में विकसित नहीं होगा तब तक एक मजबूत, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा नहीं होगा। सिंह ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर भाजपा मिजोरम की सत्ता में आती है तो राज्य को मादक पदार्थ मुक्त करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। रक्षामंत्री ने 1966 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार द्वारा मिजोरम में वायुसेना के इस्तेमाल का भी संदर्भ दिया। सिंह ने कहा, विपरीत परिस्थितियों में भी एकता और राष्ट्रीय अखंडता बनाए रखने के लिए मैं आपकी सराहना करता हूं।

आइजोल में भारतीय वायुसेना द्वारा 1966 में किए गए हमले का सदंर्भ देते हुए उन्होंने कहा, जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी तब उसने देश में पहली बार मिजोरम में हवाई हमले कराए। अब भाजपा सत्ता में है और हम ऐसा कभी नहीं करेंगे। उक्त हवाई हमला कुछ उग्रवादियों को निशाना बनाकर किया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर भाजपा राज्य की सत्ता में आती है तो मिजोरम के विकास परिदृश्य को बदल देगी। उन्होंने कहा, भाजपा विकास और शासन का पर्याय है। हम यहां मिजोरम को एक नई तरह की राजनीति प्रदान करने के लिए हैं जो सुशासन, विकास और लोगों के कल्याण पर आधारित है। हम सभी के लिए न्याय और किसी के तुष्टिकरण में विश्वास नहीं करते। सिंह ने कहा, 2014 में, पूर्वोत्तर में केवल आठ हवाई अड्डे और एक जलमार्ग था। आज, पूर्वोत्तर में 17 हवाई अड्डे और 18 जलमार्ग हैं। मिजोरम 40 सदस्ईय विधानसभा चुनाव के लिए सात नवंबर को मतदान होगा और मतों की गिनती तीन दिसंबर को होगी।

## कांग्रेस ने मणिपुर संबंधी बयान को लेकर रक्षा मंत्री पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा मणिपुर के राजनीतिक दलों पर हिंसा को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाए जाने के बाद बुधवार को उन पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वह अपनी नौकरी बचाने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिंसा प्रभावित राज्य का दौरा क्यों नहीं किया और शांति बहाल करने में विफल रहने के बावजूद मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह अपने पद पर क्यों बने हुए हैं? उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, हम सभी जानते हैं कि ऐसी बातें कहने की रक्षा मंत्री की मजबूरी है ताकि वह अपनी नौकरी बचा सकें। दो सबसे प्रासंगिक प्रश्न हैं कि प्रधानमंत्री मणिपुर क्यों नहीं गए और मणिपुर के मुख्यमंत्री अब भी पद पर क्यों हैं?

# वापस आ चुके हैं 2,000 रुपए मूल्य के 97 प्रतिशत से ज्यादा नोट : रिजर्व बैंक

**मुंबई।** चलन से वापस लिए गए 2,000 रुपए मूल्य वर्ग के 97 प्रतिशत से ज्यादा नोट बैंकिंग प्रणाली में वापस आ चुके हैं और अब सिर्फ 10,000 करोड़ रुपए मूल्य के नोट ही लोगों के पास रह गए हैं। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को यह जानकारी दी। रिजर्व बैंक ने इस साल 19 मई को 2,000 रुपए मूल्य के नोट को चलन से बाहर करने की घोषणा की थी। इन नोटों को बैंकों में जमा करने के साथ अन्य मूल्य वर्ग के नोटों से बदलने की सुविधा लोगों को दी गई थी। रिजर्व बैंक ने एक अधिसूचना में कहा, चलन में मौजूद 2,000 रुपए मूल्य के नोटों का कुल मूल्य 19 मई, 2023 को कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपए था। यह घटकर 31 अक्टूबर, 2023 को 10,000 करोड़ रुपए रह गया है।

आरबीआई के मुताबिक, इस तरह 19 मई, 2023 तक चलन में मौजूद 2,000 रुपए मूल्य के कुल नोट में से 97 प्रतिशत से अधिक नोट अब वापस आ चुके हैं। केंद्रीय बैंक ने कहा, जनता से अनुरोध है कि वे भारतीय डाक के डाकघरों के माध्यम से 2,000 रुपए के बैंक नोट भेजने की सुविधा का लाभ उठाएं। इससे उन्हें 2,000 रुपए के बैंक नोटों को जमाविनिमय करने के लिए आरबीआई कार्यालयों तक जाने की जरूरत नहीं होगी। ऐसे नोट रखने वाली जनता और संस्थाओं को शुरू में 30 सितंबर तक इन्हें बदलने या बैंक खातों में जमा करने के लिए कहा गया था। बाद में यह समयसीमा सात अक्टूबर तक बढ़ा दी गई थी। बैंक शाखाओं में जमा और विनिमय दोनों सेवाएं सात अक्टूबर को बंद कर दी गई थीं। आठ अक्टूबर से व्यक्तियों को आरबीआई के 19 कार्यालयों में मुद्रा का आदान-प्रदान करने या उनके बैंक खातों में समतुल्य राशि जमा करने का विकल्प प्रदान किया गया है। अब बैंकों में इन नोटों को नहीं जमा किया जा सकता है लेकिन रिजर्व बैंक के 19 कार्यालयों में 2,000 रुपए के नोट जमा या बदले जा सकते हैं।



नागपुर में विवाहित महिलाएं करवा चौथ व्रत के दौरान पूजा करती हुईं।

# भारत की रक्षा में लद्दाख के योगदान को पूरा देश जानता है : राष्ट्रपति मुर्मू

**लेह।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारतीयों का लद्दाख के लोगों के प्रति विशेष लगाव और सम्मान है और वे राष्ट्र की रक्षा में इस केंद्र शासित प्रदेश के योगदान को भलीभांति जानते हैं। सिंधु घाट पर राष्ट्रपति के सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि सिंधु नदी सभी भारतीयों की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और अध्यात्मिक मनोपटल में गहराई से व्याप्त है। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी बयान के मुताबिक राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि लद्दाख के लोगों के प्रति भारत के लोगों का विशेष प्रेम और सम्मान है और वे राष्ट्र की रक्षा में लद्दाख के योगदान को जानते हैं।




राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि इस क्षेत्र के लोग अपनी बहादुरी और बुद्ध के प्रति आस्था के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध का अमर और जीवंत संदेश लद्दाख के जरिए दूरस्थ देशों तक फैला। राष्ट्रपति ने कहा कि लद्दाख में आध्यात्मिक पर्यटन, साहसिक पर्यटन और पर्यावरण अनुकूल-पर्यटन के विकास की विपुल संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अरोग्य पर्यटन या स्वास्थ्य पर्यटन के विकास की अपार संभावनाएं हैं। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि यह खुशी की बात है कि लद्दाख में कई आदिवासी समुदायों की समृद्ध परंपराएं जीवित हैं। उन्होंने कहा कि लोग प्रकृति के प्रति स्नेह और सम्मान के बारे में जानते हैं जो आदिवासी समुदायों की कलाओं, नृत्यों, गीतों और जीवनशैली में परिलक्षित होता है। मुर्मू ने रेखांकित किया कि हमें पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली के वास्ते आदिवासी समुदायों की जीवन शैली को संरक्षित करना चाहिए। राष्ट्रपति ने स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों और स्थानीय आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया।

## क्विक न्यूज

### लखनऊ में वक्फ संपत्ति की धोखाधड़ी से बिक्री मामले में ईडी ने आरोपपत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने उत्तर प्रदेश के लखनऊमें 10 करोड़ रुपए से अधिक कीमत की वक्फ संपत्ति की कथित धोखाधड़ी के माध्यम से बिक्री से संबंधित एक मामले में धनशोधन रोधी कानून के तहत एक आरोपपत्र दाखिल किया है। लखनऊमें धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की एक विशेष अदालत ने मंगलवार को अभियोजन की शिकायत पर संज्ञान लिया, जो आरोपपत्र के समतुल्य है। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसका मामला मोहम्मद मुस्तफा खान, साकिब खान और अनूश फरीदी के रूप मे पहचाने गए कुछ आरोपियो के खिलाफ लखनऊपुलिस की दर्ज प्राथमिकी से जुड़ा है। उसने कहा कि पुलिस ने उन पर लखनऊमें नंबर 3-1, न्यू बेरी रोड स्थित वक्फ की एक संपत्ति की कथित धोखाधड़ी से बिक्री का आरोप लगाया था, जिसकी कीमत 10.92 करोड़ रुपए थी। मोहम्मद मुस्तफा खान इस मामले में मुख्य आरोपी है। उसे ईडी ने अगस्त में गिरफ्तार किया था और फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में है। ईडी ने कहा कि जांच के दौरान, यह पाया गया कि वक्फ की उक्त संपत्ति को धोखाधड़ी से गैर-वक्फ के रूप में परिवर्तित किया गया, ... एलडीए से नियमित कराया गया और किसी व्यक्ति को बेच दिया गया।

### बारामूला में लश्कर आतंकवादियों के चार सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** सुरक्षा बलो ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियो के चार सहयोगियो को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। सोमवार को नाराधिरी डंगेरपोरा चौराहे पर स्थापित जांच चौकी पर सुरक्षा बलों ने दो संदिग्धो को रोका। संदिग्ध सुरक्षा बलो को देख भागने लगे लेकिन उन्हे पकड़ लिया गया। आतंकवादियो के सहयोगियो की पहचान गुलाम हसन मीर और मुख्तार अहमद खान के रूप में की गई, जो बारामूला के चंदूसा के निवासी थे। उनके कब्जे से एक चीन निर्मित पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, 12 कारतूस, दो हथगोले और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई। मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। दो और व्यक्तियों काव्हार निवासी अल्ताफ अहमद राथर और कुंजर के फारूक अहमद नकीब को पूछताछ के लिए बुलाया गया।

### सेना प्रमुख ने सियाचिन आधार शिविर, अग्रिम चौकियों का दौरा किया

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने बुधवार को सियाचिन आधार शिविर और अग्रिम चौकियों का दौरा कर वहां परिचालन तैयारियों की समीक्षा की। सूत्रों ने यह जानकारी दी। जनरल पांडे मंगलवार को लेह पहुंचे थे। काराकोरम पर्वत श्रृंखला में लगभग 20,000 फुट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर को दुनिया के सबसे ऊंचे सैन्य क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। सर्दियों के दौरान ग्लेशियर पर हिमस्खलन और भूस्खलन का खतरा तो बना ही रहता है, तापमान भी शून्य से 60 डिग्री सेल्सियस तक गिर सकता है। सेना प्रमुख ने आज सियाचिन आधार शिविर और अग्रिम चौकियों का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने परिचालन तैयारियों की भी समीक्षा की।

### बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की बेटी साइमा को डब्ल्यूएचओ में क्षेत्रीय निदेशक नामित किया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना की बेटी और मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ साइमा वाजिद को विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के लिए क्षेत्रीय निदेशक के रूप में नामित किया गया है। दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र के लिए डब्ल्यूएचओ क्षेत्रीय समिति के 76वे सत्र मे एक बैठक के दौरान सदस्य देशो ने वाजिद को इस पद पर नामित करने के लिए मतदान किया। नामांकन डब्ल्यूएचओ के कार्यकारी बोर्ड को 154वें सत्र के दौरान प्रस्तुत किया जाएगा, जो स्विट्जरलैंड के जिनेवा मे 22 से 27 जनवरी तक होगा। वाजिद एक फरवरी, 2024 को पदभार ग्रहण कर सकती है।

### सिविल सेवाओं के लिए 89 और अभ्यर्थियों की सिफारिश की

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने बुधवार को विभिन्न सिविल सेवाओ के लिए 89 और अभ्यर्थियो की सिफारिश की। जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, इन अभ्यर्थियो की सिफारिश सिविल सेवा परीक्षा 2022 में उनके परिणामो के आधार पर की गई है और ये आरक्षित सूची मे थे। सिविल सेवा परीक्षा, 2022 का परिणाम इस साल मई मे घोषित किया गया था। भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय विदेश सेवा और भारतीय पुलिस सेवा जैसी विभिन्न सेवाओं के लिए 933 उम्मीदवारो की सिफारिश की गई थी। यूपीएससी ने कहा कि उसने संबंधित श्रेणियो के तहत अंतिम अनुशंसित अभ्यर्थी के नीचे योग्यता के क्रम मे एक समेकित आरक्षित सूची भी बनाया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की मांग के अनुसार, आयोग ने अब सिविल सेवा परीक्षा, 2022 के आधार पर शेष पदो को भरने के लिए 89 अभ्यर्थियो की सिफारिश की है, जिनमें 65 सामान्य, सात ईडब्ल्यूएस, 15 ओबीसी , एक एससी और एक एसटी (अनुसूचित जनजाति) उम्मीदवार शामिल है।

## गैरकानूनी तरीके से भारत में प्रवेश करने पर छह बांग्लादेशी गिरफ्तार

**अगरतला।** त्रिपुरा के अगरतला में स्थित महाराजा बीर बिक्रम हवाई अड्डे पर भारत में कथित रूप से गैरकानूनी तरीके से प्रवेश करने के लिए बांग्लादेश के छह नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों की पहचान मोहम्मद नील इस्लाम (22), रत्न रबिदास (21), मोहम्मद जोनी मिया (18), सिफात मिया (20), मेहदी जसन (20) और स्वप्न मिया (26) के रूप में हुई है और सभी पड़ोसी देश के विभिन्न हिस्सों से संबंध रखते हैं। हवाई अड्डा थाने के प्रभारी अधिकारी अभिजीत मंडल ने बताया कि मंगलवार रात को छह लोगों को हवाई अड्डे पर घूमते हुए देखा गया और जब ड्यूटी पर तैनात अधिकारी ने उनसे वैध दस्तावेज दिखाने को कहा तो वे ऐसा करने में विफल रहे। मंडल ने बताया, बांग्लादेशी नागरिकों को गैर कानूनी तरीके से भारतीय सरजमीं पर प्रवेश करने के लिए गिरफ्तार किया गया है।

# प्रतियोगी परीक्षाएं कन्नड़ में भी आयोजित की जाएं: सिद्धरमैया ने केंद्र से कहा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने बुधवार को केंद्र सरकार की नौकरियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं को कन्नड़ भाषा में भी आयोजित करने की वकालत करते हुए कहा कि इन्हें केवल हिंदी या अंग्रेजी में कराना संभव नहीं है। मुख्यमंत्री ने 68वें कर्नाटक राज्योत्सव के अवसर पर कांतीरावा स्टेडियम में लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह इन परीक्षाओं के लिए भाषा के माध्यम पर फिर से विचार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखेंगे। शिवाजी नगर से विधायक रिजवान अरशद ने सही कहा है कि केंद्र सरकार केवल हिंदी और अंग्रेजी में परीक्षा आयोजित करती है। हमें इसका विरोध करने की जरूरत है। सिर्फ हिंदी और अंग्रेजी में प्रतियोगी परीक्षाएं कराना संभव नहीं है।

सिद्धरमैया ने कहा, हमारे बच्चे उसी भाषा में परीक्षा देंगे जो वे जानते हैं। मैं अपने प्रधानमंत्री से (भाषा के तरीके पर) दोबारा विचार करने का अनुरोध करूंगा। यह उल्लेख करते हुए कि केवल सरकारी स्कूलों में शिक्षा का माध्यम कन्नड़ है, निजी स्कूलों में नहीं, मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों के बीच यह गलत धारणा है कि केवल अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे प्रतिभाशाली होते हैं तथा अच्छी नौकरी पाते हैं।

सिद्धरमैया ने यह भी कहा कि कर्नाटक में कई प्रतिष्ठित वैज्ञानिक पैदा हुए हैं जिन्होंने कन्नड़ माध्यम में अध्ययन किया। उन्होंने कहा, उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि माता-पिता को अपने बच्चे को अपनी पसंद के शिक्षण माध्यम में शिक्षा दिलाने का अधिकार है...। सिद्धरमैया ने सरकारी स्कूलों को उन्नत करने की जरूरत पर भी जोर दिया, ताकि वहां पढ़ने वाले छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। इस संबंध में, उन्होंने कर्नाटक में 10वीं कक्षा तक कन्नड़ को अनिवार्य बनाने की आवश्यकता बताई।

मुख्यमंत्री ने सरकारी स्कूलों के लिए बुधवार से मुफ्त बिजली और पानी देने की घोषणा की जिससे कि उनकी स्थिति सुधर सके। उन्होंने कहा कि राज्य अपने गठन का 68वां वर्ष मना रहा है और कर्नाटक नाम से 50 साल पूरे कर चुका है, जिसे पहले मैसूर के नाम से जाना जाता था। कर्नाटक नाम की स्वर्ण जयंती मनाने के लिए राज्य भर में साल भर विभिन्न कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों को राज्य के इतिहास, इसकी भाषा, कला, संगीत, संस्कृति, विरासत और परंपराओं के बारे में बताने के लिए हेसारयितु कर्नाटक, उसिरगली कन्नड़ (कर्नाटक का नाम, कन्नड़ इसकी सांस हो) के नारे के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सिद्धरमैया ने लोगों से कन्नड़ को दैनिक व्यवहार में लाने की शपथ लेने की अपील की।

# केरल के मुख्यमंत्री की बेटीके निजी कंपनी के साथ लेनदेन मामले में न्याय मित्र नियुक्त

भाषा। कोच्चि

**केरल** उच्च न्यायालय ने बुधवार को एक निजी कंपनी कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड के साथ मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की बेटी और उसकी कंपनी के वित्तीय लेनदेन की सतर्कता जांच की मांग करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान सहायता के लिए एक न्याय मित्र नियुक्त किया। मामले से जुड़े एक वरिष्ठ सरकारी वकील ने कहा कि न्यायमूर्ति के. बाबू ने वकील अखिल मोहन को न्याय मित्र नियुक्त किया तथा मामले को बृहस्पतिवार दो नवंबर को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

मामले में याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील बी. ए. अलूर ने भी इसकी पुष्टि की। यह याचिका सामाजिक कार्यकर्ता गिरीश बाबू ने सतर्कता अदालत के उस आदेश को चुनौती देते हुए दायर की थी, जिसमें कोच्चि स्थित कंपनी के साथ मुख्यमंत्री की बेटी और उसकी कंपनी के वित्तीय लेनदेन की जांच करने से इनकार कर दिया गया था।

कोच्चि स्थित निजी खनिज कंपनी और वीना तथा उसकी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी के बीच कुछ वित्तीय लेनदेन को लेकर हाल ही में केरल में विवाद शुरू हो गया था। इस बीच ऐसे साक्ष्य भी सामने आए जिससे पता चलता है कि कंपनी का राज्य की सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के साथ-साथ विपक्षी कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूनाइटेड ड्रेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के शीर्ष नेताओं के साथ लेन-देन था। यह मामला तब सामने आया जब एक मलयालम दैनिक समाचार पत्र ने बताया कि कोचीन मिनरल्स एंड रूटाइल लिमिटेड ने 2017 और 2020 के बीच मुख्यमंत्री की बेटी को 1.72 करोड़ रुपए का भुगतान किया।

# अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 13% बढ़कर 1.72 लाख करोड़ पर

**नई दिल्ली।** माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह अक्टूबर में सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया। यह जीएसटी संग्रह का दूसरा सबसे ऊंचा मासिक आंकड़ा है। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। पिछले साल अक्टूबर में जीएसटी संग्रह 1.52 लाख करोड़ रुपए रहा था। मंत्रालय ने बयान में कहा, अक्टूबर, 2023 के लिए जीएसटी राजस्व अप्रैल, 2023 के बाद दूसरा सबसे ऊंचा आंकड़ा है। अप्रैल, 2023 में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपए रहा था, जबकि सितंबर में यह 1.63 लाख करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 2023-24 में औसत मासिक जीएसटी संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपए रहा है।

यह पिछले साल की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि पिछले महीने के लेनदेन से संबंधित तिमाही अंत के समायोजन और अर्थव्यवस्था की रफ्तार से जीएसटी संग्रह बढ़ा है। नायर ने कहा, इसके साथ, अक्टूबर 2023 में साल-दर-साल वृद्धि की गति 10 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, जो उत्साहजनक है। वर्तमान में, हमारा अनुमान है कि केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान से थोड़ा अधिक होगा। अक्टूबर, 2023 में कुल जीएसटी राजस्व।,72,003 करोड़ रुपए रहा है। इसमें 30,062 करोड़ रुपए केंद्रीय जीएसटी, 38,171 करोड़ रुपए राज्य जीएसटी है, 91,315 करोड़ रुपए (माल आयात पर एकत्र 42,127 करोड़ रुपए सहित) एकीकृत जीएसटी है और 12,456 करोड़ रुपए (वस्तुओं के आयात पर एकत्र।,294 करोड़ रुपए सहित) उपकर है। सरकार ने आईजीएसटी में सीजीएसटी के 42,873 करोड़ रुपए और एसजीएसटी के 36,614 करोड़ रुपए का निपटान किया है।

# मराठा आरक्षण अन्य समुदायों के कोटो को छुए बिना दिया जाएगा: शिंदे

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि बुधवार को हुई सर्वदलीय बैठक में फैसला किया गया कि राज्य में अन्य समुदायों को दिए जा रहे वर्तमान आरक्षण में छेड़छड़ किए बिना मराठा समुदाय को आरक्षण दिया जाना चाहिए। यहां संवाददाताओं से बातचीत करते हुए शिंदे ने कार्यकर्ता मनोज जरांगे से अपील की कि वह अपना अनशन समाप्त कर दें और सरकार को कुछ समय दें। जरांगे 25 अक्टूबर से अनशन पर हैं। शिंदे ने कहा, सर्वदलीय बैठक में सर्वसम्मति से फैसला किया गया कि मौजूदा समय में जिन समुदायों को आरक्षण मिल रहा है, उनमें छेड़छाड़ किए बिना मराठा समुदाय को आरक्षण देने की कोशिश की जानी चाहिए। मैं मनोज जरांगे से अपील और अनुरोध करता हूं कि वह अपना अनशन समाप्त कर दें और सरकार से सहयोग करें। राज्य को उच्चतम न्यायालय में दाखिल करने के लिए उपचारात्मक याचिका तैयार करने में कुछ समय की जरूरत है।

सरकार दो मोर्चों पर काम कर रही है, पहला मराठवाड़ा में मराठा समुदाय को कुनबी जाति का प्रमाणपत्र (ताकि अन्य पिछड़ा वर्ग के तहत आरक्षण का लाभ ले सके) जारी कर रही है और दूसरा शीर्ष न्यायालय में दाखिल करने के लिए त्रृटि रहित उपचारात्मक याचिका तैयार कर रही है। शिंदे ने कहा, सर्वदलीय बैठक में पिछले कुछ दिनों में सामने आई हिंसक घटनाओं पर भी निराशा व्यक्त की गई। इस तरह की हिंसक घटनाएं आरक्षण के लिए मराठा समुदाय के आंदोलन पर एक धब्बा होंगी। राज्य सरकार को एक याचिका तैयार करने के लिए कुछ समय चाहिए जो कानूनी समीक्षा के दौरान सटीक हो। उन्होंने कहा, राज्य सरकार ईमानदार कोशिश कर रही है ताकि मराठा समुदाय को आरक्षण का लाभ मिल सके। पिछड़ा वर्ग आयोग युद्धस्तर पर काम कर रहा है। जब देवेन्द्र फडणवीस मुख्यमंत्री थे तब सरकार द्वारा दिए गए आरक्षण को बंबई उच्च न्यायालय ने बरकरार रखा था लेकिन कुछ त्रुटियों के आधार पर उच्चतम न्यायालय ने इसे रद्द कर दिया था। हम इस स्थिति की पुनरावृत्ति से बचना चाहते हैं। जरांगे से अपील करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें सरकार के प्रयासों पर भरोसा करना चाहिए। कुछ हिंसक घटनाओं के कारण आम जनता को सुरक्षा संबंधी कोई चिंता नहीं होनी चाहिए। पूरे मराठा समुदाय को राज्य सरकार का समर्थन करना चाहिए।

## सर्वदलीय बैठक में जरांगे से अनिश्चितकालीन अनशन खत्म करने का अनुरोध

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अध्यक्षता में मराठा आरक्षण पर बुधवार को हुई सर्वदलीय बैठक में नेताओं ने एक प्रस्ताव पारित कर कार्यकर्ता मनोज जरांगे से अनिश्चितकालीन अनशन खत्म करने का आग्रह किया। बैठक के बाद मुंबई में मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र सरकार मराठा आरक्षण के पक्ष में है। कार्यकर्ता जरांगे को मराठा समुदाय के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने के वास्ते सरकार का सहयोग करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मराठाओं को संयम बरतना चाहिए। शिंदे ने कहा कि सरकार को आरक्षण लागू करने की कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए समय चाहिए। प्रस्ताव पर मुख्यमंत्री शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, राकांपा अध्यक्ष शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) नेता अनिल परब, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय वडेट्टीवार, विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे सहित अन्य ने हस्ताक्षर किए। पिछले कुछ दिनों में राज्य के कई हिस्सों में हिंसा की घटनाएं देखी गई हैं।

मराठवाड़ा के पांच जिलों में सरकारी बस सेवाएं पूरी तरह से निलंबित कर दी गई हैं, जबकि बीड के कुछ हिस्सों में कर्फ्यू लगा दिया गया है और इंटरनेट बंद कर दिया गया है, जहां प्रदर्शनकारियों ने राजनीतिक दलों के नेताओं के आवासों को निशाना बनाया था। मुख्यमंत्री ने लोगों से हिंसा नहीं करने की अपील की है और राजनीतिक दलों से भी ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल होने से बचने को कहा है जिससे स्थिति खराब हो। महाराष्ट्र सरकार ने मंगलवार को एक आदेश प्रकाशित कर संबंधित अधिकारियों से पात्र मराठा समुदाय के सदस्यों को नए कुनबी जाति प्रमाणपत्र जारी करने को कहा, ताकि उनके लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी के तहत आरक्षण लाभ प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त हो सके। सरकारी प्रस्ताव (जीआर) में अधिकारियों से कुनबियों के संदर्भ वाले और उर्दू तथा मोड़ी लिपि (जिसका उपयोग पहले के समय में मराठी भाषा लिखने के लिए किया जाता था) में लिखे पुराने दस्तावेजों का अनुवाद करने के लिए कहा। इन दस्तावेजों का डिजिटलीकरण किया जाएगा, प्रमाणित किया जाएगा और फिर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जाएगा। यह फैसला ऐसे वक्त आया है जब मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि सरकार द्वारा नियुक्त समिति ने 1.72 करोड़ पुराने दस्तावेजों (निजाम-काल सहित) की जांच की और उनमें से 11,530 ऐसे रिकॉर्ड पाए गए जहां कुनबी जाति का उल्लेख किया गया है। कृषि से जुड़ा कुनबी समुदाय महाराष्ट्र में ओबीसी श्रेणी के अंतर्गत आता है और समुदाय को शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण लाभ मिलता है।

# आज अजेय भारत का मुकाबला श्रीलंका से

**भाषा।** मुंबई

**बारह** बरस पहले इसी मैदान पर खिताब जीतकर एक अरब देशवासियों को अप्रैल में दीवाली मनाने का मौका देने वाली भारतीय टीम एक बार फिर बृहस्पतिवार को उसी प्रतिद्वंद्वी श्रीलंका से विश्व कप का लीग मैच खेलेगी तो इस बार मुकाबला निहायत ही बेमेल होगा।

विश्व कप 2011 कर फाइनल जहां बराबरी का मुकाबला था , वहीं इस बार की टक्कर बेमेल होगी। तीसरे खिताब की ओर अग्रसर भारतीय टीम जबर्दस्त फॉर्म में है तो श्रीलंका हार दर हार से बेजार है।

लगातार छह मैच जीत चुकी भारतीय टीम को सही मायने में अब तक कोई चुनौती नहीं मिली है। भारत ने हर विभाग में एक चैम्पियन की तरह प्रदर्शन किया है। आत्मविश्वास के उफान का कारण यह भी है कि कठिन हालात से भारत ने वापसी करके जीत दर्ज की है मसलन चेन्नई में आस्ट्रेलिया के खिलाफ दो रन पर तीन विकेट गंवाना हो या इंग्लैंड के खिलाफ लखनऊ में नौ विकेट पर 229 रन के साधारण स्कोर के बावजूद जीत दर्ज करना हो। इसने विरोधी टीमों के लिए भी खतरे की घंटी बजा दी है कि रोहित शर्मा की टीम का सामना करने के लिए उन्हें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

हार्दिक पंड्या की गैर मौजूदगी में मोहम्मद शमी को मौका दिया गया जिन्होंने दो मैचों में नौ विकेट लेकर चयनकर्ताओं के लिए सुखद सिरदर्द पैदा कर दिया है। कप्तान रोहित और कोच राहुल द्रविड़ को पता है कि शमी को आगे के बड़े मुकाबलों के लिए सुरक्षित रखना होगा। पंड्या की वापसी को लेकर अभी कोई समाचार नहीं है लेकिन भारत की युवा ब्रिगेड का प्रदर्शन जरूर चिंता का सबब है।

लगातार अच्छा प्रदर्शन करके विश्व कप में आए शुभमन गिल और श्रेयस अय्यर अभी तक कोई बड़ी




पारी नहीं खेल सके हैं। गिल डेंगू के कारण पहले दो मैच नहीं खेल सके थे और वापसी के बाद भी सिर्फ एक अर्धशतक जमा सके हैं। इस साल 24 वनडे में पांच शतक और छह अर्धशतक समेत 1334 रन बना चुके गिल को अपना विकेट फेंकने से बचना होगा। शॉर्ट गेंदों के खिलाफ उनकी कमजोरी जाहिर है जबकि अय्यर भी गेंदबाजों पर दबाव नहीं बना सके हैं। अय्यर ने छह मैचों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है। कई मौकों पर वह फिनिशर की भूमिका निभाने में नाकाम रहे। अब अपने घरेलू मैदान पर पिछली नाकामियों को भुलाकर उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

रोहित, सूर्यकुमार यादव और शार्दुल ठाकुर का भी यह घरेलू मैदान है। इस विश्व कप में 66 . 33 की औसत से भारत के लिए सर्वाधिक 398 रन बना चुके रोहित अपने बल्ले से रनों की बौछार करके घरेलू दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करना चाहेंगे।

वहीं क्वालीफिकेशन दौर में शानदार प्रदर्शन करने वाली श्रीलंकाई टीम विश्व कप में नाकाम रही। प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों और अनुपलब्धता ने उसकी परेशानी और बढा दी है। श्रीलंका के लिए सदीरा समरविक्रमा ने छह मैचों में सर्वाधिक 331 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक शामिल है। पाथुम निसांका ने भी इस साल एक हजार से अधिक वनडे रन बनाए हैं। विश्व कप में उन्होंने लगातार चार अर्धशतक जड़े हैं। कप्तान कुसल मेंडिस और एंजेलो मैथ्यूज के रूप में श्रीलंका के पास मैच विनर खिलाड़ी हैं। श्रीलंका के गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन अनुभव के अभाव में भारतीय बल्लेबाज उनके लिए बड़ी चुनौती साबित होंगे।

**भारत व श्रीलंका की टीमें :**

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), हार्दिक पंड्या, शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, लोकेश राहुल, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, रविचंद्रन अश्विन इशान किशन, सूर्यकुमार यादव।

**श्रीलंकाः** कुसल मेंडिस (कप्तान), कुसल परेरा, पथुम निसांका, दुशमंत चमीरा, दिमुथ करुणारत्ने, सदीरा समरविक्रमा, चैरिथ असलांका, धनंजय डी सिल्वा, महेश तीक्षणा, दुनिथ वेलालेज, कसुन रजिथा, एंजेलो मैथ्यूज, दिलशान मदुशंका, दुशान हेमंथा, चमिका करुणारत्ने.

मैच का समय : दोपहर दो बजे से।

# डिकॉक व डुसेन का शतक, दक्षिण अफ्रीका की न्यूजीलैंड पर बड़ी जीत

**भाषा।** पुणे

**बेहतरीन** फॉर्म में चल रहे क्विंटन डिकॉक और रासी वान डेर डुसेन के शतकों की मदद से विशाल स्कोर खड़ा करने वाले दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी वनडे विश्व कप में बुधवार को यहां न्यूजीलैंड को 190 रन से करारी शिकस्त देकर सेमीफाइनल की दहलीज पर मजबूत कदम रखे।

दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद चार विकेट पर 357 रन का विशाल स्कोर बनाया। इसके जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 35.3 ओवर में 167 रन बनाकर आउट हो गई। न्यूजीलैंड की विश्व कप में यहां दूसरी सबसे बड़ी हार है।

दक्षिण अफ्रीका की यह लगातार चौथी और कुल छठी जीत है जिससे वहां सात मैच में 12 अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। अपने पहले चार मैच जीतकर शानदार शुरुआत करने वाले न्यूजीलैंड की यह लगातार तीसरी पराजय है, जिससे उस पर सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अगर मगर की डगर में फंसने का खतरा मंडराने लग गया है। कीवी टीम के सात मैच में आठ अंक हैं और वह चौथे स्थान पर खिसक गई है।

डिकॉक ने 116 गेंद पर 10 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 114 रन बनाए। डुसेन ने 118 गेंद पर 133 रन बनाए जिसमें 9 चौके और 5 छक्के शामिल हैं। इन दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 200 रन की साझेदारी की। इनके अलावा ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी के लिए भेजे गए डेविड मिलर ने 30 गेंद पर चार छक्कों की मदद से 53 रन की तूफानी पारी खेली। दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी 10 ओवर में 119 रन बनाए।

न्यूजीलैंड की टीम शुरू में ही बड़े लक्ष्य के दबाव में आ गई। उसके बल्लेबाजों ने भी किसी तरह से जिम्मेदारी नहीं दिखाई। उसके केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे, जिनमें ग्लेन फिलिप्स ने सर्वाधिक 60 रन बनाए। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से केशव महाराज ने 46 रन देकर चार, मार्को यानसन ने 31 रन देकर तीन और गेराल्ड कोएत्जी ने 41 रन देकर दो विकेट लिए।

यानसन ने गेंदबाजी में फिर से दक्षिण अफ्रीका को अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने डेवोन कॉनवे (02) और शानदार फॉर्म में चल रहे रचिन रविंद्र (09) को सस्ते में आउट करके न्यूजीलैंड का शीर्ष क्रम झकझोरा।

सलामी बल्लेबाज विल यंग (37 गेंद पर 33) भी अपनी पारी लंबी नहीं खींच पाए, जबकि कप्तान टॉम लैथम (04) भी जिम्मेदारी निभाने में नाकाम रहे। यंग को कोएत्जी ने अपने पहले ओवर में पवेलियन का रास्ता दिखाई जबकि लैथम ने कागिसो रबाडा की गेंद पर कवर में आसान कैच दिया।

डेरिल मिचेल (24) से ऐसे मौके पर जिम्मेदारी भरी पारी खेलने की उम्मीद थी लेकिन उन्होंने महाराज के पहले ओवर में ही गैर जिम्मेदाराना




शॉट खेलकर डीप कवर पर कैच दे दिया। इस तरह से न्यूजीलैंड की आधी टीम 90 रन पर पवेलियन लौट गई।

न्यूजीलैंड के बल्लेबाजों को नेट रन रेट को ध्यान में रखकर बल्लेबाजी करने की जरूरत थी लेकिन आगे भी लगातार विकेट गिरने से वह इस स्तर पर भी सफल नहीं रहा। मैट हेनरी ने चोटिल होने के बावजूद फिलिप्स का साथ दिया, जिन्होंने आखिर में लंबे शॉट लगाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। फिलिप्स ने अपनी 50 गेंद की पारी में चार चौके और चार छक्के लगाए। इससे पहले न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर दक्षिण अफ्रीका को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया और फिर कसी गेंदबाजी की। आलम यह था कि डिकॉक जैसा आक्रामक बल्लेबाज पहले 15 ओवर में केवल एक बाउंड्री लगा पाया था। दक्षिण अफ्रीका ने पहले पावरप्ले में एक विकेट पर 43 रन बनाए। इसमें कप्तान तेंबा बावुमा का योगदान 24 रन था। उन्होंने ट्रेंट बोल्ट की गेंद पर स्लिप में कैच देने से पहले अपने चारों चौके और एक छक्का मेट हेनरी पर लगाया।

डिकॉक भी उनके पीछे पवेलियन लौट जाते लेकिन ग्लेन फिलिप्स ने विश्व कप में अपना पहला मैच खेल रहे टिम साउदी की गेंद पर उनका मुश्किल कैच छोड़ दिया। डिकॉक तब 12 रन पर खेल रहे थे। उन्होंने पारी के 16वें ओवर में साउदी पर चौका और छक्का लगाकर अपने हाथ खोले और फिर सेंटनर की गेंद भी छह रन के लिए भेजी।

डिकॉक ने इसके बाद दक्षिण अफ्रीका की तरफ से किसी एक विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने का जॉक कैलिस (485 रन, 2007) का रिकॉर्ड तोड़ा। डुसेन भी शुरू में जूझते नजर आए लेकिन उन्होंने पांव जमाए रखे तथा 61 गेंद पर अपना पचासा पूरा किया। इस बीच उन्होंने रविंद्र और फिलिप्स पर छक्के लगाए।

डिकॉक ने जेम्स नीशम पर छक्का लगाकर 103 गेंद पर वर्तमान विश्व कप का अपना चौथा शतक पूरा किया। नीशम के इस ओवर में डुसेन को दो जीवनदान मिले।

टॉम लैथम ने इन दोनों की साझेदारी तोड़ने के लिए सात गेंदबाजों का उपयोग किया। इस बीच हेनरी को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा। साउदी ने 40वें ओवर में डिकॉक को बैकवर्ड प्वाइंट पर कैच करा कर यह साझेदारी तोड़ी। इस बार फिलिप्स ने कैच लेने में कोई गलती नहीं की।

डुसेन ने नीशम पर चौका लगाकर 101 गेंद पर अपना शतक पूरा किया जो वर्तमान विश्व कप में उनका दूसरा सैकड़ा है। उन्होंने बाद में इसी गेंदबाज पर लगातार दो छक्के लगाए जबकि मिलर ने यही रवैया फिलिप्स के खिलाफ अपनाकर 46वें ओवर में टीम का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया। साउदी ने डुसेन को बोल्ड करके इन दोनों के बीच 43 गेंद पर निभाई गई 78 रन की साझेदारी तोड़ी। मिलर ने नीशम पर छक्का लगाकर 29 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। न्यूजीलैंड की तरफ से साउदी ने 77 रन देकर दो विकेट लिए।

**स्कोर बोर्ड**

**दक्षिण अफ्रीका पारी :** क्विंटन डिकॉक का फिलिप्स बो साउदी 114, तेम्बा बावुमा का मिचेल बो बोल्ट 24, रासी वान डेर डुसेन बो साउदी 133, डेविड मिलर का मिचेल बो नीशाम 53, हेनरिच क्लासेन नाबाद 15, एडेन मार्क्रराम नाबाद 6, अतिरिक्त : 12 रन **कुल योग :** 50 ओवर में चार विकेट पर 357 रन, **विकेट पतन** :1 - 38, 2 - 238, 3 - 316, 4 - 351 **गेंदबाजी :** बोल्ट 10 - 1- 49 - 1, हेनरी 5.3 - 0 - 31 - 0, साउदी 10 - 0- 77 - 2, सेंटनेर 10- 0 - 58 - 0, फिलिप्स 7 - 0 - 52 . 0, रविंद्र 2 - 0 . 17 . 0, नीशाम 5.3- 0 - 69-1

# भारत के आखिरी लीग मैच से पहले पंड्या की वापसी मुश्किल

**भाषा।** मुंबई

**भारत** के स्टार हरफनमौला हार्दिक पंड्या 12 नवंबर को नीदरलैंड के खिलाफ बेंगलुरू में टीम के आखिरी लीग मैच से पहले वापसी नहीं कर सकेंगे। पंड्या को 19 अक्टूबर को बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अपनी ही गेंदबाजी पर क्षेत्ररक्षण के दौरान चोट लगी थी। वह न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल सके और बृहस्पतिवार को श्रीलंका तथा पांच नवंबर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ भी नहीं खेल पाएंगे।

भारत को आखिरी लीग मैच नीदरलैंड से 12 नवंबर को बेंगलुरू में खेलना है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा , वह तेजी से ठीक हो रहा है और आखिरी लीग मैच खेल सकेगा। यह भी संभव है कि वह सीधे सेमीफाइनल खेले। अभी तक सारे छह मैच जीतने वाली भारतीय टीम का सेमीफाइनल में प्रवेश तय है।




पंड्या की कमी पूरी करने के लिए टीम में छठे नंबर पर उनकी जगह सूर्यकुमार यादव को उतारा गया है जबकि पांच गेंदबाज खेल रहे हैं। मोहम्मद शमी के शानदार फॉर्म को देखते हुए टीम को बतौर गेंदबाज पंड्या की कमी नहीं खली है लेकिन टीम के संतुलन के लिए उनका होना बहुत जरूरी है। पंड्या इस समय बेंगलुरू में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में है।

# विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहेंगे विली




बेंगलुरू, एक नवंबर (भाषा) इंग्लैंड के हरफनमौला डेविड विली ने बुधवार को कहा कि वह विश्व कप के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। उन्होंने हालांकि यह भी कहा कि उनके फैसले का विश्व कप में टीम के खराब प्रदर्शन से कोई सरोकार नहीं है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने एक सप्ताह पहले उन्हें 2023 . 24 के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा था। विली ने इंस्टाग्राम पर कहा , मैं नहीं चाहता था कि यह दिन आए। बचपन से मैने सिर्फ इंग्लैंड के लिए क्रिकेट खेलने का ही सपना देखा था। काफी सोच विचारकर और बड़े खेद के साथ मुझे लग रहा है कि वह समय आ गया है कि विश्व कप के बाद क्रिकेट के हर प्रारूप को अलविदा कह दूं। उन्होंने कहा , मैने हमेशा इंग्लैंड के लिए खेलने में गर्व अनुभव किया है। मैं खुशकिस्मत हूं कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटरों के साथ खेल सका। विली ने 2015 में डबलिन में आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच खेला। वह अब तक 70 वनडे में 94 विकेट और 43 टी20 में 51 विकेट ले चुके हैं।

# वनडे में पहली बार नंबर वन गेंदबाज बने शाहीन आफरीदी

**भाषा।** कोलकाता

**पाकिस्तान** के प्रमुख तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी बुधवार को एक दिवसीय क्रिकेट रैंकिंग में नंबर एक गेंदबाज बन गए जो उनके कैरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अफरीदी ने सात पायदान की छलांग लगाकर आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को पछाड़ा।

बांग्लादेश के खिलाफ विश्व कप मैच में पाकिस्तान की जीत में अफरीदी ने 23 रन देकर तीन विकेट लिए। इसी मैच में उन्होंने 100वां वनडे विकेट भी लिया। उन्होंने 51 मैचों में इस आंकड़े को छुआ और




सबसे तेजी से वनडे विकेटों का शतक पूरा करने वाले वह तीसरे गेंदबाज और पहले तेज गेंदबाज बन गए।

इस विश्व कप में वह सात मैचों में 16 विकेट लेकर आस्ट्रेलिया के एडम जाम्पा के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। भारत के मोहम्मद सिराज रैंकिंग में तीसरे और स्पिनर कुलदीप यादव सातवें स्थान पर हैं।

बल्लेबाजों में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम शीर्ष पर हैं। भारत के शुभमन गिल दूसरे, रोहित शर्मा पांचवें और विराट कोहली सातवें स्थान पर है। हरफनमौलाओं की सूची में बांग्लादेश के शाकिब अल हसन शीर्ष पर हैं। भारत के हार्दिक पंड्या एक पायदान गिरकर 11वें स्थान पर हैं जबकि रविंद्र जडेजा 13वें स्थान पर बने हुए हैं।

# फिटनेस पर फोकस, भारतीय खानसामे के साथ विश्व कप में यात्रा कर रहे हैं स्टोइनिस

**भाषा।** अहमदाबाद

**अपने** खानपान को लेकर काफी सजग आस्ट्रेलियाई हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस विश्व कप के दौरान पूरे भारत में अपना निजी खानसामा लेकर यात्रा कर रहे हैं ताकि उन्हें लो कार्ब डाइट (कम कार्बोहाइड्रेट वाला खाना) मिल सके। 34 वर्ष के स्टोइनिस कीटोजेनिक (फैट ज्यादा , कार्ब कम) डाइट पर है जिसमें प्रोटीन के साथ बेक किया हुआ ओट्स शामिल है।

क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के अनुसार फ्रेंच खाना बनाने में माहिर मुंबई मे जन्मे कोच वेल्टन सालडाना विश्व कप में स्टोइनिस के साथ यात्रा कर रहे हैं और आस्ट्रेलियाई टीम के किचन में उनके लिए खास खाना




बनाते हैं। स्टोइनिस ने वेबसाइट के पॉडकास्ट पर कहा , भारत के कई खिलाड़ी ऐसा करते हैं और मुझे वहीं से यह आइडिया मिला। मैं अपने खानपान को लेकर काफी अनुशासित हूं। वैसे आस्ट्रेलियाई टीम के पास अपना रसोइया भी है लेकिन स्टोइनिस ने अपना निजी शेफ रखा है। रिपोर्ट में कहा गया , गार्लिक नान वह नहीं खाते। ग्लूटन फ्री बनाना ब्रेड और भुनी हुई गोभी का भर्ता खाते हैं। भुना हुआ बटर चिकन भी उन्हें पसंद है। स्टोइनिस इस साल आईपीएल के दौरान लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल की सलाह पर सालडाना से मिले थे जो शिकागो और न्यूयॉर्क में कई बड़े रेस्त्रां में काम कर चुके हैं।

## मैट हेनरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के दौरान हैमस्ट्रिंग चोट

**भाषा।** पुणे

**न्यूजीलैंड** के तेज गेंदबाज मैट हेनरी को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बुधवार को विश्व कप के मैच में दाहिने हैमस्ट्रिंग में चोट लगी।

उन्हें दक्षिण अफ्रीका की पारी में 27वें ओवर में चोट लगी। वह अपने छठे ओवर की तीन गेंद डाल चुके थे जिसके बाद वह दर्द से कराहते हुए मैदान से चले गए।

न्यूजीलैंड टीम प्रबंधन ने उनकी हैमस्ट्रिंग में पट्टी बांधी लेकिन वह गेंदबाजी जारी नहीं रख सके।

न्यूजीलैंड टीम ने एक्स पर लिखा कि हेनरी के दाहिने हैमस्ट्रिंग में खिंचाव है और आगे जांच के बाद वह इस समय मैदान पर नहीं उतरेंगे। अभी यह पता नहीं है कि जरूरत पड़ने पर वह बल्लेबाजी कर पाएंगे या नहीं।

न्यूजीलैंड के लॉकी फर्ग्युसन, मार्क चैपमैन और केन विलियमसन भी चोट के कारण बाहर हैं।

हेनरी अभी तक सात मैचों में 11 विकेट ले चुके हैं।

## गोल्फ कार्ट से गिरे मैक्सवेल, इंग्लैंड के खिलाफ नही खेल सकेंगे

**अहमदाबाद।** आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज ग्लेन मैक्सवेल गोल्फ कार्ट से गिरकर चोटिल होने के कारण इंग्लैंड के खिलाफ चार नवंबर को विश्व कप का लीग मैच नहीं खेल सकेंगे। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू ने बताया कि मैक्सवेल गोल्फ कार्ट पर बैठे थे जब वह गिरे।

आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू डोनाल्ड ने कहा , क्लबहाउस से टीम बस की ओर लौटते समय ग्लेन मैक्सवेल कार्ट के पीछे से उतरने के दौरान चोटिल हो गया। उसे सिर में चोट (कनकशन) लगी है। उसे कनकशन प्रोटोकॉल से गुजरना होगा और वह इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल सकेगा। वह आस्ट्रेलिया के स्पिन आक्रमण का दारोमदार एडम जाम्पा के साथ संभालते हैं। इसके अलावा मध्यक्रम के अहम बल्लेबाज भी है जिन्होंने नीदरलैंड के खिलाफ दिल्ली में सिर्फ 40 गेंद में विश्व कप के इतिहास का सबसे तेज शतक बनाया था। मैक्सवेल को इससे पहले मेलबर्न में नवंबर में एक बर्थडे पार्टी के दौरान भी दुर्घटना में पैर में फ्रेक्चर हो गया था। न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ मैच के बीच एक सप्ताह का ब्रेक होने के कारण खिलाड़ी गोल्फ का मजा ले रहे थे। पिछले साल इंग्लैंड के विकेटकीपर जॉनी बेयरस्टो भी गोल्फ खेलते हुए गिर गए थे और टी20 विश्व कप नहीं खेल पाए थे जो इंग्लैंड ने जीता था। कोच ने कहा कि उनके विकल्प की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा , विकल्प की कोई जरूरत नहीं है। वह छह से आठ दिन कनकशन प्रोटोकॉल से गुजरेगा इसलिए इंग्लैंड के खिलाफ नहीं खेल पाएगा। हमारे पास दूसरे खिलाड़ी उपलब्ध हैं।

## सेमीफाइनल में पहुंच चुके भारत के इरादे दक्षिण कोरिया के खिलाफ जीत की लय कायम रखने के

**रांची।** सेमीफाइनल में पहुंच चुकी भारतीय टीम महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में बृहस्पतिवार को दक्षिण कोरिया के खिलाफ भी अपने अजेय अभियान को बरकरार रखने के इरादे से उतरेगी। भारत छह टीमों की लीग तालिका में 12 अंक लेकर शीर्ष पर है। दक्षिण अफ्रीका भी सेमीफाइनल में पहुंच चुका है जो चार मैचों में सात अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। राउंड रॉबिन लीग से शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल खेलेंगी। भारत ने थाईलैंड (7 –1), मलेशिया (5 – 0), चीन (2 – 1) और जापान (2 – 1) के खिलाफ जीत दर्ज की है। वहीं दक्षिण कोरिया ने दो मैच जीते, एक हारा और एक ड्रॉ खेला। भारत के खिलाफ दक्षिण कोरिया ने अब तक 20 में से 12 मैच जीते हैं। भारत ने पांच मैच जीते और तीन ड्रॉ रहे। पिछली बार दोनों टीमें हांगझोउ एशियाई खेलों में एक दूसरे से खेली थी जो 1–1 से ड्रॉ रहा था। भारत ने पिछले मैच में जापान को 2 –1 से हराया जबकि दक्षिण कोरिया ने थाईलैंड को 3 – 0 से शिकस्त दी। संगीता कुमारी ने टूर्नामेंट में सर्वाधिक चार गोल किए। वहीं भारत के लिए 300वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली वंदना कटारिया ने दो गोल किए हैं। भारत की मुख्य कोच यानेके शॉपमैन ने कहा , टूर्नामेंट में अब तक हमारा सफर शानदार रहा है। खिलाड़ियों ने जबर्दस्त टीमवर्क, कौशल और अनुशासन का प्रदर्शन किया है। हम पूल चरण में अपराजेय रहना चाहेंगे।

## राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण के बाद खाड़े ने घरेलू तैराकी को अलविदा कहा

**पणजी।** भारत के अनुभवी तैराक वीरधवल खाड़े ने राष्ट्रीय खेलों में 50 मीटर फ्रीस्टाइल में स्वर्ण पदक जीतने के बाद घरेलू टूर्नामेंटों को अलविदा कह दिया।

बीजिंग ओलंपिक 2008 के लिए क्वालीफाई करने वाले भारत के सबसे युवा तैराक रहे खाड़े ने भारत के उदीयमान स्टार श्रीहरि नटराज को हराया। खाड़े ने 2010 एशियाई खेलों में 50 मीटर बटरफ्लाई में कांस्य पदक जीतकर भारत का 24 साल का इंतजार खत्म किया था। उन्होंने कहा , मैने 2001 में गोवा में ही अपना पहला राष्ट्रीय पदक जीता था और आज अपने आखिरी राष्ट्रीय खेल में फिर स्वर्ण पदक जीता है। उस समय मैने सोचा भी नहीं था कि यहां तक पहुंचूंगा। मैं अपने कोचों और इस सफर में साथी रहे सभी लोगों को धन्यवाद देता हूं। खाड़े ने चोट के कारण कुछ समय दूर रहने के बाद 2018 में वापसी करके तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया था।

# अर्थव्यवस्था के बाद पदक तालिका में भी पांचवें नंबर पर पहुंचा भारत : प्रधानमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने पैरा एशियाई खेलों में भारत के प्रदर्शन को अभूतपूर्व बताते हुए इसकी तुलना देश की अर्थव्यवस्था में आए बदलाव से की और कहा कि देश पिछले नौ साल में अर्थव्यवस्था में दसवें से पांचवें नंबर पर पहुंचा और आपने भी पदक तालिका में देश को 15वें से पांचवें नंबर पर पहुंचा दिया।

प्रधानमंत्री मोदी ने हांगझोउ पैरा एशियाई खेलों में रिकॉर्ड 111 पदक जीतने वाले भारतीय खिलाड़ियों से कहा , आपके ए 111 पदक दरअसल 140 करोड़ सपने हैं। 2014 में एशियाई पैरा खेलों में भारत के पदकों से यह तीन गुना अधिक है। 2014 में हम पदक तालिका में 15वें स्थान पर थे लेकिन इस बार शीर्ष पांच में हैं। देश पिछले नौ साल में अर्थव्यवस्था में दसवें से पांचवें नंबर पर पहुंचा और आपने भी पदक तालिका में पांचवें नंबर पर पहुंचा दिया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के ताजा आंकड़ों के अनुसार भारत विश्व अर्थव्यवस्था रैंकिंग में अमेरिका, चीन , जापान और जर्मनी के बाद पांचवें स्थान पर है। प्रधानमंत्री ने आगे कहा , मैं आप सभी को बहुत बहुत बधाई देना चाहता हूं। आप लोग चीन में खेल रहे थे लेकिन मैं भी आपके साथ था। मैं हर पल आपकी हर गतिविधि को , आपके प्रयासों को , आपके आत्मविश्वास को यहां बैठे जी रहा था। उनकी सरकार खिलाड़ियों को हरसंभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा , पहले कहा जाता था कि खिलाड़ी सरकार के लिए है लेकिन अब कहा जाता है कि सरकार खिलाड़ियों के लिए है। जब सरकार खिलाड़ियों के संघर्ष और उनके सपनों को समझती है तो इसका सीधा प्रभाव सरकार की नीतियों और सोच में भी दिखता है। देश में अच्छे खिलाड़ी पहले भी थे लेकिन उनका सहयोग करने वाली नीतियां नहीं थी। उन्होंने कहा , पिछले नौ साल में देश उस पुरानी सोच और व्यवस्था से बाहर निकल आया है। आज देश में कई ऐसे खिलाड़ी है जिन पर चार पांच करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। अब सरकार की सोच खिलाड़ियों पर केंद्रित है और आने वाले समय में आपके जैसे कई और विजेता देश को मिलेंगे। उन्होंने कहा , हमारी सरकार आपके साथ है, देश आपके साथ है। अगर आप मरी पड़ी सोच से चलते हैं तो न दुनिया को चला सकते हैं और न ही कोई सिद्धी प्राप्त कर सकते हैं। हम दसवें नंबर की अर्थव्यवस्था से पांच पर पहुंचे और डंके की चोट पर कहता हूं कि इसी दशक में तीन तक पहुंचेंगे। उन्होंने आगे कहा , यह देश 2047 में विकसित भारत बनेगा। अगर दिव्यांग जन सपने पूरे कर सकते हैं तो 140 करोड़ की ताकत यह सपना अधूरा रहने नहीं देगी। उन्होंने विषमता पर विजय पाने वाले दिव्यांग खिलाड़ियों की तारीफ करते हुए कहा , इन खेलों के लिए चुने गए सभी खिलाड़ियों में से कोई जीतकर आया तो कोई सीखकर आया, आपमे से कोई हारकर नहीं आया है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गाँगुली, स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।